धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 188 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 30.8 | 24.5 |
| जमशेदपुर | 32.6 | 24.0 |
| डालटनगंज | 32.4 | 23.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

*

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,300 |
| चांदी (किलो) | 96,000 |

## न्यूज इन ब्रीफ



### पहला टेस्ट : भारत के शेर 46 पर ढेर

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला आत्मघाती साबित हुआ. पूरी भारतीय टीम 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई. न्यूजीलैंड ने इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने तक 50 ओवर में 3 विकेट पर 180 रन बनाकर 134 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है.

-पूरी खबर खेल पेज पर

### अब 60 दिन पहले ही बुक होंगे रेल टिकट

**नयी दिल्ली।** ट्रेनों में टिकट की बुकिंग कराने के लिए 120 दिन पहले टिकट बुक कराने का नियम है, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत यात्रियों को 60 दिन पहले ही टिकट को बुक कराना पड़ेगा. यह नई व्यवस्था एक नवंबर से प्रभावी हो जाएगी. रेल मंत्रालय की ओर से गुरुवार को इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है.

### शेयर बाजार में फिर डूबे छह लाख करोड़

**मुंबई।** शेयर बाजार में गुरुवार आईटी को छोड़ कर बाकि सभी सेक्टर ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विसेज और फार्मा पर दबाव रहा। कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,006.61 पर बंद हुआय वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 221.45 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के बाद 24,749.85 पर बंद हुआ. कारोबारी सत्र में निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपए फिर डूब गए.

### कोलकाता में डॉक्टरों की भूख हड़ताल जारी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर संग हुए दुष्कर्म और हत्या मामले को लेकर जूनियर डॉक्टरों की 13वें दिन भी भूख हड़ताल जारी रही. आठ डॉक्टर (कोलकाता में सात और दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी में एक) अनशन जारी रखने पर अड़े हुए हैं और सरकार के लिए चुनौती बने हुए हैं. उनका आरोप है कि सरकार ने अभी तक उनकी मांगों को स्वीकार नहीं किया है.

### नांदेड़ सीट पर कांग्रेस ने घोषित किया उम्मीदवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट पर लोकसभा उपचुनाव के लिए कांगेस ने रविंद्र वसंतराव चव्हाण को उम्मीदवार बनाया है. वो कांग्रेस के दिवंगत सांसद वसंतराव बलवंत राव चव्हाण के बेटे हैं. उनके निधन के बाद ये सीट खाली हो गई. वसंतराव ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रतापराव गोविंदराव चिखलीकर को हराया था. नांदेड़ सीट पर 2019 में चिखलीकर को जीत मिली थी जिसके बाद बीजेपी ने उनका टिकट दोहराया था लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा.

### फिर ट्रेन हुई बेपटरी कोई हताहत नहीं

**गुवाहाटी।** असम के डिबालेंग स्टेशन पर अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनस डिरेल हो गई है. भारतीय रेलवे के मुताबिक, ट्रेन के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए. हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी को कोई चोट आई है. रेलवे ने बताया, 12520 अगरतला - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, जो सुबह अगरतला से रवाना हुई थी.

**झारखंड का रण**

**रवि भारती। रांची।** एनडीए फोल्डर में सीट शेयरिंग से पहले ही एक्शन, इमोशन और ड्रामा से भरपूर पिक्चर दिख रही है. राजनीतिक गलियारों में कयासों का बाजार गर्म है. समीकरण पर समीकरण सेट हो रहे हैं. किसका पत्ता कटेगा, किसको टिकट मिलेगा, इसकी चर्चा जारी है. अब तक एनडीए ने सीट शेयरिंग की आधिकारिक घोषणा नहीं की है. कयासों और सोशल मीडिया पर ही वायरल हो रही एनडीए प्रत्याशियों, खासकर भाजपा प्रत्याशियों की सूची के आधार पर ही टिकट के दावेदारों के बीच एक्शन, इमोशन, ड्रामा देखने को मिल रहा है. कहीं गठबंधन की सहयोगी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खुल गया है, तो कहीं भाजपा के नेता-कार्यकर्ताओं की आपस में ही गुत्थम-गुत्थी हो रही है.

# सीट शेयरिंग से पहले ही दलों में... एक्शन, इमोशन और ड्रामा

### ईचागढ़ के भाजपाई कर रहे आजसू का विरोध

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सीट शेयरिंग व प्रत्याशियों के नाम को ही सही मानकर अनुशासन के लिए जानी जानेवाली भाजपा के कार्यकर्ता बिदक गये हैं. ईचागढ़ सीट को भाजपा का गढ़ बताते हुए नेता-कार्यकर्ता यह सीट आजसू के खाते में जाने की वायरल सूचना के आधार पर ही आजसू का विरोध शुरू कर दिया है. भाजपा कार्यकर्ताओं ने आजसू के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. मलखान सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की. सीट को लेकर इस तरह का समझौता नहीं करने की अपील की. कहा कि कार्यकर्ताओं ने इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की पूरी तैयारी कर रखी है. फिलहाल प्रदेश भाजपा के आला नेता कार्यकर्ताओं की नाराजगी को दूर करने में लगे हुए हैं.

### एक्शन में चंदनक्यारी के आजसू नेता उमाकांत रजक

आजसू के प्रधान महासचिव हर हाल में चंदनक्यारी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं. उन्होंने शुभम संदेश को बताया कि हम चंदनक्यारी सीट से ही चुनाव लड़ेंगे. पार्टी कोई भी हो सकती है. सूचना यह भी आ रही है कि वे झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. वैसे चंदनक्यारी की तरह ही पलामू की हुसैनाबाद सीट से चुनाव की तैयारी कर रहे आजसू नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता भी रजक की राह चल सकते हैं. ऐसे में एक ओर जहां आजसू सुप्रीमो का सिरदर्द बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर भाजपा नेतृत्व की भी परेशानी बढ़ेगी.

### दुमका में आपस में ही भिड़े भाजपाई, चाकूबाजी भी हुई

सोशल मीडिया पर भाजपा प्रत्याशियों की सूची वायरल हुई, तो पार्टी के वैसे नेता एक्टिव हो गए, जो चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं. नेता एक्टिव हुए, तो कार्यकर्ता भला कैसे पीछे रहते. लेकिन आपाधापी में पूर्व सांसद सुनील सोरेन और पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के समर्थक आपस में ही उलझ गए. बताया जाता है कि दुमका सीट से टिकट के लिए दोनों दावेदार हैं. लेकिन उनके समर्थक वायरल सूची को ही देखकर अपनी दावेदारी मजबूत बताते हुए एक-दूसरे को चुनौती दे डाली. दुमका के इंदिरा नगर के जरवाडीह मुहल्ले में सुनील और लुईस के समर्थक आपस में भिड़ गये. चाकूबाजी तक हो गई. आरोप है कि पूर्व सांसद सुनील सोरेन के समर्थकों ने लुईस मरांडी के समर्थक अनुज सिंह पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है.



चाकूबाजी में घायल कार्यकर्ता.

### रांची- हटिया को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज



सीपी सिंह



नवीन जायसवाल



अजयनाथ शाहदेव

रांची और हटिया सीट को लेकर भाजपा के नेता-कार्यकर्ता अब तक सस्पेंस में हैं. वैसे सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों की जो सूची वायरल है, उसे ही सही मानकर नेता-कार्यकर्ता कुछ ज्यादा ही एक्टिव हो गए हैं. हालांकि चुनाव तैयारी में लगे नेता सोशल मीडिया पर वायरल सूचना का खंडन भी कर रहे हैं. वैसे वायरल सूचना में बताया जा रहा है कि नवीन जायसवाल को रांची से चुनाव लड़ाने की तैयारी है. मौजूदा विधायक सीपी सिंह का पत्ता कट सकता है. इस सूचना से कार्यकर्ताओं में उबाल है. रांची से कई भाजपा नेताओं ने अपनी दावेदारी ठोंकी है. उधर हटिया सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में अजयनाथ शाहदेव का नाम वायरल होने पर पार्टी के कार्यकर्ता असमंजस की स्थिति में हैं. हालांकि खुद अजय शाहदेव ने एक न्यूज चैनल से बातचीत करते हुआ दावा किया है कि वे कांग्रेस में ही हैं. इधर -उधर जाने की बात सही नहीं है.

### आजसू-भाजपा के कुछ नेता झामुमो-कांग्रेस के संपर्क में भी

सोशल मीडिया पर आजसू और भाजपा के कुछ नेताओं के झामुमो-कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के संपर्क में रहने की सूचना भी वायरल हो रही है. सोशल मीडिया पर आजसू नेता जितेंद्र सिंह के कांग्रेस के संपर्क में होने की सूचना वायरल हो रही है. वही हटिया इलाके से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुकीं एक महिला नेत्री के भी कांग्रेस के संपर्क में होने की सूचना वायरल हो रही है. वैसे तो भाजपा के एक दिग्गज नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय के भी झामुमो के संपर्क होने की सूचना वायरल हो रही है. हालांकि रवींद्र राय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही इस तरह की सूचना का खंडन किया है.



## पहले चरण की 43 सीटों के लिए नामांकन आज से



गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार.

**शुभम किशोर। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होगा. इसी कड़ी में गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रेसवार्ता की.

उन्होंने बताया 18 अक्टूबर से राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. पहले चरण के लिए शुक्रवार से 43 सीटों पर नॉमिनेशन कि प्रक्रिया शुरू होगी. 25 अक्टूबर को नॉमिनेशन की अंतिम तिथि होगी. 28 को स्क्रूटनी की जाएगी. 30 अक्टूबर को नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा. नॉमिनेशन दिन के 11 बजे से 3 बजे तक होगा. छुट्टी के दिन नामांकन नहीं होगा. उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे. नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि में सिर्फ तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी. प्रत्याशी के साथ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे. नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा. हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी, वहीं एससी / एसटी के लिए यह राशि 5 हजार रुपए होगी. शपथपत्र में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से भरना होगा. अपने आपराधिक मामलों की जानकारी कम से कम 3 अखबारों में विज्ञापित करानी होगी. उसे अपने सोशल मीडिया पर भी जारी करना होगा. कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें.

**पहले चरण में इन 43 सीटों पर होगा मतदान**

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा. इनमें कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं.

**आर्ट 81 का उद्घाटन आज :** मतदाता जागरूकता के लिए दो दिनी कार्यक्रम आर्ट 81 शुक्रवार को 11 बजे से शुरू होगा. जयपाल स्टेडियम में इस महोत्सव में 81 कलाकार झारखंड की 81 सीटों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. मौके पर कई सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी. कुमार ने सभी वोटरों को न्यौता देते हुए सपरिवार आने की अपील की. कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपए के अवैध सामान व नकदी जब्त हुए हैं. इस दौरान संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक जनसंपर्क आनंद मौजूद भी थे.

**धारा 6ए पर सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठ का फैसला**


## संवैधानिक है नागरिकता कानून बांग्लादेशियों को मिलेगी 'पहचान'

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिकता पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने 4:1 से 6ए की संवैधानिकता को बरकरार रखा है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच में सूर्य कांत, एमएम सुरेश, जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे.

बेंच के एकमात्र जज पारदीवाला ने ही इस धारा को असंवैधानिक माना. कोर्ट ने कहा, असम अकॉर्ड अवैध प्रवासियों की समस्या का राजनीतिक हल था, जबकि धारा 6ए एक विधाई समाधान था. असम की आबादी को ध्यान में रखते हुए ये प्रावधान करना सही था. बहुमत से फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा, बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करने वाले राज्यों में असम को अलग तरह से देखना सही था, क्योंकि यहां की स्थानीय में अप्रवासी प्रतिशत ज्यादा है. बंगाल में 57 लाख अप्रवासी, जबकि असम में 40 लाख बसे हैं. फिर भी असम की कम आबादी को देखते हुए ऐसा करना सही था, क्योंकि बंगाल की तुलना में असम का जमीनी इलाका कम है. कोर्ट ने माना, 25 मार्च 1971 की कट-ऑफ डेट लगाना सही था.

**इस फैसले का असर क्या :** चूंकि, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 6ए की संवैधानिकता को बरकरार रखा है, इसलिए बांग्लादेश से आकर असम में बसे लोगों पर इसका असर नहीं होगा. 1 जनवरी 1966 से पहले आए लोग अब भी भारतीय नागरिक ही माने जाएंगे. 1 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1971 के बीच बांग्लादेश से आए लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं. जबकि, 25 मार्च 1971 के बाद आए अप्रवासियों की पहचान करने का काम जारी रहेगा और उन्हें वापस भेजा जाएगा. हालांकि, अगर धारा 6ए को अवैध घोषित कर दिया जाता तो 1966 से पहले बांग्लादेश से आकर असम में बसे लोगों की भारतीय नागरिकता चली जाती और उन्हें विदेशी माना जाता.



**क्या है धारा 6ए :** 1979 में असम से अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने की मांग पर ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन ने आंदोलन शुरू किया. छह साल बाद 1985 में समझौता हुआ, जिसे असम अकॉर्ड कहा जाता है. ये समझौता केंद्र सरकार, असम और आंदोलनकारियों के बीच हुआ था.

### बहराइच हिंसा में 5 गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

**बहराइच।** यूपी के बहराइच स्थित महाराजगंज में हुए हत्याकांड में शामिल पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसमें दो लोगों को मुठभेड़ के दौरान पैरों में गोली लगी है. दोनों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या करने के मामले में गुरुवार को बहराइच पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया. उनके नाम मो. फहीन, तालीम उर्फ सबलू, मो. सरफराज, अब्दुल हमीद और मो. अफजल हैं. डीजीपी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों की निशानदेही पर मर्डर में प्रयुक्त हुए हथियार की बरामदगी के लिए पुलिस टीम उन्हें लेकर गई थी. इसी दौरान उन्होंने वहां रखे हथियारों से पुलिस पर फायरिंग कर दी. जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों को गोली लगी है, जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि मर्डर में इस्तेमाल किए गए हथियार को बरामद कर लिया गया है.

## नायब बने हरियाणा के सीएम

**पीएम मोदी, शाह समेत कई नेता रहे मौजूद, अनिल विज समेत 13 नेता बने मंत्री**

**एजेंसियां। पंचकूला**

हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बन गई है. नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली. उन्हें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई.

नायब सिंह सैनी के अलावा अनिल विज ने मंत्री पद की शपथ ली है. इसके अलावा कृष्ण लाल पंवार, राव नरबीर सिंह, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी और आरती सिंह राव ने मंत्री पद की शपथ ली. नायब सिंह सैनी ने शपथ लेने से पहले पंचकूला स्थित माता मनसा देवी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया.पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित दशहरा मैदान में हुए नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और अन्य सीएम, डिप्टी सीएम, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के तमाम नेता मौजूद हैं. हरियाणा में 5 अक्टूबर को एक चरण में विधानसभा चुनाव हुए थे, जिसमें भाजपा ने 90 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की थी, वहीं कांग्रेस ने 37 सीट पर जीत दर्ज की थी.



शपथ लेने के बाद पीएम मोदी का अभिवादन करते नायब सिंह सैनी.

## हरियाणा ने देश बचा लिया

**प्रसंगवश**



**बैजनाथ मिश्र**

वरिष्ठ पत्रकार और झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव संपन्न हो गये. नतीजे भी आ गये. जम्मू-कश्मीर में चुनाव परिणाम अनुमानित लाइन पर रहे. घाटी और जम्मू के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नेशनल कांफ्रेंस का जलवा रहा. हिंदू बहुल सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया. हिंदू बहुल सीटें कुल 30 ही हैं. उनमें से भाजपा ने 26 जीत लीं. तीन सीटें उसने मुस्लिम इलाकों में बहुकोणीय संघर्ष में निकालीं. कांग्रेस कुल जमा छह सीटें ही जीत पाई. हिंदुओं के इलाके में वह शून्य ही रही. उसे जो सीटें मिली भी हैं वे एनसी की कृपा से. चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के साथी उमर अबदुल्ला बार-बार कह रहे थे कि राहुल गांधी जम्मू में क्यों नहीं प्रचार कर रहे हैं. लेकिन सबको पता था कि निर्वाचन क्षेत्र दलीय आधार पर बंट चुके हैं और कांग्रेस पूरी तरह से नेशनल कांफ्रेंस पर निर्भर है. यहां महबूबा मुफ्ती की पीडीपी का लगभग सफाया हो गया है. इंजीनियर राशिद की पार्टी भी कुछ नहीं कर पायी है. अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी खेत रहे हैं. ध्रुवीकरण चुनाव परिणामों पर इशारा कर रहे हैं. बावजूद इसके चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए. आतंकियों और स्लीपर सेल की एक न चली. यह बड़ी सफलता है. अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी यह चुनाव देखा. इससे कश्मीर पर फिजूल की टोलाबाजी करनेवाले पाकिस्तान की शैतानी फितरत काफूर हो गई है. अब राज्य सरकार की कमान उमर अबदुल्ला के हाथ में रहेगी. उन्हें अपने बूते 42 सीटें मिली हैं. कांग्रेस की छह और कुछ निर्दलीयों के सहारे वह पूर्ण बहुमत की सरकार चलायेंगे. लेकिन क्या वह केंद्र से पंगा लेने की हिमाकत भी करेंगे ? पंगा इस अर्थ में कि क्या वह राज्य का अलग निशान (झंडा) लगाने की जिद करेंगे ? क्या वह धारा 370 और 35 (ए) की वापसी की मांग करेंगे और अपने पिता फारुक अबदुल्ला की मानते हुए सदर-ए-रियासत की भी हांक लगायेंगे ? ऐसा कुछ भी हुआ तो केंद्र जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में आनाकानी करेगा और वर्तमान परिस्थितियों में राज्य की हैसियत वही है जो दिल्ली की है. यानी उपराज्यपाल के हाथ में ही अभी व्यावहारिक सत्ता है. केंद्र कदापि नहीं चाहेगा कि पुलिस प्रमुख, आला अधिकारियों की नियुक्ति और संवेदनशील जगहों पर सेना तथा सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति का अधिकार तत्काल मुख्यमंत्री को मिल जाये. यानी झेलम में अभी बहुत पानी बहना है और यदि उमर निरापद काम करना चाहते हैं तो उन्हें अपनी अकड़ ढीली करनी पड़ेगी. राज्य ने बहुत कुछ सहा है, झेला है. कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का सवाल मुंह बाये खड़ा है. अच्छा होगा कि अब्दुल्ला अपनी हेकड़ी छोड़ नाजायज मांगों को ताक पर रखकर केंद्र से तालमेल कर सरकार चलायें और राज्य की सूरत और सीरत बदलें. पुराने अनुभवों के मद्देनजर केंद्र अबदुल्ला को खुली छूट नहीं दे सकता. संभव है रक्तपिपासुओं की जिह्वा लपलपा रही हो, कुछ मनचलों की भुजाएं हथियार उठाने के लिए फड़फड़ा रही हों. कुछ की आंखों में स्कूलों-कॉलेजों में पढ़ाई-लिखाई खटक रही हो. अब यह सब कुछ देखने की जिम्मेदारी नये मुख्यमंत्री की होगी. अब दिल्ली में डरपोक या समझौतावादी सरकार नहीं है. इसलिए जेल में बंद पत्थरबाजों और आतंकियों की रिहाई का वायदा भी उमर अबदुल्ला पूरा करने के लिए मचल पड़े तो टकराव होगा. उम्मीद है कि उमर समझदारी दिखायेंगे.

-शेष पेज 7 पर

**राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किया दिशा-निर्देश**

## दिवाली-छठ पर सिर्फ दो घंटे ही आतिशबाजी की इजाजत

**संवाददाता। रांची**

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दिवाली, छठ व गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय तय कर दिया है. इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी हो सकेगी, जबकि क्रिसमस व न्यू ईयर पर इसके लिए 35 मिनट का समय मिलेगा.

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे लेकर दिशा-निर्देश बनाए हैं. इसके अनुसार, दीपावली की रात को आठ से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी. छठ के दिन सुबह छह से आठ, गुरु पर्व पर रात आठ से दस तथा क्रिसमस एवं नववर्ष पर 31 दिसंबर की रात 11 बज कर 55 मिनट से 12:30 बजे तक ही आतिशबाजी की इजाजत होगी. हाईकोर्ट ने भी को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रांची में शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया था. हाईकोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश भी जारी किया था. बोर्ड ने एनजीटी की ओर से पारित आदेश पर आतिशबाजी के लिए मापदंड तय किए हैं. राज्य के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा है, वहां तय समय पर ही पटाखे चलाये जा सकेंगे. पटाखों की बिक्री पर भी निर्देश दिए गए हैं. निर्देश के अनुसार, र 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी. साइलेंट जोन में 100 मीटर की परिधि में आतिशबाजी पर रोक रहेगी. निर्देशों का उल्लंघन करने पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी.



## राजनीतिक गलियारों में चर्चा और कयासों का बाजार गर्म

# झारखंड विस चुनाव : जितनी मुंह उतनी बातें बनाये और बिगाड़े जा रहे राजनीतिक समीकरण

### भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के झामुमो में शामिल होने की अटकलें

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक पारा चढ़ गया है. चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद सियासी हलचल तेज हो गयी है. एनडीए और इंडी गठबंधन की सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों की अधिकारिक घोषणा के पहले राजनीतिक गलियारों में चर्चा और कयासों का बाजार भी गर्म है. जितनी मुंह उतनी बातें हो रही हैं. सोशल मीडिया पर नये-नये राजनीतिक समीकरण बनाये और बिगाड़े जा रहे हैं. नेताओं का पाला बदलने का दौर जारी है. अटकलों का बाजार भी गर्म हो गया है. इस बीच सोशल मीडिया के जरिये तेजी से खबर सामने आ रही है कि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलेंगे. इस वायरल सूचना के दिनभर कई मायने निकाले जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि राय सीएम हेमंत से मिलने के बाद झामुमो के हो जाएंगे.



### क्या आजसू नेता जीतेंद्र सिंह भी पार्टी को करेंगे बॉय-बॉय

सोशल मीडिया पर आजसू पार्टी के नेता जीतेंद्र सिंह की आजसू छोड़ने की खबर तेजी से वायरल हो रही है. कहा जा रहा है कि वे अब कांग्रेस का दामन थामेंगे और हटिया से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं. इससे पहले वे 2009 में निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं. वहीं आजसू के प्रधान महासचिव उमाकांत रजक के झामुमो से टिकट मिलने की चर्चा जोरों पर है.

### राज्य के हर विस सीट से दलबदल की सूचना हो रही वायरल

राज्य की वैसी हर विधानसभा सीट से राजनीतिक पार्टियों के वैसे नेताओं की दलबदल की सूचनाएं तेजी से वायरल हो रही हैं, जो कहीं न कही टिकट की आस लगाए बैठे थे. बोकारो जिला के चंदनक्यारी, पलामू के हुसैनाबाद, कोल्हान के जगन्नाथपुर, जमशेदपुर पूर्वी, रांची संसदीय के हटिया, कांके, रांची, ईचागढ़ जैसी कई विस सीटें हैं, जहां बड़ी पार्टियों के अलावा क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टियों के नेता सीट शेयरिंग व प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं. जैसे ही आधिकारिक घोषणा होगी, वैसे ही दलों में दिल टूटेंगे, मनभेद के साथ मतभेद बढ़ेगा, इधर-उधर भागा-भागी भी होगा. यानि दलबदल भी तेजी से होगा, यह तो तय है. पार्टियों में बवाल भी मचेगा. हंगामा भी बरपेगा.

### इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग की भी सूचना वायरल

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग की भी सूचना तेजी से वायरल हो रही है. जबकि रांची में 18 अक्तूबर को बैठक होनी है. लेकिन सूचना यह आ रही है कि झामुमो अपने कोटे की चार सीट माले को देगा. कांग्रेस अपने कोटे की छह सीटें राजद को देगी. चर्चा यह भी है कि इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग फाइनल हो चुका है. हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गयी है.

## दुमका में भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़े, गाली-गलौज, मारपीट, चाकूबाजी

**संवाददाता। दुमका**

भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा के पहले ही दुमका में पार्टी के नेता-कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये. पूर्व सांसद सुनील सोरेन व पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के समर्थक एक- दूसरे को गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे. हंगामा इतना बढ़ा की सुनील समर्थकों ने लुईस समर्थक को चाकू मार कर घायल कर दिया. जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया में वायरल सूची में सुनील सोरेन को दुमका विधानसभा से प्रत्याशी दर्शाया गया है, जिसके आधार पर एक तरफ जहां सुनील सोरेन के समर्थक अति उत्साहित नजर आ रहे हैं, वहीं पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के समर्थकों में निराशा देखी जा रही है.

### दुमका का जरवाडीह मोहल्ला बना भाजपाइयों का रणक्षेत्र

दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच सोशल मीडिया पर भी जंग छिड़ी हुई है. जानकारी के अनुसार शहर के जरवाडीह मोहल्ले में बुधवार देर रात वायरल सूची के आधार पर सुनील सोरेन और लुईस मरांडी समर्थकों के बीच तीखी बहस हो गई. पूर्व सांसद सुनील सोरेन के समर्थक सीताराम मिश्रा और पूर्व मंत्री लुईस मरांडी के समर्थक अनुज सिंह आपस में भिड़ गये. दोनों के बीच तीखी बहस हुई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक नौबत आ गयी. आरोप है कि सीताराम मिश्रा ने वायरल सूची में सुनील सोरेन को दुमका विधानसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी का इजहार करते हुए लुईस मरांडी के बारे में अनर्गल बातें बोल दीं. इससे वहां मौजूद अनुज सिंह भड़क गये और सीताराम का जमकर विरोध कर दिया. गाली-गलौज भी हुई. फिर क्या था, गुस्से में सीताराम मिश्रा और उसके बेटे ने अनुज सिंह के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया. घटना के बाद परिजन अनुज सिंह को लेकर फूलोझानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया. परिजन अनुज सिंह को लेकर दुर्गापुर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने स्थिति खतरे से बाहर बतायी है. दुर्गापुर में इलाज के बाद अनुज सिंह को वापस दुमका लाया गया. फिलहाल वह अपने घर में हैं.

## प्रदेश कार्यालय पहुंच भाजपाइयों ने किया विरोध-प्रदर्शन, कहा- भाजपा ही लड़े चुनाव

# आजसू पार्टी को ईचागढ़ सीट दिए जाने का भाजपा में तीव्र विरोध

**दिलीप कुमार। चांडिल/रांची**

सीट शेयरिंग और प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होने के पूर्व ईचागढ़ भाजपा में घमासान मच गया है. संभावना और उड़ती खबरों के एनडीए गठबंधन में ईचागढ़ विधानसभा सीट आजसू पार्टी को मिल रहा है. ऐसी संभावना के मद्देनजर भाजपा के अंदर खलबली मच गई. चुनाव लड़ने की तैयारी किए नेताओं को संगठन का यह फैसला मंजूर नहीं है. भाजपा नेताओं का कहना है कि भाजपा का ईचागढ़ में राजनीतिक बुनियाद मजबूत है. यहां पार्टी का उम्मीदवार दो बार प्रतिनिधित्व कर चुका है. बिना गठबंधन के भी भाजपा ईचागढ़ में जीत रही है. गठबंधन में एनडीए में ईचागढ़ सीट आजसू पार्टी को देने की संभावना के बाद ईचागढ़ के भाजपाई गुरुवार को बड़ी संख्या में प्रदेश कार्यालय पहुंचे और ईचागढ़ सीट आजसू पार्टी को देने का विरोध किया. भाजपा नेता विनोद राय और अंकुर सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई प्रदेश कार्यालय पहुंचे और ईचागढ़ निर्वाचन क्षेत्र को भाजपा का पुश्तैनी सीट बताते हुए यह सीट किसी अन्य सहयोगी पार्टी को देने के बजाय भाजपा का ही उम्मीदवार देने की मांग की. विरोध करने पहुंचे भाजपाईयों में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडल अध्यक्षों के अलावा कई नेता शामिल थे. नेताओं का कहना है कि आखिर भाजपा किस आधार पर आजसू पार्टी को ईचागढ़ का सीट दे रही है. ईचागढ़ में भाजपा ही चुनाव जीत सकती है. वहीं दूसरी ओर इसको लेकर आजसू पार्टी में किसी प्रकार का कोई प्रतिक्रिया नहीं है. सूत्रों के अनुसार आजसू पार्टी का मानना है कि ईचागढ़ में उनका संगठन भाजपा के संगठन से मजबूत स्थिति में है. अलग-अलग चुनाव लड़ने पर आजसू पार्टी हमेशा भाजपा पर भारी पड़ा है.



प्रदेश कार्यालय में जुटे भाजपाई

### समर्थकों के साथ रांची पहुंचे जगत माझी, मनोहरपुर सीट से टिकट की दावेदारी की

**नीतीश ठाकुर। गोइलकेरा**

सिंहभूम की सांसद जोबा माझी के पुत्र झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता जगत माझी ने मनोहरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंक चुनावी समर में कूद गए हैं. गुरुवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची पहुंचे जगत माझी ने मनोहरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई. झारखंड मुक्ति मोर्चा में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है. आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है. दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है. मैंने मनोहरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है. पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा. मनोहरपुर से पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसकी जीत सुनिश्चित करेंगे. दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस मौके पर गोइलकेरा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, गुदड़ी प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ़, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, रोलेन बरजो, संजीव गंताईत, सुरेश सुरीन, बंधना उरांव, उदय माझी, संतोष मिश्रा, हेमचंद महतो, दिनेश गुप्ता, प्रिंस खान, सागर महतो, बजरंग प्रसाद, बिट्टू महतो, दुनु लोमगा, राजेंद्र चाम्पिया सहित अन्य मौजूद रहे.



दिशोम गुरु शिबू सोरेन से लिया आशीर्वाद

## फ्लैश बैक: बालजीत राम ने राजद प्रत्याशी के रूप में जीती थी सीट

# 1995 में राजद ने लातेहार विधानसभा सीट पर अपना खाता खोला था

- राजद ने दिये हैं दो विधायक
- अंतिम बार 2005 में बना था राजद का विधायक

**आशीष टैगोर। लातेहार**

वह दौर 1995 का था, जब अविभाजित बिहार में लालू प्रसाद यादव व राजद की प्रचंड लहर चल रही थी. झारखंड क्षेत्र में भी लालू प्रसाद यादव खासे लोकप्रिय हो गये थे. उनकी रैली व सभाओं में हजारों लोग उमड़ते थे. जब तक रहेगा समोसे में आलू, तब तक रहेगा बिहार में लालू का स्लोगन खूब प्रचलित था. जब 1995 के विधानसभा चुनाव हुए तो राजद ने लातेहार विधानसभा सीट से बालजीत राम को टिकट दिया. बालजीत राम ने राजद नेतृत्व का भरोसा नहीं तोड़ा. उन्होने कांग्रेस के दिग्गज विधायक हरिदर्शन राम को 1042 वोटों से हरा दिया और लातेहार विधानसभा क्षेत्र में राजद का खाता खोला. साल 2000 में झारखंड का गठन हुआ.

झारखंड के पहले विधानसभा चुनाव 2000 में हालांकि राजद के प्रकाश राम को हार का सामना करना पड़ा था. इस चुनाव में जदयू के बैद्यनाथ राम ने राजद के प्रकाश राम को हराया था. लेकिन 2005 के विधानसभा चुनाव में राजद के प्रकाश राम ने अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी जेएमएम के रामदेव गंझू को हरा कर लातेहार विधानसभा में दूसरी बार राजद का परचम लहराया. इस चुनाव में विधायक बैद्यनाथ राम तीसरे स्थान पर खिसक गये थे. लेकिन इसके बाद से लातेहार में राजद को खाता नहीं खुल पाया है.

2009 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के बैद्यनाथ राम ने एक बार फिर राजद के प्रकाश राम को हराया. साल 2014 के चुनाव से ठीक पहले राजद के प्रकाश राम राजद छोड़ कर झाविमो में शामिल हो गये. राजद ने विजय कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया. विजय कुमार 4,916 मत ला कर चौथे स्थान पर रहे. झाविमो के प्रकाश राम भाजपा के बृजमोहन राम को हरा कर विधायक चुने गये थे. साल 2019 के विधानसभा चुनावों में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से राजद का कोई प्रत्याशी नहीं था.



### राजद अपना प्रत्याशी उतारने के मूड में

आसन्न विधानसभा चुनाव में राजद जिले के लातेहार व मनिका दोनों विधानसभा सीटों में अपना प्रत्याशी खड़ा करने के मूड में है. विगत दिनों राजद जिला कमेटी की एक बैठक यहां आयोजित की गयी थी. इस बैठक में दोनों विधानसभा सीटों में राजद का प्रत्याशी खड़ा करने की मांग प्रदेश नेतृत्व से की गयी. कहा गया कि अगर गठबंधन के तहत इन दोनो विधानसभा सीटों पर राजद का प्रत्याशी नहीं दिया जाता है तो वे अपना प्रत्याशी खड़ा कर दोस्ताना संघर्ष करेंगे.

## एनडीए फोल्डर में भाजपा सहित चार दल मिलकर लड़ेंगे चुनाव

# झारखंड चुनाव में लोजपा को एक सीट देने पर बनी सहमति

**संवाददाता। रांची**

अब झारखंड में एनडीए फोल्डर में बीजेपी सहित चार दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे. गुरुवार को असम के सीएम सह बीजेपी झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और लोजपा(आर) के प्रमुख चिराग पासवान के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई. यह चर्चा विशेष विमान में हरियाणा में सीएम के शपथ ग्रहण में जाने के दौरान हुई. जानकारी के अनुसार, लोजपा (आर) को एक सीट देने पर सहमति बनी है. जबकि लोजपा(आर) की ओर से कम से कम तीन सीटों की डिमांड की गई है. इससे पहले रांची में हिमंता ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि लोजपा को कम से कम एक सीट पर मनाने की कोशिश की जा रही है. इससे पहले बुधवार को लोजपा(आर) के दो सांसदों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा से नई दिल्ली में मुलाकात की थी.



▪ चिराग और हिमंता के बीच बातचीत में बनी सहमति

# मंईयां सम्मान योजना बनी अपमान योजना : बाबूलाल मरांडी

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

### अब आ गई है परिवर्तन की बेला

भाजपा प्रदेश अध्यलक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है. पिछले 5 साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की गई, लेकिन मंईयां सम्मान योजना, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है.

प्रदेश में आए दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है. कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिए भी पैसे लिये जा रहे हैं.


माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है. इसी को आगे बढ़ाते हुए हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे महिलाओं का अपमान किया जा सके. माताओं-बहनों को ठगा जा सके. उनके अधिकारों को छीना जा सके और उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके. अब परिवर्तन की बेला आ गई है. माताओं बहनों के नाम पर योजनाएं चलाकर पैसे वसूलने के आपके इरादों को भी जनता ने समझ लिया है, जिसका परिणाम आगामी चुनाव में आपको देखने को मिलेगा.

## आकलन | प्रति एक हजार पुरुष मतदाता के अनुपात में महिला वोटरों की संख्या है 981

# झारखंड में महिला वोटरों की ताकत बढ़ी, 81 में से 32 सीटों पर निर्णायक भूमिका में

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में विधानसभा के चुनावी जंग में इस बार महिलाएं बड़ी 'शक्ति' होंगी. वोटर लिस्ट के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं. राज्य में वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं के अनुपात में महिलाओं की संख्या 914 थी. इस बार प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं के अनुपात में महिलाओं की तादाद 981 है. हाल में हुए लोकसभा चुनाव के बाद भी राज्य में महिला मतदाताओं की संख्या और अनुपात में उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है. मई-जून में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या 963 थी. अब प्रति हजार पुरुष मतदाता पर 18 और महिलाएं बढ़ गई हैं. वोटर लिस्ट के अनुसार, राज्य में पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या 1 करोड़ 31 लाख 44 हजार 236 है. जबकि, महिला मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 28 लाख 99 हजार 19 है. राज्य की 81 में से 32 सीटें ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की तादाद पुरुषों से ज्यादा हैं. इन सीटों में बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, सरायकेला, खरसावां, चाईबासा, मझगांव, जगरनाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, तमाड़, खिजरी, हटिया, कांके, मांडर, तोरपा, खूंटी, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा और मनिका शामिल हैं.



### महिलाओं में बढ़ी जागरूकता

दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि जिन 32 सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है, उनमें से 28 सीटें अनुसूचित जनजाति या अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित हैं. कोल्हान प्रमंडल की मझगांव सीट पर पुरुष मतदाताओं के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या नौ हजार और जगरनाथपुर सीट पर करीब आठ हजार ज्यादा है. आठ विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में चार से सात हजार ज्यादा है. इस तरह करीब 40 फीसदी सीटों पर महिला मतदाता संख्या के लिहाज से निर्णायक भूमिका में होगीं. 18-19 साल आयु वाले नए मतदाताओं की संख्या पर निगाह डालें तो यहां भी महिलाएं आगे निकल गई हैं. राज्य में इस आयु वर्ग के पुरुष मतदाता 5 लाख 18 हजार 319 हैं, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 लाख 65 हजार 818 है. हिसाब लगाएं तो नए मतदाताओं में 56 प्रतिशत महिलाएं और 44 प्रतिशत पुरुष हैं. चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था इलेक्शन वॉच के प्रदेश संयोजक सुधीर पाल कहते हैं, आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि झारखंड की महिलाओं में मताधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ी है. खास तौर पर जनजातीय इलाकों में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ना उत्साहजनक संकेत है.

# झारखंड विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं की केंद्रीय टीम उतारी

**विशेष संवाददाता। रांची**

### कांग्रेस ने तीन वरिष्ठ नेता को को-ऑर्डिनेटर बना कर भेजा गया

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने भी पूरी तरह से कमर कस ली है. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेताओं का मार्गदर्शन करने के साथ ही साथ चुनावी गतिविधियों की मॉनिटरिंग के लिए कांग्रेस ने अपनी केंद्रीय टीम को मैदान में उतार दिया है. पहले से ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर हैं, वहीं जम्मू-कश्मीर में चुनाव की घोषणा होते ही दो सह प्रभारी बना दिये गये. इसमें सांसद सत्यगिरि उल्का और बेला प्रसाद शामिल हैं. इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने अपने तीन वरिष्ठ नेता तारिक अनवर, अधीर रंजन चौधरी और भट्टी विक्रमर्का मालू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया. इधर गुरुवार को कांग्रेस ने अपने तीन और वरिष्ठ नेता को चुनाव रणक्षेत्र में रणनीति तैयार करने के लिए उतारा है. इनमें झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रभारी रह चुके बीके हरिप्रसाद, गौरव गोगोई ओर मोहन मार्कम को कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है. इसके अतिरिक्त पूर्व से ही सोशल मीडिया टीम तैनात है. सोशल मीडिया के झारखंड के चैयरमैन गजेंद्र सिंह और झारखंड प्रभारी अभय तिवारी शामिल हैं. वार रूम का काम संतोष कोलकुंडा देख रहे हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### जेएलकेएम के 8 विधानसभा प्रत्याशियों की घोषणा

**धनबाद ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने गुरुवार को मुस्कान होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन कर तीसरी सूची जारी की. इस दौरान पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुशील मंडल ने आठ विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की. इसमें सिल्ली से देवेन्द्र नाथ महतो, घाटशिला से रामदास मुर्मू, पोटका से भगीरथ हांसदा, जमशेदपुर पूर्वी से तरुण कुमार दे, महगामा से जवाहर लाल यादव, कांके से फुलेश्वर बैठा, जरमुंडी से राजीव यादव ऐब पोड़ैयाहाट से प्रवीण कुमार महतो को प्रत्याशी बनाया है. प्रेस वार्ता के दौरान सुशील मंडल ने कहा कि अबतक कुल 28 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है. पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है. पार्टी द्वारा जारी प्रत्येक सूची में सभी वर्गों के लोग समाहित हैं. पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो के दूसरे सीट से चुनाव लड़ने पर उन्होंने कहा कि जयराम डुमरी के साथ मांडू या गोमिया से चुनाव लड़ेंगे. वहीं पार्टी में विरोध को लेकर कहा कि किसी तरह का कोई विवाद नहीं है. किसी एक को टिकट दिए जाने पर अन्य को तकलीफ होती ही है.

### डीएवी बरोरा में निबंध-क्विज प्रतियोगिता

**बरोरा।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बरोरा एरिया ।1 के सौजन्य से डीएवी बरोरा में राजभाषा पखवाड़ा निबंध और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्मिक प्रबंधन के निर्देशन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम अजय कुमार महतो कक्षा एकादश, द्वितीय मुराईडीह निवासी जितेंद्र सिंह के पुत्र श्रेष्ठ राज कक्षा आठवीं, तृतीय अपराजिता वत्स कक्षा 10वीं, चतुर्थ स्थान पर राहुल कुमार महतो कक्षा एकादश, तथा क्विज प्रतियोगिता में अपर्णा रानी प्रथम कक्षा दसवीं, अमन कुमार दुबे द्वितीय कक्षा द्वादश ,सत्यम कुमार सिंह तृतीय कक्षा एकादश, राजनंदनी कक्षा दसवीं चतुर्थ स्थान पर रहे.

### राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा की टुंडी प्रत्याशी होंगी कलावती

**तोपचांची:** राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के टिकट पर टुंडी विधानसभा से कलावती देवी चुनावी दंगल में होगी. राजमो के केन्द्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मोवीन रिजवी ने कहा कि तीसरी मोर्चा के गठन के साथ राजमो झारखंड की बदलाव स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चुनाव में उतरी है. उन्होंने कहा कि राजमो चार सीट टुंडी , डुमरी , बगोदर एवं मांडू से चुनाव लडेंगे. महिला के सम्मान में इस बार कलावती देवी को टुंडी विधानसभा से योग्य उम्मीदवार बनाया है. उन्होंने आगे कहा कि तीसरा मोर्चा सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में हुई गंठबंधन में हमारी पार्टी भी है. वहीं टुंडी विधानसभा से घोषित प्रत्याशी कलावती देवी ने अपनी जीत के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि झारखंड के अल्पसंख्यकों, दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला और सभी जाति के गरीबों के अधिकार और उनके संपूर्ण विकास के लिए भ्रष्टाचार एवं अत्याचार मुक्त, सुंदर विकसित झारखंड के निर्माण के लिए चुनावी मैदान में उतरी हूं.

**चुनाव : उपायुक्त ने एनफॉर्समेंट एजेंसियों के साथ की बैठक, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए एजेंसियों को निर्देश**

# बॉर्डर, चेक नाका, रेलवे स्टेशन व बाजारों में करें सघन जांच : डीसी

**खास बातें**

- अवैध शराब और नारकोटिक्स पर कड़ी कार्रवाई का आदेश
- बैंकों में बड़ी रकम निकासी पर नजर रखने के निर्देश

संवाददाता। धनबाद



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में एनफॉर्समेंट एजेंसियों के साथ बैठक की गई. आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से की गई. बैठक के दौरान उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, उत्पाद छापामारी दलों आदि में प्रतिनियुक्त होने वाले विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों को विधानसभा आम चुनाव के दौरान किए जाने वाले कार्यों को लेकर कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिया. उपायुक्त ने कहा कि बॉर्डर पर बने चेकपोस्ट, चेकनाका, रेलवे स्टेशन, आसपास के बाजारों में चुनाव के दौरान संघन जांच करें ताकि किसी तरह का कोई भी हथियार, बड़ी रकम, अवैध मादक पदार्थ, ज्वेलरी आदि ले जाते हुए व्यक्ति की पहचान की जा सके.

इसी तरह बैंकों में भी छोटी से बड़ी हर रकम निकासी पर नजर रखे, संदिग्धों की जानकारी दें. उन्होंने सहायक उत्पाद आयुक्त को कहा कि अवैध शराब को लेकर लगातार छापेमारी करें साथ हीं नारकोटिक्स के कोई मामले मिलते हैं तो उस पर नजर बनाये रखें. वहीं सीआईएसएफ को भी लगातार छापेमारी करने के लिए निर्देशित किया गया. इस दौरान एसएसपी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर धनबाद पुलिस पूरी तरीके से तैयार है. जिला के सभी बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. साथ ही साथ दूसरे राज्य एवं जिला से प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच भी की जा रही है. कार्य में लगे सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तत्परता से कार्य करें, ताकि कोई भी किसी भी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न कर सके.

विशेष कर बंगाल से सटे बॉर्डर मैथन चेकपोस्ट में विशेष निगरानी रखें. साथ ही सभी एजेंसी आपसी समन्वय के साथ कार्य कर विधानसभा चुनाव को सफल बनाएं. मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, आयकर विभाग, नोडल पदाधिकारी, कस्टम डिपार्टमेंट, जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सहायक आयुक्त (उत्पाद), प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक, सी०आई०एस०एफ० के पदाधिकारी, रेलवे के पदाधिकारी, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे.

### बड़ाजमुआ में अज्ञात का शव बरामद, सनसनी

बरवाअड्डा। बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बड़ा जमुआ गांव के समीप खेत के झाड़ियों में गुरुवार को एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना बरवाअड्डा थाना को दी. सूचना पर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि सदलबल मौके पर पहूंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. शव मिलने की सूचना पर आस पास गांव के दर्जनों महिला पुरुष जुट गए. शव पूरी तरह झाड़ियों से घिरा हुआ है. शव की पहचान नहीं हो पाई है. शव के शरीर में काला रंग का टी शर्ट और काला पेंट पहना हुआ है. लोग संदेह जता रहे हैं कि अन्यत्र जगह मार कर शव को यहां फेंक दिया है. ऐसा प्रतीत होता है. इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है.

**सीएम आवास में होगी इंडिया ब्लॉक की बैठक**

# सीट शेयिरंग पर फैसला आज

## बैठक से पहले राजद ने बढ़ाया दबाव, 22 सीटों पर दावा ठोंका

1. राजद के तेजस्वी यादव और माले के दीपांकर लेंगे हिस्सा
2. बैठक में शामिल होने प्रभारी गुलाम अहमद रांची पहुंचे
3. राहुल गांधी के दौरे को लेकर की चर्चा, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश
4. प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज
5. मीर ने किया दावा : सीट शेयरिंग को अंतिम रूप, जल्द अंतिम फैसला

संवाददाता। रांची

इंडिया गठबंधन दलों की बैठक शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास, कांके रोड में होगी. यह बैठक सुबह 11 बजे से बुलाई गयी है. इस बैठक में झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, कांग्रेस से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डॉ. रामेश्वर उरांव, राजद से तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी आदि हिस्सा लेंगे. इस बैठक में सीट शेयरिंग, प्रत्याशी एवं एक-एक सीट के समीकरणों पर गहनता से विचार-विमर्श किया जाएगा. मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस और झामुमो ने सीट शेयरिंग का खाका करीब-करीब तैयार कर लिया है. झामुमो अपने खाते से माले को और कांग्रेस अपने खाते से राजद को सीट देगी. मगर ये सीटें कितनी होंगी, इससे अभी पर्दा उठना बाकी है. जानकारी के अनुसार इंडिया गठबंधन दल के 51 सिटिंग सीट उन्हीं दलों को दिया जाएगा, शेष बचे 30 सीट और कुछ सीटों के अदला-बदली पर चर्चा होगी.




### प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज, राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे

झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को कांग्रेस भवन में होगी . बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव समिति के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश करेंगे .यह बैठक सुबह 11 बजे से बुलाई गयी है . बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उलाका, सीरीबेला प्रसाद, स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, प्रकाश जोशी,पूनम पासवान वरीय पर्यवेक्षक सांसद तारीक अनवर,अधीर रंजन चौधरी,भट्टी विक्रमार्का मल्लू, वरीय कोऑर्डिनेटर बी के हरिप्रसाद,मोहन मारकम सहित चुनाव समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे . बैठक में सभी विधानसभा से प्राप्त आवेदनों के आधार पर उम्मीदवारों की समीक्षा कर सभी सदस्यों का मंतव्य लेकर सूची बनाई जाएगी .इसके पश्चात शीर्ष नेतृत्व की सहमति के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी .

### मीर ने राहुल के रांची दौरे की तैयारी की ली जानकारी

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर गुरुवार को रांची पहुंच चुके हैं . वे रांची के होटल शिवानी में ठहरे हैं, जहां पर उनसे कांग्रेस जनों और टिकट के दावेदारों का मिलना-जुलने का सिलसिला शुरू हो चुका है . मीर के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता डा रामेश्वर उरांव आदि भी मिले . प्रभारी मीर 19 अक्टूबर को रांची में एक कार्यक्रम में राहुल गांधी के हिस्सा लेने और उसकी तैयारी पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया . राहुल गांधी 19 अक्तूबर को एससी/एसटी और ओबीसी समेत कई सामाजिक और अन्य संगठनों के साथ बैठक करेंगे .

### राजद ने ठोंका 22 सीट पर दावा, लालू यादव अंतिम निर्णय के लिए अधिकृत

इधर गुरूवार को प्रदेश कार्यालय में राजद संसदीय बोर्ड की बैठक संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई . बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया . साथ ही साथ बैठक में अंतिम रूप से सीटों का चयन और प्रत्याशियों का चयन पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया . बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, डॉ मनोज कुमार, अनीता यादव, रंजन यादव, रानी कुमारी, विक्रम यादव, चंद्रिका यादव, राजकुमार यादव आदि शामिल हुए .

### 19 के बाद जारी होगी प्रत्याशियों की सूची : मीर

बैठक में हिस्सा लेने रांची पहुंचे कांग्रेस प्रभारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस झारखंड विधानसभा चुनाव में झामुमो के साथ गठबंधन करेगी और सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला जल्द होने की उम्मीद है . इस मामले में गुरुवार को कांग्रेस महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 19 अक्टूबर के बाद जारी की जाएगी . उन्होंने दावा किया कि 2019 विधानसभा चुनाव की तरह, हम राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ इस बार भी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे . हमारे गठबंधन में सीट बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है और इस पर जल्द ही अंतिम फैसला होने की उम्मीद है . हम 19 अक्तूबर के बाद अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेंगे, खासकर हमारे नेता राहुल गांधी के राज्य के दौरे के बाद सूची को जारी किया जाएगा . उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की तरफ से किए गए विकास कार्यों के दम पर चुनाव जीतने के लिए आश्वस्त है .

# नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा को मिली जमानत

- डबलू के ही स्वीकारोक्ति में आया था संजीव सिंह का नाम

संवाददाता। धनबाद



पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में जेल में बंद डबलू मिश्रा उर्फ डब्लू गिरि उर्फ राकेश कुमार मिश्रा को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई है. डब्लू मिश्रा 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद है. डब्लू मिश्रा पर शूटरों को शरण देने का आरोप लगाया गया है. डब्लू मिश्रा के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश कुमार की खंडपीठ में आरोपी डब्लू मिश्रा की जमानत अर्जी लंबित थी. आरोपी डब्लू मिश्रा इस मामले के पहला आरोपी है जिसे झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दी गई है. इससे पूर्व रिंकू सिंह को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी परंतु उसका केस अन्य आरोपियों के केस से अलग चल रहा था जबकि पिंटू सिंह की जमानत सुप्रीम कोर्ट से मिली है. इस तरह इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की जमानत हो चुकी है. आरोपी डब्लू मिश्रा के खिलाफ पुलिस द्वारा सरायढेला थाना में एक अन्य मुकदमा दाखिल किया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी डब्लू मिश्रा मुन्ना जी बनकर राम आह्लाद राय का मकान किराया पर लिया था तथा उसमें शूटरों को ठहराया था. घटना का अंजाम देने के बाद शूटर वहां से फरार हो गए थे. इस मामले में डब्लू मिश्रा समेत अन्य आरोपी अदालत से साक्ष्य के अभाव में बरी हो चुके हैं.नीरज हत्याकांड में डबलू मिश्रा के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह का नाम आया था. संजीव सिंह तथा डब्लू मिश्रा एक साथ जेल गए थे. डबलू मिश्रा ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा था कि रंजय सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए नीरज सिंह की हत्या की गई थी जिसमें विधायक भी शामिल थे.

# मंईयां सम्मान योजना की आवेदिकाओं का हंगामा

## सीओ कार्यालय में पदाधिकारी नहीं रहने पर आवेदिकाएं भड़कीं

संवाददाता। धनबाद



झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है. आचार संहिता के बीच झारखण्ड मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में आपाधापी मची है. गुरुवार को धनबाद अंचल कार्यालय में मंईयां सम्मान योजना के आवेदिकाओं की लंबी कतार लग गई.आवेदिकाओं में अधिकांश ऐसी भी महिलाएं थी जो पिछले तीन माह से कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं. बावजूद इसके इनके खाते में अभी तक योजना की राशि नहीं पहुंची है. इस कारण यह महिलाएं भी अंचल कार्यालय में अधिकारियों से यह जानने पहुंची है कि आखिर किस वजह से मईया सम्मान योजना की राशि उन्हें नहीं मिल रही है. कार्यालय में किसी भी पदाधिकारी के नहीं होने से महिलाओं ने हो हंगामा कर दिया. हालांकि बाद में उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर रोका गया. दरअसल आचार संहिता लागू होने की वजह से अब उन्हें योजना का लाभ मिल पाएगा भी या नहीं, महिलाएं इसी उलझन में हैं. कतार में ख़डी आवेदिका खुशबु देवी, वीणा देवी,नीतू देवी ने बताया कि आवेदन जमा किए महीनों बीत गए पर अभी तक खाते में पैसा नहीं पहुंचा. कार्यालय आने पर कोई भी पदाधिकारी मौजूद नहीं है. ऐसे में उनके आवेदन क्यों रुके हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है.

# स्कूली बच्चियों की तस्वीर वायरल करने के मामले में मुकदमा



संवाददाता। मैथन

मुगमा के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल की नवमी एवं दसवीं कक्षा की छात्राओं का फोटो एडिट कर वायरल करने वाले छात्रों एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ पीड़ित छात्रा के अभिभावक की शिकायत पर निरसा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस मामला दर्ज कर मामले के अनुसंधान में जुट गई है.

अनुसंधान के क्रम में पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि पीड़ित छात्राओं का फोटो छात्रों के पास कैसे पहुंचा, फोटो एडिट किसने एवं कहां पर किया, फोटो वायरल किसने किया, इस मामले में और कितने लोगों की सहभागिता है. जिन छात्रों पर मामला दर्ज किया गया है वे सभी नाबालिग हैं. पुलिस यह जानने का भी प्रयास कर रही है कि इससे मामले को अंजाम देने में कोई बाहरी तत्व तो नहीं शामिल है. आखिरकार छात्रों ने छात्राओं का फोटो एडिट कर उसे क्यों वायरल किया. इसके पीछे उनकी क्या मनसा थी. इन सारे बिंदुओं पर पुलिस का अनुसंधान बढ़ेगा. निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित छात्रा के अभिभावक की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है. अनुसंधान में जो दोषी होंगे उन पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गया जेल

धनसार :धनसार थाना क्षेत्र के एक इलाके मे बुधवार को एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास मामले में धनसार पुलिस ने आरोपी अशोक महतो के खिलाफ पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया है . पुलिस ने बच्ची का बयान भी दर्ज कराया . पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया गया . बता दें कि अशोक ने गुरुवार को मुहल्ले की एक पांच साल की बच्ची को बिस्कुट खिलाकर एक सुनसान गली में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया था .

**राजनीति** | **आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान**

# दीवाली के मेले में लगेंगे रॉक बैंड-फूड स्ट्रीट

**खास बातें**

- निगम की दीवाली मेला के आयोजन को लेकर की बैठक
- 26 एवं 27 अक्टूबर को गोल्फ ग्राउंड में लगेगा मेला

संवाददाता। धनबाद

आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में स्वीप एक्टिविटी को लेकर समाहरणालय में बैठक की गई. जिसमें 26 एवं 27 अक्टूबर को गोल्फ ग्राउंड में दिवाली मेले को लेकर विस्तृत चर्चा कर सफल आयोजन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए. नगर आयुक्त ने बताया कि यह आयोजन विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने बताया कि इस दिवाली मेले में रॉक बैंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फूड स्ट्रीट, दीपावली की खरीददारी के साथ साथ अन्य कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि 2 दिन तक चलने वाले इस मेले में शहरवासी के लिए निःशुल्क प्रवेश रखा गया है. इसका समय संध्या 4:00 बजे से रात्रि 10 बजे निर्धारित किया गया है. स्वीप कोषांग का मुख्य लक्ष्य मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान के प्रतिशत में वृद्धि करना. साथ ही मतदान को मतदान के प्रति अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित कराना है.

### स्वीप एक्टिविटी के तहत होंगे ये कार्यक्रम



20 अक्टूबर को (लुबी सर्कुलर रोड) में जैम स्ट्रीट, दिवाली महोत्सव 26 अक्टूबर को रणधीर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में, 20 अक्टूबर को न्यू कलेक्टरेट बिल्डिंग से ओल्ड कलेक्टरेट बिल्डिंग तक हाफ मैराथन विथ पुलिस, 10 नवम्बर को रणधीर प्रसाद वर्मा चौक से लुबी सर्कुलर रोड तक मशाल जुलूस विथ कैंपस एंबेसडर एंड इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, 10 अक्टूबर को स्टील गेट से सरायढेला तक जैम स्ट्रीट/हैप्पी स्ट्रीट, 12 नवम्बर को गोल्फ ग्राउंड में मेगा इवेंट, 15 नवम्बर को न्यू टाउन हॉल में फ़ैशन शो, 16 नवम्बर को गोल्फ ग्राउंड में फूड फेस्टिवल, 17 नवम्बर को ह्यूमन चैन निर्धारित की गई है . मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन व अन्य कर्मी मौजूद रहे .

▼ ब्रीफ खबरें

### सिद्धार्थ बने सेफ्टी ऑफ कोल माइंस के स्टैंडिंग कमिटी मेंबर



**धनबाद :** जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम को एचएमएस का सेफ्टी कमिटी कोल माइंस का सदस्य बनाया गया.नई दिल्ली में एचएमएस के जनरल सेक्रेटरी हरभजन सिंह ने सिद्धार्थ गौतम को इस बाबत नियुक्ति पत्र दिया. जनता मजदूर संघ नेता हालांकि जेबीसीसीआई के सदस्य भी हैं, ऐसे में एक युवा नेता को कोल इंडिया में सेफ्टी कमिटी के सदस्य बनाए जाने से यूनियन के युवा कार्यकर्ता में खुशी है.मालूम हो कि इससे पहले वरीय नेता नथू लाल पांडे स्टैंडिंग कमिटी सदस्य सेफ्टी ऑफ कोल माइंस के पदभार पर थे.

### महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों से समाज का विकास : रागिनी

**झरिया :** ईस्ट कोयरीबांध बाल्मीकि मोहल्ला में गुरुवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई. जहां इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शामिल हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेत्री द्वारा महर्षि वाल्मिकी मंदिर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया. जिसके बाद वाल्मीकि समाज के लोगों ने रागनी सिंह को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया. मौजूद समाज के लोगों ने बताया कि पिछले पचास वर्षों से अधिक समय से हम लोग यहां महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाते आ रहे हैं. हमारे समाज के इस मंदिर में जो मूर्ति स्थापित है वो रागनी सिंह की ही देन है. पिछले वर्ष ही इस मंदिर में रागनी सिंह के द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा किया गया था. रागनी सिंह ने बताया कि वाल्मीकि समाज के लोग साहसी और ईमानदार होते हैं. हिदुत्व की रक्षा के लिए हमेशा खडे. रहते हैं. हम सभी वाल्मीकि के संतान हैं. महर्षि वाल्मीकि समाज से ऊंच-नीच के भेदभाव को खत्म करना चाहते थे. सादा जीवन उच्च विचार. जीवन जीने की सीख हमलोगों को दी. वाल्मीकि जी के कारण ही हमलोगों का प्रभु श्रीराम से परिचय हुआ.

**श्रद्धा :** आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोहा, सैंकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोग

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर झरिया में शोभा यात्रा

संवाददाता । झरिया

अद्भुत अलौकिक और अविस्मरणीय भव्य शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन जयंती के समापन समारोह में गुरुवार को झरिया में निकली. मारवाड़ी सम्मेलन झरिया द्वारा आयोजित शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. शोभा यात्रा का एक किनारा झरिया बाटा मोर तो दूसरा किनारा लक्ष्मीनिया मोड था. शोभा यात्रा के संबंध में मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि 28 सितंबर को खेलकूद प्रतियोगिता से इस महोत्सव की शुरुआत हुई थी. जिसका समापन गुरुवार 17 सितंबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर शोभा यात्रा से हुआ है. उन्होंने बताया कि महाराज अग्रसेन ने



आज से लगभग 5 हजार वर्ष पहले जिस समाजवाद की कल्पना की थी, आज भी वह अनुकरणीय है.

**शोभा यात्रा में ये थे शामिल :** शोभा यात्रा में मारवाड़ी सम्मेलन झरिया अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश देवरलिया, मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त सचिव दीपक अग्रवाल एवं प्रमोद जलूका, के अलावा ललित कटेसरिया, गणेश अग्रवाल ,महेश जलूका, अनूप लिल्हा ,सतनारायण भोजगडिया ,श्याम सुंदर मोदी, नरेश अग्रवाल, गोपी कृष्ण मंत्री, मोहित अग्रवाल, किस्टो अग्रवाल, विनोद अग्रवाल रमेश अग्रवाल,सौरभ शर्मा, अभिषेक अग्रवाल, पूर्व पार्षद सुमन देवी अग्रवाल मारवाड़ी महिला समिति के किरण खरकिया, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विशाल पलसानिया, प्रमोद मोदी आदि बड़ी संख्या में स्त्री, पुरुष बच्चे शामिल हुए.

#### आकर्षण का केंद्र बनी रही झांकियां

शोभा यात्रा में शामिल झांकियां लोगों की आकर्षण का केंद्र बनी रहीं. मारवाड़ी विद्यालय झरिया द्वारा जहां महाकाल की सुंदर प्रस्तुति झांकी के रूप में दी गई थी. वहीं बालिका विद्या मंदिर द्वारा गणगौर पूजा तथा महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने करमा महोत्सव का की सुंदर झांकी प्रस्तुत की थी. झांकियां सहित शोभा यात्रा शहर के जिस मार्ग से भी निकली लोगों ने भव्य उनका स्वागत किया. शोभा यात्रा का शुभारंभ झरिया लाल बाजार स्थित श्याम मंदिर परिसर से हुआ. शोभा यात्रा में महाराजा अग्रसेन परिवार की झांकी और विभिन्न तरह के वाद्य यंत्र एवं बैंड बजा द्वारा प्रस्तुत संगीत लोगों का मन मोह रहे थे.राजस्थान क्लब झरिया द्वारा सतनारायण मंदिर के पास, शोभायात्रा में शामिल छात्राओं के लिए शरबत की व्यवस्था की गई थी. वहीं रानी सती मंदिर के पास मंदिर समिति द्वारा शरबत एवं शीतल जल की व्यवस्था शोभायात्रा में शामिल लोगों व छात्र-छात्राओं के लिए की गई थी. जबकि चार नंबर मोड़ स्थित मातृ सदन के पास मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा छात्र-छात्राओं व शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए ठंडा पानी व शरबत की व्यवस्था की गई थी.

### सड़क दुर्घटना में तीन जख्मी

**केंदुआ।** धनबाद बोकारो सड़क पर गोधर लहरा मन्दिर के निकट कार से टकराकर एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दो सहोदर भाई समेत तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए. घायलों में चंदन कुमार (30),रोहित भुईया (21) व बिट्टू कुमार (20) शामिल है. दुर्घटना के बाद दो युवकों को तत्काल स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल भेजा गया. वहीं रोहित जख्मी हालत में काफी देर तक दुर्गा मंदिर के निकट बैठा रहा. कुछ लोगों ने केंदुआडीह पुलिस को भी सूचना दी पर मात्र डेढ़ किलोमीटर पर दूर पुलिस एक घंटे तक नही पंहुची.दिन में करीब 11 बजे दो मोटरसाइकिल पर सवार युवक तेजी से एक दूसरे को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे1मन्दिर के निकट एक मोटरसायकिल कार से टकरा गई.तीनों सवार सड़क पर गिर कर घायल हो गए.तीनो घायल कार्मिक नगर धनबाद के रहनेवाले हैं.

# एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी की भूमिपूजन में ग्रामीणों का हंगामा



**खास बातें**

- होना था भूमिपूजन, ग्रामीणों ने काटा बवाल
- कहा- सुरक्षित स्थान पर बसाने के बाद होगा काम

संवाददाता । तेतुलमारी

बीसीसीएल एरिया पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी के बेलदारी बस्ती के समीप एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी में भूमि पूजन के दौरान जमकर हंगामा हुआ. बेलदारी बस्ती के ग्रामीण आ गये और हंगामा करने लगे.



ग्रामीणों का कहना था कि आउटसोर्सिंग कंपनी शुरू होने के पूर्व बीसीसीएल प्रबंधन ने हम लोग को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए जमीन देने की बात कही थी, तब जाकर आउटसोर्सिंग कंपनी चलाने की बात कही थी, लेकिन जमीन उपलब्ध कराने के पहले ही आउटसोर्सिंग कंपनी का काम शुरू करवाया जा रहा है. जब तक बीसीसीएल प्रबंधन हम लोगों को सुरक्षित स्थान पर जमीन नहीं देती है, तब तक काम चालू नहीं होने देंगे. इधर आउटसोर्सिंग कंपनी के लोगों ने ग्रामीणों का विरोध कर दिया. इस पर दोनों पक्षों में नोंक झोंक शुरू हो गई लेकिन लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत किया. थोडी देर बाद ग्रामीण आउटसोर्सिंग कंपनी के गेट के बाहर प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे. कहा कि एक सप्ताह के भीतर बीसीसीएल प्रबंधन हम लोगों को जमीन नहीं देती है तो आउटसोर्सिंग कंपनी का काम नहीं चलने देंगे और वापस चले गये. ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने 21 अगस्त को भी आउटसोर्सिंग कंपनी के आने के पूर्व इन सभी मांगों को लेकर काम रोका था. उस समय प्रबंधन के साथ तेतुलमारी थाना परिसर में तत्कालीन थानेदार के साथ वार्ता हुई थी. जिसमें हमलोगों को 15 दिनों के भीतर सुरक्षित स्थान पर जमीन उपलब्ध कराने की बात कही थी. लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने कोई पहल नहीं की.

# क्यों नहीं मिला शहीद की पत्नी रेखा मंडल को सम्मान : दुलाल

## कहा- कौन है महुआ माजी , क्या है इसकी पहचान

- जो आंदोलनकारियों और मूलनिवासियों को सम्मान देगा, वही होगा झारखंड का सीएम
- मनिंद्र नाथ मंडल के 30 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

संवाददाता । धनबाद



कौन है महुआ मांझी,क्या है महुआ मांझी की पहचान. वर्तमान सरकार ने क्यों नही बनाया. रेखा मंडल को राज्य सभा का सदस्य. उक्त बातें पूर्व मंत्री दुलाल भूइंया ने सरायढेला स्थित शहीद मनिंद्र नाथ मंडल के आवास पर मीडिया से कही. वे मनिंद्र नाथ मंडल के 30 वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि देने उनके आवास पहुंचे थे. उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का झारखंड विधानसभा चुनाव निर्णायक होगा. क्योंकि झारखंडी शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की शहादत दिवस पर यह संकल्प लेने आये हैं कि जो झारखंड के आंदोलनकारियों को सम्मान देगा, इस माटी के लोगों को सम्मान देगा, मूल निवासियों को सम्मान देगा.. वही असली झारखंडी कहलायेगा, वही होगा झारखण्ड का सीएम. मौके पर उपस्थित शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की पत्नी रेखा मंडल, वैभव सिन्हा ,योगेंद्र यादव के साथ सैकड़ो लोगों ने शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

झामुमो जिला कमिटी के अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, मो.शमीम अंसारी प्रखंड सचिव निरसा,उमेश राम, मो. शाहिद खान, सुबोर टुडू, राजन आदि ने भी शहीद मनिंद्र नाथ मंडल के 30 वें शहादत दिवस पर मेमको मोड़ स्थित शहीद मनिंद्र नाथ मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी.इस अवसर पर लखी सोरेन ने कहा कि मनिंद्र नाथ मंडल झारखंड आंदोलन के एक अग्रणी आंदोलनकारी थे. स्वर्गीय मंडल जैसे वीर शहीदों की वजह से अलग झारखंड राज्य का सपना पूरा हो पाया है.मुकेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शहीद मनिंद्र नाथ मंडल ने झारखंड के मजदूरों को उनका हक दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष किया.उन्होंने विस्थापितों के हक लिए लड़ाई लड़ी. बीसीसीएल ईसीएल, सीसीएल में मजदूरों की आवाज बने. मनिंद्र नाथ मंडल के दिखाए गए मार्ग आज भी युवाओं के लिए आर्दश हैं.

# दिव्यांग बच्चों के हुनर को समाज के हर वर्ग को प्रोत्साहित करने का आह्वान

## दीपावली को निर्मित सजावट सामग्रियों की प्रदर्शनी

संवाददाता। धनबाद

नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में प्रकाश और दीपों के पर्व दीपावली के लिए दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित दीप, मोमबत्ती, तोरण, बास्केट इत्यादि डेकोरेटिव सामग्रियों की प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को अनुपमा सिंह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस तथा क्षेत्रीय श्रमायुक्त मनीष शंकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. मनीष शंकर ने पहला कदम के बच्चों के हुनर को देख कहा कि इनके इस कला को समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रोत्साहित कर उन्हें आगे बढ़ाना होगा. अनुपमा सिंह ने कहा कि



दिव्यांग बच्चों की साल भर की मेहनत तभी रंग लाएगी. जब आप सभी समाज के हर वर्ग के सम्मानित जन उनका हौसला बढ़ाने के लिए उनके द्वारा निर्मित दीप और हस्तकला से अपने घर को जगमगाएंगे.

अनुपमा सिंह ने स्कूल के बच्चों द्वारा बनाए दीपक, बास्केट वंदनवार आदि सामग्रियों को खरीदकर उनका मनोबल बढ़ा उनका मान बढ़ाया. अनुपमा ने कहा ये उनके जीवन का एक खूबसूरत और भावनात्मक पल है जो उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय पल होगा. उन्होंने सचिव अनिता अग्रवाल और पूरी टीम को इस नेक कार्य के लिए बधाई दी. स्कूल में दोनों सम्माननीय अतिथिगण का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया.

### आलोक वर्मा बने राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक

बोकारो : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आलोक वर्मा को राउरकेला स्टील प्लांट का नया प्रभारी निदेशक चुना है. कैबिनेट और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वे कार्यभार संभालेंगे. आलोक वर्मा संत जेवियर स्कूल, सेक्टर वन के 1985 बैच के छात्र हैं. पीएसईबी ने उनका चयन किया है. वे 31 दिसंबर 2024 को मौजूदा प्रभारी निदेशक अतनु भौमिक की सेवानिवृत्ति के बाद कार्यभार संभालेंगे. आलोक वर्मा बोकारो से ही कैरियर शुरू किए थे. वे हॉट स्ट्रिप मिल में सीजीएम और सीआरएम में भी कार्यरत रहे हैं. सितंबर में ईडी वर्क्स एसआर सूर्यवंशी के रिटायरमेंट के बाद उन्हें ईडी माइंस और ईडी वर्क्स का अतिरिक्त चार्ज दिया गया था.

# फाटामहुल पंचायत सचिवालय में चोरों ने उड़ाई लाखों की संपत्ति

संवाददाता । कतरास

बुधवार की देर रात फाटामहुल पंचायत सचिवालय में चोरों ने धावा बोलकर छः लाख के सामानों की चोरी कर ली. चोरों ने सचिवालय में लगे ताले को गैस कटर से काट कर वारदात को अंजाम दिया. सुबह सचिवालय में लगे ताला को गायब देखकर आस पड़ोस के लोगों ने मुखिया प्रतिनिधि बीरबल मंडल उक्त घटना की जानकारी दी. मुखिया प्रतिनिधि अपने सहयोगियों के पंचायत सचिवालय पहुंचे तो देखा कि सचिवालय के चार ग्रिल को गैस कटर काट दिया गया है. उन्होंने उक्त घटना की जानकारी रामकनाली ओपी पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लेकर छानबीन शुरू कर दी है. इधर मुखिया पुतुल



रानी देवी ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है. चोरी गई सामानों में एक सौ केबी का ट्रांसफार्मर, दो टेबल, 16 कुर्सी तथा 18 पंखा सहित अन्य समान शामिल है. उन्होंने बताया कि जिसकी कीमत करीब छह लाख रुपए आंकी गई है. पिछले माह सचिवालय में चोरी की घटना घटी थी, जिसमें काफी समान चोर ले गए थे.

### चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में बैठक

**चिरकुंडा।** विधानसभा चुनाव सहित दीपावली व छठ पूजा में क्षेत्र में साफ सफाई व लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में बैठक संपन्न हुई.बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी बिजय कुमार हांसदा व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन मौजूद थे. बैठक में सिटी मैनेजर ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में जितने भी राजनीतिक दल के बैनर, पोस्टर, दिवाल लेखन चुनाव से संबंधित हैं. उन्हें हटानी है. उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में 40 बुथ में मूलभूत सुविधा है कि नहीं जैसे बिजली, पानी, शौचालय, रैंप,फर्नीचर आदि की सुविधा है कि नहीं, इसकी रिपोर्ट देनी है.स्वीप कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम करनी है जिसमें लोगों से अपील करनी है कि अधिक से अधिक की संख्या में मतदान का अवश्य प्रयोग करें।

**एक्शन** 11 इंटर स्टेट और 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

# सेक्टर ऑफिसर व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण

संवाददाता। धनबाद

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफीसर को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं त्रुटि रहित तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण दिया गया और उनके दायित्व के बारे में बताया गया. उपायुक्त ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर की अति महत्वपूर्ण भूमिका रहती है. चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना उनकी जिम्मेदारी है. प्रशिक्षण के दौरान दिए गए हर निर्देश को गंभीरता से सुने और उसके अनुसार अपने दायित्व का निर्वाहन करें. सभी अपनी शत प्रतिशत



उपस्थिति दर्ज कराकर एवं शत प्रतिशत ध्यान देकर प्रशिक्षण ले. वहीं 27 अक्टूबर को इनके लिए पुनः प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा. जिसमें उनके मन में उठे किसी भी प्रश्न का समाधान किया जाएगा.

**चेक नाकों से हो रही वेब कास्टिंग :** बैठक के बाद उपायुक्त ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जिले के सभी 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट हर आने जाने वालों की जांच करने के लिए शुरू हो गए है. वहां पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति एवं सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई है. सभी चेक पोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. उसकी वेब कास्टिंग भी की जा रही है. साथ ही कहा कि भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से बांटने वाली अन्य सामग्रियों पर विशेष नजर रखने और उसे जब्त करने का निर्देश दिया है.

#### मतदाताओं को करें जागरूक : डीसी

धनबाद । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बृहस्पतिवार को समाहरणालय के सभागार में स्वीप (सिस्टेमैटिक वोटर एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) कोषांग की समीक्षा की. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हाउस टू हाउस स्वीप एक्टिविटी का आयोजन कर जमीनी स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करें. साथ ही लोकसभा चुनाव के दौरान जहां कम मतदान हुआ वहां विशेष ध्यान केंद्रित कर स्वीप एक्टिविटी का आयोजन करें. बैठक के दौरान स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वोटर अवेयरनेस फॉरम, चेंबर ऑफ कॉमर्स, ट्रेड यूनियन, कैंपस एंबेसडर, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, सभी 2372 मतदान केंद्र में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के साथ 18 अक्टूबर को तथा 19 अक्टूबर को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ बैठक आयोजित कर स्वीप गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा. इसके अतिरिक्त हैप्पी स्ट्रीट, दीपावली महोत्सव, हाफ मैराथन, मशाल जुलूस, फूड फेस्टिवल, मानव श्रृंखला, रैली इत्यादि का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा.

# डीएवी कतरासगढ़ की पुरानी प्रबंधकारिणी कमेटी भंग

**खास बातें**

- नई कमेटी बनाकर उपायुक्त को दी जानकारी
- पुरानी कमेटी पर नियमों को ताक पर रखने का आरोप

संवाददाता । कतरास

आर्य समाज द्वारा संचालित डीएवी 2 हाई स्कूल कतरासगढ़ में पुरानी प्रबंधकारिणी समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन कर दिया गया है. लेकिन पुराने कमिटी अपनी तानाशाही पर उतारू है और नई कमिटी को मानने को तैयार नहीं है. पुरानी कमिटी विद्यालय को निजी करने के फिराक में लगे हैं, जो किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा. उक्त बातें डॉ देवचन्द्र मिश्र "मृणाल" ने गुरुवार को भारतीय क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही. उन्होंने झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची के कार्यालय आदेश में उल्लेखित पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पत्र के अनुसार प्रबंधकारिणी समिति का गठन झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2018 को किया गया था. मार्च 2019 के बाद एक भी बैठक नहीं बुलाई गई. प्रबंधनकारिणी समिति की स्वीकृति के बगैर इस अवधि में विद्यालय की राशि का मनमाना व्यय किया जाता रहा.

विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति द्वारा आर्य समाज के नियमों, दिशा निर्देशों एवं आदेशों की उपेक्षा और अवहेलना करते हुए व्यक्तिवादी तरीके से विद्यालय का संचालन एवं व्यय किया जाता रहा है.

उक्त कारणों से पूर्व प्रबंधकारिणी समिति को भंग करते हुए नई प्रबंधकारिणी समिति की घोषणा की, जिसमें चिकित्सक उमाशंकर सिंह अध्यक्ष, डॉ देवचन्द्र मिश्र "मृणाल" सचिव, एवं राजेंद्र प्रसाद राजा, आचार्य कृष्ण कौटिल्य, राजेश बरनवाल रंजीत पांडे शंकर चौहान अधिवक्ता जितेंद्र कुमार आदि को सदस्य मनोनीत किया गया.कहा कि मामले को लेकर कतरास पुलिस व धनबाद डीसी को जानकारी दी गई है. नई कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद डीसी से मुलाकात कर मामले के सारे बिन्दुओं से अवगत कराकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे.

# बीडीओ ने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का दिया निर्देश



कसमार (बोकारो)।

कसमार बीडीओ नम्रता जोशी व सीओ प्रवीण कुमार ने गुरुवार को कसमार प्रखंड के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक में बीडीओ ने उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्वाचन की घोषित तारीखों से अवगत कराते हुए आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है. इसका हर हाल में अनुपालन करें और कराएं. बताया कि आचार संहिता लागू होने के साथ-साथ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लागू कर दिया गया है. बीडीओ ने सभी राजनीतिक पार्टियों को इसका अक्षरशः पालन करते हुए सभी प्रकार के पूर्व से लगे चुनाव चिन्हों वाले पोस्टर, बैनर, होर्डिंग हटाने का आदेश दिया.

इसके अलावा प्रचार सामग्री को हटाने एवं किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पर्चा, आलेख, फोटो का प्रकाशन, व्हाट्सएप या एसएमएस, फेसबुक, ट्यूटर, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से एक दूसरे को ठेस पहुंचाने वाले संवाद का आदान-प्रदान नहीं करने को कहा. साथ ही मतदाता जागरुकता अभियान में भी अपेक्षित सहयोग करने की अपील की. बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में दो शैडो बूथ है. अर्थात वहां नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है. उन बूथों में चुनाव के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी.

सीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराना, सभी की जिम्मेदारी है. चुनाव में कोई आपस में न उलझे. किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अधिकारियों को सूचना दें. बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम, प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी, कुलदीप करमाली, राकेश साव, राजेश टुडू, सीपीआईएम प्रखंड सचिव शकुर अंसारी, इरफान अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेशचंद्र महाराज, भाजपा नेता राजेश कुमार पांडेय, परमेश्वर नायक, रामलाल ठाकुर, आजसू नेता धनलाल कपरदार व अन्य लोग मौजूद थे.

# नामांकन कोषांग के कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

संवाददाता। बोकारो



बोकारो जिले के अंतर्गत आने वाले सभी चार विधानसभा क्षेत्रों बोकारो, बेरमो, गोमिया व चंदनकियारी में दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है. 22 अक्टूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी. इसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. जिला प्रशासन ने नामांकन की तैयारी शुरू कर दी है. चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नामांकन कोषांग का गठन कर दिया गया है.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में गुरुवार को नामांकन कोषांग के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाची पदाधिकारी व सहायक निर्वाची पदाधिकारी शामिल हुए. डीसी ने नामांकन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी. आरओ बुक में दिए गए दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया. कोषांग के कर्मियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पूरी तरह से अध्ययन कर लें और नामांकन प्रक्रिया में कहीं कोई चूक नहीं हो, इसे सुनिश्चित करें.

नामांकन से संबंधित कोई भी निर्णय या कार्य अपने मन से नहीं करें. आरओ हैंड बुक में अंकित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करना है.

मौके पर डीडीसी गिरजा शंकर प्रसाद, बोकारो विधानसभा की निर्वाची पदाधिकारी चास एसडीओ प्रांजल ढांडा, गोमिया के निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, चंदनकियारी के निर्वाची पदाधिकारी डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, बेरमो के निर्वाची पदाधिकारी एसडीओ मुकेश मछुआ, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी निर्वाचन कोषांग पंकज दुबे आदि उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### बोकारो : युवक ने लगाई फांसी

**बोकारो।** बोकारो शहर के सेक्टर 3 आरा मोड़ के समीप क्वार्टर संख्या 296 में रहने वाले युवक अशोक कुमार ने गुरुवार को फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. परिजन आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर बोकारो जेनरल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्स्कों ने मृत घोषित कर दिया. शव को अस्पताल के मॉर्चरी में रखवा दिया गया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया की युवक किसी बात को लेकर तनाव में रह रहा था, जिसके कारण उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया. पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में थी.

### महिला के साथ मारपीट छेड़छाड़ का आरोप

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित खरसान पंचायत के डेवटन निवासी उमा देवी, पति राजेन्द्र रजक ने कुछ युवकों पर मारपीट व छेड़खानी करने का आरोप लगाई है. महिला का आरोप है कि लोन के पैसे में लेन देन को लेकर प्रकाश रजक, बिनोद रजक, विशाल रजक, रिंकी देवी, बेबी देवी, मो भगिया देवी, दीपक रजक आदि लाठी डंडे लेकर आए और मेरे साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे व मेरे साथ छेड़छाड़ भी किया. घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई. महिला ने कहा कि उसका पति बाहर रहते हैं. कुछ लोगों के द्वारा मुझे गावां सीएचसी में भर्ती कराया गया. जहां से बेहतर इलाज के रेफर कर दिया गया. मामले में थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि महिला के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है. जिसकी जांच की जा रही है. जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिस ने किया 9 क्विंटल जावा महुआ जब्त

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ पुलिस ने गुरुवार को अवैद्य शराब बनाने वालों के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया. पुलिस ने जमुआ थाना क्षेत्र के बंधाटांड़ गांव में छापेमारी कर मनोज मंडल और झंडु मंडल के झोपड़ीनुमा घर से 9 क्विंटल जावा महुआ समेत शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाला टीना और एल्युमिनियम का बर्तन (तसला) बरामद किया. पुलिस ने शराब की भट्ठी को नष्ट कर दिया. पुलिस शराब के धंधेबाजों को अपनी गिरफ्त में लेने के लिए मुहिम छेड़ दिया है. इस बाबत जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध महुआ शराब बनाने वालों पर छापेमारी की जा रही है.

### सीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**कसमार (बोकारो)।** विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने एवं आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कसमार प्रखंड प्रशासन ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी है. गुरुवार दोपहर कसमार सीओ प्रवीण कुमार एवं कसमार पुलिस ने प्रखंड के पिरगुल चौक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान पश्चिम बंगाल से होकर झारखंड में प्रवेश करने वाली हर छोटी, बड़ी वाहनों की जांच की गई. इस दौरान सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि कसमार प्रखंड के पिरगुल से सटे सेवाती घाटी में अंतरराज्यीय चेकनाका भी बनाया जाएगा, इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है. इस चेकनाका के माध्यम से बंगाल से आने वाली एवं बंगाल की ओर जाने वाली हर वाहनों पर विशेष नजर रखी जायेगी. इस दौरान सीओ ने पिरगुल समेत आसपास के क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का निर्देश ग्रामीणों को दिया.

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बीएलओ की भूमिका अहम : डीईओ

## मतदाता पर्ची का वितरण शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे बूथ लेवल आफिसर

संवाददाता। बोकारो



विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर कार्य–दायित्व निष्पादन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो. इसको लेकर गुरुवार को सेक्टर टू सी स्थित कला केंद्र में बीएलओ को एवं डीपीआरसी भवन में बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के बीएस सिटी अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) एवं बीएलओ सुपरवाइजर शामिल हुए. मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, नोडल पदाधिकारी सह अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, निर्वाची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीईओ जगरनाथ लोहरा, स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी सुमन गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सत्यबाला, नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

प्रशिक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि जिले का मतदान प्रतिशत संतोषजनक नहीं है, विशेष कर बोकारो विधानसभा क्षेत्र का. इसे आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर करना है. मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की अहम भूमिका है. आप सभी मतदाता से सीधे जुड़े हुए हैं. उन्होंने राज्य निर्वाचन कार्यालय से उपलब्ध होने वाले मतदाता पहचान पर्ची (वीआइएस) का वितरण घर-घर जाकर शत प्रतिशत करने एवं मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराने की अपील की. कहा कि उन्हें बताएं कि आपका एक मत लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, एक अच्छी सरकार चुनने, सरकार में आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए कितना जरूरी है.

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार बीएलओ के प्रदर्शन की भी समीक्षा की. इस दौरान असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को चिन्हित करते हुए, उन्हें प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने अथवा कार्रवाई के लिए अनुशंसा करने को कहा.

वहीं, प्रशिक्षण सत्र में अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को स्पष्टीकरण पूछने का सहायक निर्वाची पदाधिकारी को निर्देश दिया.

मौके पर बीएलओ को बीएलओ रजिस्टर, आइडी कार्ड के साथ मतदाताओं के घर–घर जाकर उन्हें जागरूक करने, अपडेटेड एब्सेंट/सिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) लिस्ट तैयार करने, अभी भी छूटे हुए मतदाताओं से फर्म 06 प्राप्त करने आदि के संबंध में विस्तार से निर्वाची पदाधिकारियों द्वारा बताया गया.

उधर, डीपीआरसी भवन में प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह डीएसई अतुल कुमार चौबे ने बीएलओ सुपरवाइजर को बीएलओ के कार्यो की निगरानी, विधानसभा आम निर्वाचन 2024 से संबंधित कार्य–दायित्व के संबंध में विस्तार से बताया.

### पौने दो लाख का जेवर लेकर अपराधी फरार



**बोकारो।** बालीडीह थाना क्षेत्र के पांडे टोला में दो लोगों ने जेवर सफाई के नाम पर वृद्धा ज्ञानी देवी के गले की चेन और कान की बाली ले उड़े. जेवर की कीमत पौने दो लाख बताई जा रही है. घटना के संदर्भ में वृद्धा के पुत्र राजेश सिंह ने जानकारी दी कि शाम चार बजे के वक्त दो लड़के आए. वहां पर मौजूद उनकी मां ज्ञानी देवी उम्र 80 वर्ष से कहा कि माताजी हमलोग गहने चमकाने का काम करते हैं और आपके गले में चेन और कान की जो बाली है, उसको हमलोग चमका देंगे. वृद्ध महिला ने उसकी बातों में आकर अपने गले का हार और कान की बाली चोरों को सफाई करने दे दी. चारों ने हार व कान बाली को कटोरे में पाउडर मिला कर रख दिया और उनको पानी लाने को कहा. वृद्धा जब पानी लेकर आई तो दोनों जेवर लेकर फरार हो गए थे. इसकी लिखित शिकायत थाने में की गई है. मामले को लेकर पुलिस अनुसंधान में लगी है.

### गोमिया विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**कसमार (बोकारो)।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को कसमार प्रखंड के सोनपुरा एवं दांतू पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने सोनपुरा पंचायत के खूंटा, सोनपुरा, सोनहर, बांधघुटु, सिलीसाड़म, पिरवाटांड़, पिपराडीह, परसाटांड़, पुरनाडीह एवं दांतू में पंचायत भ्रमण कर ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया. इस अवसर पर डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि पांच साल में उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के हजारों छोटे बड़े कार्य किये हैं. उन्होंने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए आसन्न विधानसभा चुनाव में एक बार पुनः आजसू पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिस तरह जनता के मान सम्मान का उन्होंने हमेशा ख्याल रखा, वे आजीवन क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहेंगे.

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद् ने मनाया कोजागरा उत्सव

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद् ने बुधवार की शाम को मिथिलांचल का पारंपरिक 'कोजागरा उत्सव' सोल्लास मनाया. यह उत्सव परिषद् द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित किया गया था. कार्यक्रम का उद्घाटन मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी, पूर्व महासचिव सतीश चंद्र झा, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अरुण पाठक ने महाकवि विद्यापति की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर किया. नीरज चौधरी ने कहा कि मिथिलांचल में आश्विन पूर्णिमा के दिन कोजागरा उत्सव मनाया जाता है, जिसमें लक्ष्मी पूजा और रात्रि जागरण का विधान है. उन्होंने मिथिला की धनी संस्कृति और परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया. इसके बाद सुप्रसिद्ध गायक अरुण पाठक के संयोजन और संचालन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें अरुण पाठक, आंचल पाठक, रामबाबू झा, अशोक मिश्र, शेफाली दूबे और उमेश झा ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में मिथिलांचल के प्रसिद्ध प्रसाद मखान, पान और मिष्ठान्न का वितरण भी किया गया. धन्यवाद ज्ञापन सुनील मोहन ठाकुर ने किया. आयोजन की सफलता में हरि मोहन झा, अनिल कुमार झा, प्रभात कुमार झा, गोविन्द ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही. जबकि मौके पर जय प्रकाश चौधरी, शिव शंकर झा, रमण झा आदि उपस्थित थे.

### झामुमो की बैठक में बूथ कमेटी विस्तार पर चर्चा

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित पार्टी कार्यालय में गुरुवार को झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने की. उक्त बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांडेय प्रखंड में बूथ कमिटी का निर्माण किया जाएगा. बूथ कमिटी निर्माण के लिए प्रखंड के पंचायतों को 9 जोन में बांटा गया है. प्रत्येक जोन में 3 पंचायत को शामिल किया गया है. सभी जोन में पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है. सभी पर्यवेक्षक को अगले 3 दिन के अंदर बूथ में पड़ने वाले गांवों में भ्रमण करके बूथ कमिटी का निर्माण करेंगे. बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आर्दश आचार संहिता का पालन करते हुए जिला कमिटी के द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार बूथ कमिटी को सशक्त करने में लग जाए. प्रखंड सचिव भैरव प्रसाद वर्मा ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रचार-प्रसार सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई है. बैठक में हीरालाल मुर्मू, दिलीप मंडल, रवि वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# पौड़ेयाहाट सीट से झामुमो प्रत्याशी देने की मांग



संवाददाता। पौडेयाहाट

पौडेयाहाट विधानसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी को चुनाव में उतारे जाने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य घनश्याम यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन से रांची स्थित उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौंपा.

इसकी जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें पार्टी के कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों की भावनाओं से अवगत कराया गया. पिछले दिनों विधानसभा स्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा लिए गए इस आशय के निर्णय की प्रति भी सीएम को दिया गया.

जिसमें पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आग्रह किया है कि पौडेयाहाट विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को ही चुनाव में प्रत्याशी बनाया बनाया जाए. क्योंकि गोड्डा जिला में तीन विधानसभा सीट महगामा, गोड्डा और पौडेयाहाट है. जिनमें महगामा सीट कांग्रेस के खाते में, गोड्डा सीट आरजेडी को मिलना तय है.

जबकि तीसरा सीट पौडेयाहाट पर झामुमो का अधिकार बनता है. पौडेयाहाट सीट आदिवासी बहुल सीट है और इसपर झामुमो ने पूर्व में इस सीट पर अपना परचम लहराया है. पौडेयाहाट विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक प्रदीप यादव हैं, जो झारखंड विकास मोर्चा से चुनाव जीत कर आए हैं. इनकी मानसिकता झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने की रही है. ऐसे में पौडेयाहाट सीट झामुमो के लिए बिल्कुल उपयुक्त सीट है. कार्यकर्ताओं की भावनाओं और पूर्व के इतिहास को देखते हुए चुनाव में झामुमो प्रत्याशी को अवश्य उतारा जाना चाहिए. इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना, दुमका जिला कमिटी सदस्य राजेश चौधरी सहित अन्य नेता थे.

### प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच क्रिकेट मैच

**पीरटांड (गिरिडीह)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत पीरटांड़ प्रखंड के चिरकी स्थित जगदीश टांड़ मैदान में गुरुवार को क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. इस मैच में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच खेला गया. इस मौके पर बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, सीओ गिरजानन्द किस्कू, पत्रकार भोला पाठक, सिकंदर सिंह, अजय भंडारी, देवेश बक्सी, राजीव पाण्डे, गौरव भक्त, लालू यादव, कर्मचारी आलोक कुमार, नाजिर अविनाश कुमार, आर्यन कुमार, रोकी सिंह, सुमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे. टॉस जीतकर प्रशासन एकादश के कप्तान बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने बैटिंग करने का फैसला लिया. प्रशासन एकादश ने 10 ओवर में 82 रन बनाए. जवाबी पारी खेलते हुए पत्रकार एकादश ने 10 ओवर में 82 रन बनाए. पत्रकार एकादश और प्रशासन एकादश में मैच टाई रहा. मैच खत्म होने के बाद चुनाव को लेकर शपथ ग्रहण के साथ समापन किया गया.

### छह दिवसीय शरद पूर्णिमा उत्सव शुरू

**बोकारो।** झारखंड के तत्वावधान में छह दिवसीय प्रांतीय सेवा प्रशिक्षण वर्ग, बोकारो के चास अन्तर्गत चिकसिया में अवस्थित डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज परिसर में शरद पूर्णिमा उत्सव खेलकूद के साथ मनाया गया. विगत 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के प्रातः तक चलने वाले आचार्य सेवा प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के विभिन्न जिलों से शिक्षा सेवा कार्यो से जुड़ी 112 सेवाव्रती महिला कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण चल रहा है. प्रशिक्षण वर्ग में मानव सेवा, संस्कारित शिक्षा, संस्कार केन्द्र संचालन विधि, समाजिक जागरुकता, समरसता, मंत्रोच्चार अभ्यास सहित योगासन आदि के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं.

### चुनाव जीतने के बाद नहीं होता गठबंधन धर्म का पालन : साव

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश्वर साव ने गुरुवार को बेंगाबाद में एक प्रेस वार्ता की. उन्होंने कहा कि उपचुनाव में महा गठबंधन धर्म का संपूर्ण रूप से कार्यकर्ता ने तन, मन, धन लगाकर लोगों ने कार्य किया. इसके बदले में झारखंड मूर्ति मोर्चा के विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने एक भी राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं को पूछने तक नहीं गई. इससे साफ जाहिर होता है कि यह महागठबंधन के धर्म के नाम पर लोग कार्य करती है, लेकिन चुनाव के बाद कार्यकर्ता को भूल जाते हैं. इसलिए उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से गांडेय विधानसभा क्षेत्र में एक बार राष्ट्रीय जनता दल को चुनाव लड़ने का अवसर देने की मांग की. मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश्वर साव, किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष पुरण यादव, युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष रवि कुमार यादव, महेंद्र पंडित समेत कई लोग उपस्थित थे.

## स्वीप कोषांग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

संवाददाता। साहिबगंज



साहिबगंज महाविद्यालय के नंदन भवन में गुरुवार को जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कोषांग की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव ने बताया कि चुनावों में शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत अक्सर कम रहता है. इसको लेकर निर्वाचन कार्यालय चिंतित है. शहरी क्षेत्र के शिक्षित वोटरों की मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने के उद्देश्य से कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें निर्वाचन विभाग के विशेषज्ञों ने प्रश्न-उत्तर के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं से संवाद किया. उन्हें मतदान की शपथ भी दिलाई.

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कई सवाल पूछे और सुझाव भी दिए. निर्वाचन विशेषज्ञों ने उसे नोट किया और उस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम में मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह, स्काउट एंड गाइड के उमाशंकर सिंह, प्रोग्राम लीडर रजिया, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो. कुमार प्रशांत भारती, प्रो. जीसू हांसदा, निर्वाचन कार्यालय के नवीन कुमार, गौरव कुमार और छात्र-छात्राओं में ज्योति, प्रियंका, कैलाश, तैयब उर रहमान, सानिया परवीन, शाहनवाज अमन, निकिता, श्रेया, काजल, ग्रेस, रितेश, बासेत, अंगद, शंकर कुमार, डेविड यादव सहित एनसीसी केडेट व एनएसएस के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही.

### हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है मां लक्खी पूजा

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** दो संप्रदायों के आपसी सौहार्द और हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल महेशमुंडा में अश्विन पूर्णिमा में होने वाली मां लक्खी की पूजा बुधवार देर शाम को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हो गई. बेंगाबाद प्रखंड के महेशमुंडा बंधाबाद में आयोजित होने वाली इस पूजा में शुरू से ही हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर पूजा करने से लेकर मेला का आयोजन करने और उसकी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मुस्तैद रहते हैं. बुधवार को मां लक्खी की पूजा प्रारंभ हो गई. महेशमुंडा स्टेशन परिसर में होने वाली इस भव्य मेला का आयोजन तीन दिनों तक बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को होगा. बताते हैं कि महेशमुंडा निवासी यदुनंदन गोस्वामी और छेदी खान ने 74 वर्ष पूर्व मां लक्ष्मी की पूजा का बीड़ा उठाया था. इस परंपरा को आज तक दोनों समुदाय के लोग ढ़ोते आ रहे हैं. लेकिन चार साल पूर्व महेश मुंडा में स्टेशन को बृहद रूप दिए जाने के बाद से रेलवे का मैदान लुप्त हो गया है. जिस कारण मेला का स्थल छोटा पड़ गया है.

# बीएसएल में हड़ताल को लेकर कर्मचारियों में काफी उत्साह



संवाददाता। बोकारो

बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वान पर 19 अक्टूबर को आयोजित हड़ताल पर बीएसएल कर्मचारी भारी उत्साह दिखा रहे हैं. बीएसएल कर्मचारी खुद छोटे-छोटे समूह में इकट्ठा होकर हड़ताल में शामिल होने का संकल्प ले रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ बीएसएल प्रबंधन हड़ताल को विफल करने के लिए सभी दाँव पेंच अजमा रही है.

पर्सनल विभाग तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अलग-अलग तरीके से समझाने में लगे हैं, लेकिन कर्मचारियों के पलटवार वाले प्रश्नों का उनके पास कोई जवाब नहीं होने पर वो चुप लगा जा रहे हैं.

बीएकेएस के अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि अपने कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार करने की नीति प्रबंधन को अब छोड़नी होगी.

वहीं मीटिंग, सीटिंग, इटिंग के बाद शुरु हुए चीटिंग की नीति को भी यूनियन नेताओं को छोड़ना होगा. महारत्ना स्टेटस का लाभ सिर्फ अधिकारी वर्ग को देने से कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है, जिसके कारण 19 अक्टूबर को ऐतिहासिक हड़ताल होने वाली है.

### ब्रीफ खबरें

#### चैता उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पोधरोपण

**गोमो।** गोमो के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चैता में गुरुवार को विद्यालय द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को पौधरोपण के महत्व की जानकारी दी गई. उन्हें जागरूक किया गया.
पौधा को बचाने का संकल्प लिया. विद्यालय परिसर में आम, कटहल, जामुन, आंवला, तुलसी, कालमेघ, बेल, पीपल, करंज समेत पचास पौधा का रोपण हुआ. अध्यक्ष सुभाष पांडेय, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद, इमरान अंसारी, धनेश्वर प्रसाद महतो, मो सुजाद्दीन, सुल्तान अंसारी, बबिता देवी, शीला देवी, सहदेव रविदास, प्रशिक्षु अध्यापक शम्मा परवीन आदि ने पौधरोपण किया.

#### हीरापुर इलाके में आज 8 घंटे गुल रहेगी बिजली

**धनबाद।** 33/11 केवी पीएसएस तेलीपाड़ा की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बंद रहेगी. पीएसएस में 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर की स्थापना की जा रही है. इस कारण सम्बंधित क्षेत्रों में आठ घंटे बिजली गुल रहेगी. इससे विनोद नगर, अम्बेडकर नगर, सिमलदिह, ईटवारी नगर, पुलिस लाइन बौरी पाड़ा, आनंद टोला, इंद्र नगर, दामोदरपुर, करमाटांड, प्रोफेसर कॉलोनी, माड़ा कॉलोनी, प्रेम नगर, राधे नगर आदि क्षेत्र प्रभावित होंगे.

#### बीसीसीएल के अभियान में 2550 पौधे लगाए

**धनबाद।** बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों और मुख्यालय में विशेष अभियान 4.0 के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया. इस अभियान के अंतर्गत कुल 2550 पौधे लगाए गए, जो पर्यावरण संरक्षण के हरित क्षेत्र में विकास को लेकर बीसीसीएल के प्रतिबद्धता को दर्शाता है. मौके पर मौजूद निदेशक कार्मिक बीसीसीएल मुरली कृष्णा रमैया ने जहां स्नेक प्लांट के लाभों के बारे में प्रकाश डाला ,वहीं उन्होंने कहा की इस प्लांट से ऑक्सीजन उत्सर्जन होने की बात कही.मौके पर निदेशक फाइनेंस आरके सहाय, सीबीओ अमन राज ,विधुत सहाय जीएम,उदवीर सिंह के अलावा कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे.


## शहर में विशेष वाहन जांच अभियान
# दो दर्जन से अधिक वाहन चालकों पर लगा जुर्माना

संवाददाता। धनबाद



दुर्गापूजा के बाद यातायात पुलिस फिर से सख्त हो गई है. गुरुवार को विभाग द्वारा सिटी सेंटर के साथ-साथ शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया.जिसमे रॉन्ग साइड से वाहन ड्राइव, हेलमेट, बीमा, पोल्यूशन आदि कागजातों की जांच की गई.
इस अभियान में दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों से जुर्माना वसूला गया.अभियान में शामिल सार्जेन्ट मेजर राकेश कुमार दुबे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करें व वाहन चलाते समय अपनी गाड़ी के सभी कागजात को अपडेट रखें. जैसे गाड़ी का बीमा, फिटनेस, परमिट, ड्राइवरी लाइसेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट व अन्य कागजात आदि. यातायात निमयों के तहत वाहन चलाएं ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके. उन्होंने यह भी कहा कि रॉन्ग साइड में गाड़ी चलाना भी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक बन गया है. इसलिए सभी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें. उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा लगातार चलाये जा रहे वाहन जांच अभियान से लोग काफी जागरूक हुए हैं.आगे भी यह अभियान जारी रहे.

### सीआईएसएफ की छापामारी, दो टन कोयला सहित चार बाइक जब्त



**तेतुलमारी।** गुरुवार की सुबह वेस्ट मोदीडीह में भूमि आउटसोर्सिंग कंपनी पैच के पाण्डेडीह मां मनसा मंदिर के समीप सीआइएसएफ ने छापामारी कर चार बाइकों में लदा करीब 16 बोरा में भरा करीब दो टन अवैध कोयला जब्त किया. भनक लगते चालक मौके पर से भाग निकले. जब्त कोयले को सीआईएसएफ ने कतरास प्रबंधन को सौंप दिया, जबकि बाइक को तेतुलमारी थाना को सौंप दिया. सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना का आधार पर किया गया है, उक्त स्थान से लगातार कोयला चोरी होने की सूचना मिल रही थी, इसी के आलोक में यह कार्रवाई की गई है.

## गंगा गौशाला कतरास में नारायणी सुरभि गौ गृह का शिलान्यास

संवाददाता। कतरास



गुरुवार को गंगा गौशाला कतरास में नारायणी सुरभि गौ गृह का शिलान्यास व पूजन किया गया. गौशाला पुजारी भागीरथ पांडे ने पूरे विधि विधान से भूमि पूजन करवाया. पुजारी भागीरथ पांडेय, गुरु श्रीकांत जी शर्मा, गौशाला के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, सचिव सुरेंद्र अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने गौ माता का पूजन किया. प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि ब्रह्मलीन गुरु मां भगवती देवी की प्रेरणा से श्रीकांतजी शर्मा ( बाल व्यास ) द्वारा गंगा गौशाला कतरास में नारायणी सुरभि गौ गृह का शिलान्यास किया गया. भगवती देवी गौ प्रेमी थी. गौ माता का दुःख दर्द उनसे देखा नहीं जाता था. इसलिए उन्होंने गौ सेवा करने का संकल्प लिया. आज उनकी प्रेरणा से गुरु श्रीकांतशर्मा जी द्वारा गौमाता और गौशाला की निरंतर सेवा की जा रही है. गौशाला के अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने बताया कि बृजमोहन गाड़ोदिया व श्रीकांतजी शर्मा का गंगा गौशाला में हमेशा से सहयोग रहा है. मौके पर कृष्ण कन्हैया राय, कमलेश सिंह, दीपक अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, आनंद खंडेलवाल, श्वेता अग्रवाल, उर्मिला देवी, रीता देवी आदि उपस्थित थे.

### विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रोजेक्ट इंपैक्ट का सकारात्मक असर

संवाददाता। गोविंदपुर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गोविंदपुर में गुरुवार को प्रयास एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला समारोहपूर्वक शुरू हुई. इसमें गोविंदपुर, बलियापुर, टुंडी, पूर्वी टुंडी, झरिया एवं निरसा के उच्च विद्यालयों व प्लस टू उच्च विद्यालयों के सभी प्राचार्य भाग ले रहे हैं. कार्यशाला की शुरुआत जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान के संकाय सदस्य ओमप्रकाश व सुनीता कुमारी तथा मास्टर ट्रेनर पीएम श्रीविद्यालय के देवानंद सिंह, अंजली कुमारी एवं ममता कुमारी ने की. उन्होंने प्रोजेक्ट इंपैक्ट एवं विद्यालय में चल रही सारी शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी इस कार्यशाला में दी.उन्होंने कहा कि प्रयास एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट का सकारात्मक असर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर पड रहा है. इससे विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ रही है. इस अभियान से बच्चे काफी प्रभावित हो रहे हैं. उन्हें विद्यालय प्रतिदिन आने की ललक बढ़ रही है. इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को होगा.

## पश्चिमी झरिया क्षेत्र के मुनिडीह में पौधरोपण



संवाददाता। केंदुआ

"एक पेड़ एक मां" कार्यक्रम के तहत पश्चिमी झरिया क्षेत्र के मुनिडीह में एक अभियान के तहत 200 पौध लगाए गए. अधिकारियों ने जामुन, अमरूद, नीम आदि के पौधे लगाए. कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए. पौधरोपण में क्षेत्रीय प्रबंधक बीएन साहा, सौरभ कुमार, स्वप्न मंडल, रोहित कुमार, विकास कुमार, संदीप कुमार, सपन कुमार, गौरव प्रभात आदि शामिल थे.

## आंखद्वारा फुटबॉल मैदान में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

संवाददाता। निरसा/कालूबथान

कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के आंखद्वारा फुटबॉल मैदान में एएसएस क्लब आंखद्वारा द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरूवार दोपहर आंखद्वारा के पूर्व मुखिया सष्टि पद सिंह ने फीता काटकर किया. खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी खेल का आयोजन किया गया है. आप खेल को खेल के भावना से खेलें एवं जिला से लेकर राज्य तक अपना परचम लहरायें. टूर्नामेंट मे कुल 28 टीम के खिलाड़ी भाग लेंगे. जिसमें चार महिला टीम भी फाइनल के दिन रविवार को अपना प्रदर्शन दिखाएगी. कप्तान बलराम हांसदा, उप कप्तान सरकार मराण्डी, टीम मैनेजर नागेश्वर मोदी, सचिव महावीर मोदी, अध्यक्ष विष्णु हांसदा, व मुकेश हेम्ब्रम आदि आयोजन को लेकर सक्रिय हैं.



### डीएवी मुनीडीह में स्कालरशिप टेस्ट प्रतियोगिता

**केंदुआ।** नीट मेडिकल की तैयारी में जुटे डीएवी मुनीडीह के विद्यार्थियों के लिए बायोम इंस्टिट्यूट रांची द्वारा उड़ान स्कालरशिप टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया . इसमें बायोलॉजी की शिक्षा ग्रहण कर रहे कक्षा 10वीं व 12वीं के विज्ञान संकाय के दो सौ छात्रों ने भाग लिया . मेडिकल की परीक्षा की तैयारी करनेवाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया . बायोम इंस्टिट्यूट के द्वारा बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कार करने के साथ स्कालरशिप देने की घोषणा की है . स्कूल की प्राचार्य इंदू प्रसाद ने विद्यार्थियों के लिए किए गए संस्था के प्रयास की सराहना की .कहा कि इससे बच्चे काफी लाभान्वित होंगे . प्रतियोगिता आयोजित करने में संस्था के मो . वसीम व कामेंद्र प्रसाद ने सहयोग दिया .

## आरएस मोर कॉलेज में गुरुवार को विश्व निवेशक सप्ताह पर संगोष्ठी

संवाददाता। गोविंदपुर



आरएस मोर कॉलेज में गुरुवार को विश्व निवेशक सप्ताह के तहत सेवी व एनएसइ तथा आरएसमोर के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रवीण सिंह ने की. कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय से डॉ. रमन बल्लभ, एनएसइ के डिप्टी मैनेजर, सेवी के जनरल मैनेजर ने भी भाग लिया. बीबीएमकेयू के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने ऑनलाइन छात्रों को संबोधित कर निवेश की उपयोगिता के संबंध में बताया. उन्होंने कहा कि निवेश योजना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करती है. इसमें आपकी वर्तमान स्थिति का आकलन करना, लक्ष्य निर्धारित करना और ऐसे निवेश चुनना शामिल है जो आपकी जोखिम सहनशीलता और समय सीमा के अनुकूल हो. प्राचार्य डॉ. प्रवीण सिंह ने निवेश योजना एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला. संयोजक एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रतना कुमार ने भी विचार रखे. संचालन प्रो. तरुण कांति खलखो और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजित कुमार बरनवाल ने किया. संगोष्ठी में डॉ.अमित प्रसाद, डॉ. शबनम परवीन, डॉ. पूजा विश्वकर्मा, प्रो. सत्य नारायण गोराईं, डॉ. विनोद कुमार एक्का, प्रो. स्नेहलता, डॉ. त्रिवेणी महतो, डॉ.अस्मिता तिग्गा, डॉ. संदीप, डॉ. रवि रंजन, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. जहांगीर, डॉ. प्रमिला, मो. शारिक, सुजीत मंडल आदि समेत छात्र-छात्राओं ने भाग लिया.

## आसनसोल

### भारतीय मछुआरों को बांग्लादेशी जल सीमा में घुसना पड़ा महंगा
# बांग्लादेशी नौसेना ने किया गिरफ्तार

- दो भारतीय ट्रॉलरों को बांग्लादेशी नौसेना ने पकड़ा
- ट्रॉलर में सवार थे 31 मछुआरे

संवाददाता। कोलकाता



पश्चिम बंगाल में गहरे समुद्र में हिल्सा मछली पकड़ने की कोशिश दो ट्रॉलर में सवार भारतीय मछुआरों के लिए महंगी साबित हुई. बांग्लादेशी जल सीमा में घुसने वाले दो भारतीय ट्रॉलरों को बांग्लादेशी नौसेना ने पकड़ लिया, जिनमें 31 मछुआरे सवार थे. ये मछुआरे दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप के रहने वाले हैं. 14 अक्तूबर को 'एफबी बासंती' और 'एफबी जय जगन्नाथ' नामक दो ट्रॉलर पर सवार होकर मछुआरे नामखाना घाट से रवाना हुए थे. वे गहरे समुद्र में भारतीय जल सीमा को पार कर बांग्लादेशी सीमा में घुस गए, जहां मछली पकड़ने पर सरकारी प्रतिबंध है. बांग्लादेश नौसेना का जहाज बीएनएस शहीद अख्तरउद्दीन ने दोनों ट्रॉलरों का पीछा किया और उन्हें रोक लिया. मछुआरों को पटुआखाली बंदरगाह पर ले जाया गया और कलापाड़ा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया. बांग्लादेश में हिल्सा मछलियों के प्रजनन के लिए 22 दिनों का मछली पकड़ने पर प्रतिबंध है, जो हर साल इसी समय जारी किया जाता है. मछुआरों के परिजन चिंतित हैं और प्रशासनिक मदद की मांग कर रहे हैं.

## आसनसोल रेल मंडल में विकास कार्यों का निरीक्षण

संवाददाता। बराकर



आसनसोल रेल मंड़ल प्रबंधक के निर्देश पर मंडल के अधिकारियों ने सीतारामपुर में किये जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया. इस दौरान रेल मंडल के अधिकारियों ने फुट ओवर ब्रिज एवं प्लेटफार्म पर लगाये गये सीआईबी, प्लेटफार्म शेड,शौचालय, वाहन पार्किंग सहित स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया. आसनसोल रेल मंड़ल अंतर्गत सीतारामपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन का दर्जा दिया गया है. रेल मंत्रालय की ओर से अमृत भारत स्टेशन के विकास के लिये कई योजनाओं को लागू किया गया . वही स्टेशन परिसर में रेलयात्रियों की सुविधा को लेकर फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है.
प्लेटफार्म पर नम्बर एवं ट्रेन की बोगी की पहचान के लिये सीआईबी लगाया गया है. जिससे रेलयात्रियों को किसी प्रकार की काठिनाईयों का सामना नही करना पड़े. इसके अलावा सामान्य लोगो के लिये शौचालय के अलावा विकलांग यात्रियों के लिये अलग से शौचालय का निर्माण किया गया. जिनमें रेल मंडल प्रबंधन के जनसंपर्क अधिकारी विप्लव बाउरी, ए ई एन आसनसोल प्रकाश दास,प्रचार निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, अभिजीत चौधरी, तन्मय, सीतारामपुर स्टेशन मास्टर देवाशीष जायसवाल, सीतारामपुर आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक लखन मीणा, एएस.आई सुनील सिंह मुख्य रूप से शामिल थे.

## बराकर : दीपावली मेले का आयोजन महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

- मेले का उद्घाटन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने किया
- मेले का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना

संवाददाता। बराकर



बराकर में मारवाड़ी महिला समिति बराकर शाखा द्वारा आयोजित दीपावली मेले का उद्घाटन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने किया. इस अवसर पर मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया. मेले में बराकर, कुल्टी, आसनसोल, रानीगंज और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र की मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने लगभग दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए. मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी समाज की महिलाएं शिक्षा ग्रहण के बाद आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं. उन्होंने आगे कहा कि मारवाड़ी समाज की बेटियाँ और बहुएँ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए व्यवसाय के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाने का प्रयास कर रही हैं. संगीता अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में समाज और देश के विकास के अलावा व्यवसाय के क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे हस्त कला को बढ़ावा मिलता है और महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं. इस मेले में बंगाल और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं ने जमकर खरीदारी की. मारवाड़ी महिला समिति बराकर शाखा के अध्यक्ष संगीता अग्रवाल, हेमलेखा अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, श्यामलता अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, नीतू पोद्दार सहित कई सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. धनबाद के रिवाज नामक संस्था का भी इस मेले के आयोजन में अहम योगदान रहा.

## नितुरिया पंचायत समिति ने किया छठ घाट का निरीक्षण



संवाददाता। नितुरिया

छठ पूजा को लेकर नितुरिया पंचायत समिति और सालतोड़ ग्राम पंचायत की ओर से गुरुवार की सुबह पारबेलिया दामोदर नदी छठ घाट का परिदर्शन किया गया. इस मौके पर नितुरिया पंचायत समिति के अध्यक्ष शांतिभूषण प्रसाद यादव, सालतोड़ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान सुमित सागर प्रसाद यादव, पंचायत सदस्य केशव हाड़ी, सुमित कुमार शर्मा, दीपक सिंह, विपिन यादव, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे. जानकारी के अनुसार करीब आ चुके छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं को घाट पर कोई परेशानी ना हो इसको लेकर निरीक्षण किया गया. हर तरह की परेशानी को लेकर विचार विमर्श किया गया. उपस्थित सभी ने अपने परामर्श दिया. इन पर निरीक्षण कर शांतिभूषण प्रसाद यादव ने कहा किछठ पूजा को लेकर तैयारियां सोमवार से शुरू कर दी जाएंगी. इसमें छठ के श्रद्धालुओं के आने वाले रास्तों की सफाई, सुरक्षा तथा घाटों को सुरम्य-सुगम्य बनाना आदि शामिल हैं.

### जिला शासक ने किया श्याम बाबा मंदिर दर्शन



**रानीगंज।** पश्चिम बर्दवान के जिला शासक एस पोन्नाबलम ने गुरुवार को रानीगंज के प्रसिद्ध श्याम बाबा मंदिर का दर्शन किया. उनके साथ परिवार के सदस्य भी थे. मंदिर के प्रमुख राजेंद्र प्रसाद खेतान, विष्णु सराफ, रोहित खेतान और कौशल सिंह ने उन्हें फूल देकर स्वागत किया. जिला शासक ने कहा, श्याम मंदिर का दर्शन करके मुझे बेहद खुशी हुई. श्याम बाबा की अपार कृपा भक्तों पर बरसती है. यह भव्य मंदिर पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र है. उन्होंने परिवार सहित श्याम बाबा मंदिर का दर्शन किया और पुरोहित से आशीर्वाद लिया.

## सिदुली दिगीरबगान में बंदर का आतंक, 9 को किया घायल



संवाददाता। रानीगंज

अंडाल थाना क्षेत्र के सिदुली दिगीरबगान में एक बंदर ने आतंक मचा रखा है. अब तक उसने 9 लोगों को काटकर घायल कर दिया है, जिससे पूरे सिदुली में खौफ का माहौल बन गया है. इस घटना के संबंध में घायल आशाक खान ने बताया, सुबह जब मैं अपने घर से हाथ धोने के लिए बाहर आया, तब एक बंदर ने मेरे ऊपर हमला कर दिया और मेरे हाथों को अपने दांतों से चीर दिया. तब मेरे साथ मौजूद आज़म ने मेरी मदद की. लावदोहा फारेस्ट डिपार्टमेंट से आए सांतनु मांझी ने कहा, सुबह से हमारी टीम बंदर को पकड़ने में लगी हुई है. इस दौरान बंदर ने मेरे ऊपर भी हमला किया, लेकिन मैं बच गया. हमारी टीम जाल लगाकर बंदर को पकड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन अभी तक हम असफल रहे हैं. इस बंदर को हम ट्रेंकूलाइज करेंगे ताकि पकड़ा जा सके. मौके पर बनबहाल आउट पोस्ट की पुलिस भी उपस्थित रही और सभी लोगों को अपने घर में रहने की सलाह दी.

## रानीगंज व जमुरिया में महिला सुरक्षा अभियान



संवाददाता। रानीगंज

आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस के इंफोर्समेंट विभाग की अधिकारी मीनाक्षी ने विभिन्न शहरों के विभिन्न इलाकों में सर्वेक्षण किया. गुरुवार को रानीगंज और जमुरिया में उन्होंने अपनी पुलिस टीम के साथ सर्वेक्षण किया और स्कूली छात्राओं एवं महिलाओं से मुलाकात की. मीनाक्षी ने कहा, किसी भी मनचले से डरने की आवश्यकता नहीं है, उनका डटकर सामना करें और पुलिस के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें. उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में महिला सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं. प्रतिदिन इलाकों का सर्वेक्षण किया जा रहा है और महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं. मीनाक्षी ने कहा, महिला सशक्तिकरण को मजबूत बनाने के लिए हम तत्पर हैं. छात्राओं एवं महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए हमेशा हम लोग तैयार हैं.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्र मानसिक और शारीरिक सुख देता है. बड़ा कार्य करने का मन होगा. समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी. पर राहु के प्रभाव से वरिष्ठों से संबंध मधुर होंगे, परन्तु सहकर्मियों से मनमुटाव व टकराहट हो सकती है. यात्रा में सावधानी बरतनी चाहिए.

**वृष** धर्म या धार्मिक यात्रा पर खर्च होगा. निद्रा में भी खलल होगी, पर विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. खर्च में वृद्धि होगी, पर बाहर से कोई शुभ समाचार मिलेगा. आपकी सृजनात्मकता आपको अन्य साथियों से आगे ले जायेगी. अन्न दान करें.

**मिथुन** दिन में खुशनुमा माहौल होगा. समय बहुत ही उत्तम है. आर्थिक स्थिति पूरी तरह से सामान्य रहेगी. धन की आवक सामान्य तौर पर बनी रहेगी, वहीं खर्च भी बढ़ सकते हैं. अपना धन किसी को उधार ना दें. गौ माता की सेवा करें, लाभ होगा.

**कर्क** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. पिता या पिता तुल्य से विवाद हो सकता है. पर सरकार से लाभ होगा. समाज में मान-सम्मान मिलेगा. परिवार में सुख शांति भरपूर रहेगी. किसी शुभ कार्य के होने का संकेत भी सितारे दे रहे हैं. किसी विवाद में न पडें.

**सिंह** मानसिक तनाव वाला कार्य होगा. धर्म का कार्य होगा. मन में गर्व भी महसूस होगा. यात्रा सुखद और मनोरंजक होगी. जीवनसाथी से संबंध थोड़े बेहतर होंगे. कहीं पैसा फंसने का भी योग बन रहा है और कोई भी जोखिम भरा कार्य न करें.

**कन्या** कोई गलत निर्णय लेने से बचें. हानि हो सकती है. आप कार्य में अपनी पसंदीदा चीजों की तरफ ध्यान देंगे. किसी करीबी से धोखा मिल सकता है, अतः आंखें बंद करके किसी पर विश्वास न करें. विष्णु भगवान को पीली वस्तु अर्पण करें.

**तुला** व्यापार में मन लगेगा. जीवन साथी से गलत-फहमी से विवाद हो सकता है. किसी नए शौक की तरफ रुझान रहेगा जबकि स्पोट्र्स, योग आपको तरोताजा होने में मदद करेंगे. कुछ गुप्त शत्रु नुकसान पहुंचा सकते हैं.

**वृश्चिक** उदर रोग हो सकता है. आपको एकाग्र होने में मदद मिलेगी और आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. अपने रुझान में कूटनीतिक रहने की कोशिश करें और विवाद न करें. ऋण लेने से बचें. हनुमान चालीसा का पाठ करें, लाभ होगा.

**धनु** समय सामान्य है. घर में विवाद हो सकता है, पर आप अपने प्रभाव से गलतफहमियां दूर कर सकेंगे. मेहनत एवं अनुभव द्वारा कुछ नवीन स्थितियों को पाएंगे. विषम परिस्थितियों में साहस न खोएं. रुद्रागायत्री का जाप पाठ करें.

**मकर** समय सामान्य अच्छा है. विदेशी कारोबार से जुड़े लोगों को अच्छे लाभ का योग है. पिता और उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा. बिना बात के किसी से भी उलझना भरी पड़ सकता है. गरीब को अन्न का दान करें.

**कुंभ** अपनों से मानहानि हो सकती है. आपके परिश्रम को उचित सम्मान मिलेगा एवं नयी जिम्मेदारी का भार भी आपके कंधों पर डाला जायेगा. नियमित जीवनचर्या एवं संयमित खानपान में कोताही न बरतें. शनि चालीसा का पाठ करें.

**मीन** दिन बहुत ही अच्छा है. धन का आगमन होगा. किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. कार्य से सम्बंधित यात्राओं का लाभ मिलेगा. किसी वाद-विवाद के कारण किसी प्रकार का नुकसान होने से बचें. काली माता को उड़हुल फूल अर्पण करें.

## सड़क किनारे बिजली खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**खूंटी।** खूंटी-तोरपा रोड पर कुंजला मोड़ के समीप बुधवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे बिजली खंभे से जा टकराई. इस दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. युवक की पहचान मुंडा कुंजला गांव निवासी भानु होरो के पुत्र एतवा होरो (20 ) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार एतवा खूंटी से चाउमीन खरीद कर अपने घर लौट रहा था. उसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से जा टकराई. दुर्घटना की सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के स्वजनों को ढांढ़स बंधाया. गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया.

## 108 एंबुलेंस के ईएमटी-ड्राइवरों की चौथे दिन हड़ताल समाप्त

**पलामू।** 108 एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और ड्राइवरों की हड़ताल चौथे दिन गुरुवार दोपहर 3.30 बजे समाप्त हो गयी. चौथे दिन जीवीके ईमरी कंपनी के प्रोग्राम मैनेजर नीरज कुमार मिश्रा वार्ता के लिए रांची से मेदिनीनगर पहुंचे. आंदोलन स्थल पर पहुंचकर कर्मियों से वार्ता की और एक महीने के बकाया मानदेय वेतन भुगतान हो जाने की जानकारी देकर हड़ताल खत्म कराई. प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि कर्मियों का एक महीने का वेतन बकाया था. उसे कल ही पूरा कर दिया गया है. पुरानी कंपनी के बकाये मामले में वे कुछ नहीं कर सकते. बता दें कि कर्मियों का पुरानी जेडएचएल कंपनी के पास दो महीने का वेतन बकाया है. बता दें कि पलामू जिले में 108 एंबुलेंस के 122 ईएमटी एवं ड्राइवर तीन महीने के वेतन भुगतान एवं एनएचआरएम से स्थायी करने की मांग को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे. मांगों के समर्थन में एमआरएमसीएच परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे. ईएमटी एवं ड्राइवर की हड़ताल से मरीजों को लाने ले जाने में भारी परेशानी हो रही है. सारी एम्बुलेंस एमआरएमसीएच परिसर में खड़ी की गयी थी.

### राज्यपाल से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

# रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के मुद्दे पर चर्चा की



**संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित कार्यसमिति के सदस्यों ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के आर्थिक विकास, औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन के मुद्दे पर राज्यपाल के साथ चर्चा की. चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा. सौंपे गए ज्ञापन में नये उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि की आसान उपलब्धता की आवश्यकता की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया गया. बीमार होते उद्योगों के रिवाइवल के लिए केंद्र सरकार के स्तर से आवश्यक हस्तक्षेप करने की बात कही गई है. इसके आलावा प्रदेश की विधि व्यवस्था में मजबूती के लिए ठोस पहल करने, एचईसी के जीर्णोद्धार के लिए केंद्र सरकार से समन्वय बनाकर हस्तक्षेप कराने की पहल करने की मांग की गई. मतगणना का कार्य पंडरा कृषि मंडी की दुकानों की जगह किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर किये जाने का आग्रह किया गया.

**प्रतिनिधिमंडल में ये थे शामिल :** प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य राम बांगड, प्रवीण लोहिया, संजय अखौरी, सुनिल सरावगी, डॉ. अभिषेक रामाधीन, अनिल अग्रवाल, साहित्य पवन, नवीन अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, आस्था किरण और पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा शामिल थे.

### आक्रोशः वन विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ प्रदर्शन

# हाथी ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला, गुस्से में लोग

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल वन क्षेत्र के रसुनिया और सुकसारी के बीच गुरुवार की सुबह जंगली हाथी ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार दिया. मृतक की पहचान कांगलाटांड़ निवासी 36 वर्षीय समल मुर्मू के रूप में की गई है. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और विरोध में वन विभाग और स्थानीय जनप्रतिनियों के खिलाफ आक्रोश जताया. ग्रामीणों ने बताया कि मृतक शादीशुदा है और उसके पीछे पत्नी के अलावा तीन छोटी-छोटी बेटियां हैं. जंगली हाथियों के उत्पात से क्षेत्र में कई परिवार तबाह हो चुके हैं. इस समस्या को लेकर ना वन विभाग गंभीर है और ना स्थानीय जनप्रतिनिधि. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात के कारण ग्रामीण त्राहिमाम कर रहे हैं. आए दिन जंगली हाथी किसानों की फसल बर्बाद कर रहा है, तो कभी मकानों को ध्वस्त कर रहा है. इतना ही नहीं हाथी के साथ सामना होने पर लोगों की जान भी जा रही है.



मृतक की पत्नी को मुआवजा राशि देते वनकर्मी.

**वन विभाग ने दिया मुआवजा :** घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की. जंगली हाथी द्वारा मारे जाने के कारण वन विभाग की ओर से मृतक समल मुर्मू की पत्नी को अग्रिम मुआवजा के रूप में 50 हजार रुपये दिया गया. वहीं बाकि का साढ़े तीन लाख कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक के आश्रितों को दिया जाएगा. वहीं पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया. जंगली हाथी द्वारा बार-बार ग्रामीणों की जान लेने पर लोग आक्रोशित हैं. लोगों का कहना है कि आखिर हाथी जंगल से बाहर क्यों निकल रहा है. क्या हाथी को जंगल के अंदर खाना और पानी नहीं मिल रहा है. इन दिनों चांडिल, ईचागढ़, नीमडीह और कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. वन विभाग का कहना है कि हाथियों का झुंड एक से दूसरे स्थान की ओर आवाजाही कर रहे हैं. इस दौरान घटनाएं घट रही हैं. ऐसे में लोगों को सचेत रहने की जरूरत है.

### रेलवे स्टेशन गेट तक पहुंच गया था जंगली हाथी



रसुनिया और सुकसारी में घटना को अंजाम देने के पहले जंगली हाथी लुपुंगडीह पंचायत के बाना जंगल से पितकी गांव पहुंचा था. गांव में मुरलीधर गोप की चहारदीवारी और मेन गेट को क्षतिग्रस्त किया. इसके साथ ही हाथी खुदीराम गोप के खेत में धान की फसल को रौंदकर बर्बाद किया. इसके बाद हाथी चांडिल रेलवे स्टेशन बस्ती गेट के पास राम मंदिर पहुंचा. रेलवे स्टेशन के बाहर गेट के समीप कुछ देर तक हाथी खड़ा रहा. इसके बाद रसुनिया की ओर रवाना हुआ था. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड के लोग इन दिनों जंगली हाथियों के उत्पात से खासे परेशान हैं और दहशत के माहौल में रहने पर मजबूर हो रहे हैं. लोगों में इसको लेकर व्यापक आक्रोश देखा जा रहा है. आम ग्रामीण इसे चुनावी मुद्दा बनाने की मांग कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि आखिर चुनाव में जंगली हाथी की समस्या क्यों नहीं प्रमुखता से उठाया जाता है.

## चाईबासा जेल गेट पर गोलीबारी की जिम्मेवारी मयंक सिंह ने ली

**संवाददाता। रांची/चाईबासा**

चाईबासा मंडल कारा की चहारदीवारी की गेट पर अपराधियों द्वारा गोली चलाने का मामला सामने आया है. इस घटना का सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने जिम्मा लिया है. जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 6 और 10 अक्टूबर को चाईबासा जेल परिसर में जो गोलीबारी हुई है, वो मेरे द्वारा करायी गयी है. जेलर और सुपरिटेंडेंट इस बार बच गये मगर नेक्स्ट बार नहीं बचेंगे. चाईबासा जेल में सभी कैदियों के साथ, जेल मैनुअल के अनुसार नियम-कानून का पालन नहीं किया जाता है. गोलीबारी की घटना के बाद 16 अक्टूबर को जेल अधीक्षक द्वारा सदर थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया.

## स्वीप के तहत निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो को विभिन्न प्रतियोगिता व कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए. इसी क्रम में इंदु प्रभा खलखो के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बीएलओ दीदियों द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की. इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक मतदाता जागरूकता संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया.

### पेज एक का शेष

## हरियाणा ने देश...

अब लौटते हैं हरियाणा पर. हरियाणा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई सरकार तीसरी बार सत्ता में आयी है. चुनावी लालबुझक्कड़ों, आंदोलनजीवियों, एनजीओधारियों और षडयंत्रकारियों के होश फाख्ता हो गये हैं. कांग्रेस यह पराजय स्वीकार नहीं कर पा रही है. वह ईवीएम की बैटरी का बहाना बना रही है. जबकि उसे मालूम है कि ईवीएम की बैटरी अलग से नहीं बदली जाती है. पूरी मशीन ही बदली जाती है. लेकिन जब राहुल गांधी विदेश में कह आये हैं कि पिछला लोकसभा चुनाव नियंत्रित था तब कांग्रेस के वर्तमान आरोप तो मामूली ही हैं. इस चुनाव में योगेंद्र यादव उर्फ सलीम खान तो कांग्रेस की हवा, आंधी और सुनामी तक चले गये थे. वह जनसभाएं भी कर रहे थे. अहीरवाल क्षेत्र में तो उत्तर प्रदेश के मंगेश यादव के इनकाउंटर का मुद्दा भी उठा रहे थे. वह बोलते हैं मीठा, लेकिन भीतर जहर भरा होता है. इन्हीं लोगों के लिए विषकुंभ पयोमुखं कहा गया है. राकेश टिकैत और सतपाल मल्लिक हमेशा की तरह ललकार रहे थे. लेकिन भाजपा के माइक्रो मैनेजमेंट के आगे सब निढाल हो गये. उपर्युक्त परजीवियों के अलावा मीडिया के स्वनामधन्य लोगों ने भी निष्पक्षता की चादर ओढ़कर पूरी बेशर्मी से वह सब किया जो पत्रकारिता में त्याज्य है. हरियाणा में भाजपा पहली बार 2014 में सत्ता पर काबिज हुई. उसके पहले वह कांग्रेस विरोधी दलों की पिछलग्गू थी. दो-चार सीटें मिल जाती थीं. लेकिन उसने स्वयं को इतना संगठित किया है, डिलीवरी दिया है, भ्रष्टाचार से दूर विकास का कार्य किया है. लोगों के दिल जीते हैं और आज तीसरी बार सरकार बना ली है.

मान लीजिए, भाजपा हार जाती, तो क्या हो जाता ? भूपेंद्र सिंह हुड्डा घोषणा कर चुके थे कि वह सीएम पद की शपथ लेते ही शंभू बॉर्डर खोल देंगे. वही शंभू बॉर्डर जहां किसानों का नकाब ओढ़े गुंडे, खालिस्तानी और आतंकी अपने ट्रैक्टरों को टैंक का रूप देकर डटे हुए हैं. उन्हें पूर्व सीएम मनोहरलाल खट्टर ने रोक रखा है. सलीम खान भी किसानों के बीच यही कह रहे थे कि सरकार बनाओ, बॉर्डर खुलेगा. कुछ तो यह उम्मीद पाले बैठे थे कि बॉर्डर खुलते ही दिल्ली में 26 जनवरी 2021 वाला कांड होगा. तब तिरंगे को रौंदा गया था. जवानों पर हमले हुए थे. दिल्ली मानो पिंडारियों के हवाले हो गयी थी. इस बार तैयारी उससे बड़ी थी. बांग्लादेश रिपीट की योजना थी. पुलिस गोली चलाती तो दुनिया भर में बदनामी होती. वह गोली नहीं चलाती तो दिल्ली दहक जाती. गुंडागर्दी का नंगा नाच होता. विदेशी फंडिग जो हुई है. यही कारण है कि चुनाव परिणामों के दिन शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि हरियाणा की विजय की अनुगूंज 12 हजार किमी तक सुनाई दे रही है. उनका इशारा अमेरिका और कनाडा की ओर था. कांग्रेस ने तो जवान, किसान और पहलवान के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था और जनता ने उसे हरा दिया तो क्या ये मुद्दे नहीं चले. थोड़े बहुत चले होंगे, लेकिन हुड्डा राज की खर्ची-पर्ची सब पर भारी पड़ गई. कांग्रेस का अंर्तकलह, छितराया हुआ संगठन और अतिआत्मविश्वास कांग्रेस को ले डूबे. दूसरी ओर भाजपा ने जमीन नहीं छोड़ी. वह घर-घर गई और बताया कि प्रश्न जीत-हार का नहीं है, देश का है, राज्य का है. उसका थीम सांग था- हरियाणा दिल से, भाजपा फिर से. शंभू बॉर्डर एक बड़ा मुद्दा था, जो कांग्रेस के रणनीतिकारों की नासमझी से उल्टा पड़ गया. हरियाणा में भी छोटी पार्टियां साफ हो गयी हैं. दुष्यंत चैटाला की जेजेपी खाता भी नहीं खोल पाई तो अभय चैटाला की इनलो दो सीटों पर सिमट गयी. तीन निर्दलीय जीतने के बाद भाजपा के साथ हो लिये हैं. अब हुड्डा का राजनीतिक भविष्य क्या होगा, पता नहीं, लेकिन हरियाणा ने कांग्रेस को हराकर देश बचा लिया है. इसके लिए बधाई हरियाणवी सोच को.

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयंती



रांची में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पुष्पांजलि देते भाजपा अजजा मोर्चा के प्रतिनिधि.

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की. पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर ने कहा कि रत्नाकर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने दर्शन दिए. इसलिए उन्होंने रत्नाकर को वाल्मीकि का नाम दिया. क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा, वाल्मीकि जी भगवान राम के सबसे बड़े भक्त माने जाते थे और इन्होंने ही पूरी रामायण लिखी थी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के दर्शन और इतिहास में एक बहुत ही चर्चित नाम हैं. राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा, पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का परित्याग किया, तो वह महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में कई वर्षों तक रही थीं. यहीं पर माता सीता ने लव व कुश को जन्म दिया था. इस मौके पर भाजपा की प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पासवान, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेंद्र लाल, प्रदेश मंत्री राजीव राज लाल, प्रदेश प्रवक्ता राकेश राम, रामगढ़ प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम व अन्य मौजूद थे.

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष ने उठाये सवाल

## प्राथमिकी में चीफ फाइनेंस ऑफिसर का नाम ही नहीं

**संवाददाता। रांची**

**खास बातें**
- निगम में 109 करोड़ के घोटाले की जांच की मांग
- अजय राय ने मामले को लेकर चिंता जताई है

झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में हुए 109 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के मामले में चीफ फाइनेंस ऑफिसर का नाम अभी तक प्राथमिकी में नहीं होने पर गहरी चिंता जतायी है. उन्होंने कहा कि यह मामला निगम की वित्तीय स्थिति के साथ-साथ राज्य की आर्थिक स्थिरता के लिए भी खतरनाक है. ऐसे में चीफ फाइनेंस ऑफिसर मधुप कुमार को अभी तक नामजद नहीं किया जाना गंभीर सवाल खड़े करता है. राय ने आगे कहा, इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए, न कि विभागीय जांच. विभागीय जांच से मामले की गंभीरता को कम करने की कोशिश की जा सकती है.

उन्होंने बताया कि पूर्व में भी प्राथमिक में नामजद जयंत कुमार के कार्यकाल में करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा हुआ था, लेकिन अभी तक एक अनस्किल्ड कर्मी के गिरफ्तारी के अलावा कही कुछ नहीं हुआ, जबकि यह सारा खेल जयंत कुमार के अधीन ही हुआ था. इससे वर्तमान में 109 करोड़ की फर्जी निकासी को लेकर ऊर्जा निगम मुख्यालय से लेकर पूरे विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं. राय ने मांग की कि चीफ फाइनेंस ऑफिसर मधुप कुमार के खिलाफ तत्काल नामजद प्राथमिकी दर्ज की जाए, मामले की मामले की न्यायिक जांच करायी कराने के साथही साथ दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधीन होने वाले इस विभाग में इतने बड़े पैमाने पर हुए फर्जी निकासी मामले में हमें उम्मीद है कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी.

### निर्णय ऊर्जा विभाग ने 14 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर जिम्मेवारियां सौंपी

# ऊर्जा विभाग के पुनर्गठन के बाद अफसरों के कार्यों का बंटवारा

**विशेष संवाददाता। रांची**

ऊर्जा विभाग का पुनर्गठन, विभिन्न नए प्रमंडल और पदों के सृजन के बाद अफसरों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है. इसको लेकर ऊर्जा विभाग ने बीते 14 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर दी.



**कौन क्या कार्य करेंगे**

**अभियंता प्रमुखः** अभियंता प्रमुख, ऊर्जा विभाग का कार्य एवं शक्तियां झारखंड लोक निर्माण संहिता पीडब्लूडी कोड में निहित प्रावधानों एवं राज्य के अन्य कार्य विभागों के अनुरूप होगी. अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता एवं मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग के कार्यों के निरीक्षण, पर्यवेक्षक एवं क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होंगे. इनके द्वारा ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी इकाईयां जैसे टीवीएनएल, विद्युत नियमों, ज्रेडा आदि से संबंधित नीति निर्धारण, विद्युत नियमों के अनुपालन में विभाग को तकनीकी परामर्श प्रदान करेंगे. इसके साथ ही सीईए रेगुलेशन के तहत 132 केवी क्षमता से अधिक एवं 50 एमवीए से अधिक क्षमता के विद्युत अधिष्ठापनों का निरीक्षण कार्य किया जाएगा.

**मुख्य विद्युत निरीक्षक :** विद्युत निरीक्षालय एवं उससे संबंधित कार्यों का निरीक्षण एवं क्रियान्वयन उत्तरदायी होंगे. मुख्य विद्युत निरीक्षक विद्युत निरीक्षालयों के प्रमुख होंगे. साथ ही साथ भारतीय विद्युत 2003 की धारा 127 के तहत ऐपीलेंट ऑथोरिटी के रूप में कार्य करेंगे. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा विद्युत निरीक्षक कार्यालयों के कार्यों के निरीक्षण व क्रियाकलापों के लिए उत्तरदायी होंगे. विद्युत निरीक्षक कार्यालय में पदस्थापित सहायक विद्युत निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र का आवंटन विद्युत निरीक्षक के परामर्श से मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा किया जाएगा.

**मुख्य विद्युत अभियंता :** मुख्य विद्युत अभियंता का पद मुख्य विद्युत निरीक्षक के पद से अलग होने के बाद विद्युत कार्य विभाग के लिए निर्धारित रहेगा. मुख्य विद्युत अभियंता सह मुख्य विद्युत निरीक्षक के सचिव (प्रावैधिक) का पद भी मुख्य अभियंता के सचिव (प्रावैधिक) के रूप में विद्युत कार्य विभाग के अंतर्गत होगा. ये पीडब्लूडी कोड एवं समय-समय पर निर्गत अधिसूचनाओं के अनुरूप विद्युत कार्य विभाग के संचालन एवं कार्यों के निर्वहन के लिए उत्तरदायी होंगे.

**एसओआर सेल :** यह सेल एसओआर सेल के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करेगा. अपने सभी अनुशंसा मुख्य अभियंता को भेजेंगे. यह सेल मुख्य विद्युत अभियंता के अधीन होगा. इससे संबंधित सभी वेतन एवं निकासी मुख्य विद्युत अभियंता कार्यालय से किया जाएगा.

**विद्युत लाइसेंसिंग बोर्ड :** विद्युत लाइसेंसिंग बोर्ड मुख्य विद्युत निरीक्षक, विद्युत निरीक्षालय के अधीन रहेंगे एवं इससे संबंधित वेतन एवं निकासी मुख्य विद्युत निरीक्षक कार्यालय से किया जाएगा. यह बोर्ड विद्युत निरीक्षणालय के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय होगा.

## कोडरमा में भी आज से भरे जाएंगे नामांकन पत्र, तैयारी पूरी

**संवाददाता। कोडरमा**

राज्य में विधानसभा के चुनावी रण में कूदने की तैयारी में जुटे लोगों का इंतजार खत्म हुआ. शुक्रवार सुबह विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन का दौर शुरू हो जाएगा. प्रतिदिन सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा कराए जा सकेंगे. कोडरमा की निर्वाची पदाधिकारी सह कोडरमा एसडीओ रिया सिंह ने बताया कि शुक्रवार से नामांकन पत्र भरे जाएंगे. इसकी तैयारी हो चुकी है. दिन के 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा होगा. 25 अक्टूबर तक नामांकन भरे जाएंगे. नाम निर्देशन की संवीक्षा 28 अक्टूबर है, जबकि उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है. उन्होंने बताया कि कोडरमा में कुल मतदाताओं की संख्या 405190 है जिनमे पुरुष मतदाता 205226 और महिला मतदाता 199961 हैं. कोडरमा में थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 3 है. इधर नामांकन को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर की बेरिकेडिंग कर ली गयी है. इधर तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया की तैयारी का जायजा लिया गया. उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की सारी तैयारियां पूर्ण कर लें. सभी आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही. हेल्प डेस्क स्थापित करने कहा गया.

**AFFIDAVIT**

I, **Babli Kumari,** W/o Kartik Munda, aged about 35 years, by faith Hindu, by profession Housewife, by Nationality Indian, R/o At-Sugia, P.O.- Karma, P.S.-Mandu, Dist.- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under :-

1. That my actual and correct name is **Babli Kumari** which has been mentioned in my Educational Certificate.
2. That due to mistake my name is **Ruma Devi** has been mentioned in my UID card vide No. **6775 9638 2966.**
3. That **Babli Kumari** and **Ruma Devi** both name are same and one lady i.e. myself.
4. That this affidavit is required for authority concerned.

**Affidavit No.- 6169**
**Date : 17.10.2024**

# संजीदा सवालों से रूबरू

संजीदा पहलू यह है चुनावों के समय जरूरी और हकीकी मुद्दों पर चर्चा से प्रत्येक दल परहेज करता है. यहां तक कि चुनाव घोषणा पत्र भी आर्थिक वास्तविकताओं से रूबरू नहीं होते. इस समय देश में प्रधानमंत्री के ही शब्दों में रेवड़ियां बांटने का दौर है. इसमें इस तथ्य को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है कि इन रेवड़ियों से फौरी राहत तो मिल सकती है, लेकिन नागरिक सशक्तीकरण नहीं हो सकती. यहां तक कि वित्तीय हालात भी नहीं बदल सकते हैं. लोक कल्याणकारी राज्य नागरिकों के हितों के अनुरूप संसाधनों में बराबरी की हिस्सेदारी से बचते हुए यह अहसास कराता है कि वह अम जनों के प्रति संवेदनशील है. कल्याणकारी योजनाओं ने देश में कई महत्वपूर्ण बदलाव की भूमिका तभी निभायी है, जब वे वैचारिक धरातल पर क्रियान्वित किए गए, न कि वोटरों को लुभाने के लिए. जरूरी बात यह है कि बेरोजगारी, गरीबी, भूख और आर्थिक असमानता से जुड़े तमाम मसलों को राजनीतिक अर्थशास्त्र की हकीकतों के अनुरूप ढाला जाना वक्त की जरूरत है. अन्यथा 2047 तक विकसित भारत का नारा लगाने के बावजूद देश के मेहनतकश नागरिकों की जिंदगी में बड़ा बदलाव असंभव होगा. इसे इस बात से समझा जा सकता है कि विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में माना है कि 2020 (यानी कोरोना काल) के बाद से भारत सहित दुनिया में गरीबी घटने की प्रक्रिया ठहर गई है. बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं. विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी- पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है. पीपीपी पर यह रकम फिलहाल लगभग 44 रुपये प्रतिदिन बैठती है. वैसे विश्व बैंक ने चूंकि भारत को मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा हुआ है, इसलिए उसका कहना है कि भारत पर चरम गरीबी का पैमाना 6.85 डॉलर प्रति दिन (पीपीपी में तकरीबन 139 रुपये) लागू होना चाहिए. इस कसौटी पर देखें तो भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं. यह संख्या 1990 में भारत में चरम गरीबी सीमा के नीचे आने वाले कुल लोगों की संख्या से ज्यादा है, तब भारत की जनसंख्या लगभग 88 करोड़ थी. विश्व बैंक ने भारत सरकार की तरफ से हाल में जारी घरेलू उपभोग एवं खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2022-23 में अपनाई गई विधि की आलोचना की है. इस सर्वे के आधार पर सरकार ने भारत में गरीबी मिटाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति का दावा किया था. यानी कुल सार यह है कि भारत में गरीबी के दायरे में आज भी बड़ी संख्या में नागरिक हैं. बहुसंकट से बाहर निकलने के रास्ते नामक विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि आज भी दुनिया की 44 फीसदी आबादी प्रतिदिन 576 रुपये से कम पर जीवनयापन करती है. जनसंख्या वृद्धि के कारण 1990 के बाद से इस गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं आया है. 2020-2030 एक खोया हुआ दशक होने वाला है.

> बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं. विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी- पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है.

## सुभाषित

**यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।**
**यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग्भवति पुरुषः॥**

मनुष्य, जिस प्रकार के लोगों के साथ रहता है, जिस प्रकार के लोगों की सेवा करता है, जिनके जैसा बनने की इच्छा करता है, वह वैसा ही हो जाता है. अभिप्राय यह कि संगति से ही किसी व्यक्ति में गुण या दोष का प्रवेश करता है और वैसा उसका व्यक्तित्व हो जाता है.

# मजबूत होता लोकतंत्र का जहाज

**पूंजीवाद 'उदार लोकतंत्र' का रास्ता पकड़ता है तो साम्यवाद कठोर लोकतंत्र का रास्ता पकड़ता है. कहना न होगा कि पूंजीवाद और साम्यवाद में छत्तीस की तरह का विमुखी और विरोधी संबंध होता है.विभिन्न मानवतावादी वैश्विक आंदोलन के बाद यह बात सभी की समझ में अंट गई है कि मानवाधिकारों का खुले आम उल्लंघन, आज-न-कल, सभ्यता का सबसे बड़ा विस्फोटक बन जाता है.**



• देश-काल



प्रफुल्ल कोलख्यान

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव होने जा रहे हैं. इन दोनों राज्यों चुनावों में अब मतदान के रुझान का अनुमान लगाया जा रहा है.क्या भारत के लोकतंत्र की राजनीतिक समस्याएं चुनावी समाधान से बाहर चली गई हैं! भारत के लोकतंत्र में चुनाव से मिली ताकत का मुकाबला चुनाव से ही हासिल करने का 'दृढ़-संकल्प' आज की लोकतांत्रिक राजनीति की सबसे बड़ी राजनीतिक जरूरत है.

यह ठीक है कि हरियाणा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत प्राप्त हो गया है, लेकिन कांग्रेस की तुलना में 'मतदान' प्रतिशत में बहुत का अंतर नहीं है. झारखंड और महाराष्ट्र के लिए मत प्रतिशत का अंतर बड़ी भूमिका निभा सकता है. तथ्य तो यह है कि मत प्रतिशत का अंतर इतना नहीं है कि हार के हाहाकार में लोकतंत्र का जहाज हिचकोला खाने लगे.इस समय हाहाकारी सलाहकारों से बचना भी बहुत जरूरी है. इतना कहने के बाद भी यह तो स्वीकारना ही होगा कि भारत में लोकतंत्र हिचकोला तो जरूर खा रहा है. इसके अन्य कारण हैं. कम-से-कम लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव का परिणाम तो इस हिचकोला का कारण बिल्कुल ही नहीं है. तो फिर कारण क्या हैं?

भारत के लोकतंत्र के संदर्भ में एक सवाल बार-बार दोहराया जाता रहा है कि मजबूत विपक्ष का होना लोकतंत्र के बेहतर काम करने के लिए जरूरी है. इसी का दूसरा पहलू है कि सरकार का मजबूरी की स्थिति में बने रहना लोकतंत्र के लिए हितकर होता है. थोड़ा ठहरकर, बार-बार दुहरायी गई इस उक्ति की जांच-पड़ताल की जानी चाहिए. सरकार के विभिन्न नीतिगत निर्णयों को सरकार से बाहर रहकर भी प्रभावित करने की स्थिति, नागरिक सुविधा, राहत-रियायत में बढ़त और सबसे बड़ी बात सत्ता के बाहर खड़े विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ सत्ता की संतोषजनक साझेदारी, कह लें बंदर-बांट की संभावनाओं के चलते मजबूर सरकार ऊपर से सही लगती है.

भारत जैसे बड़े देश में बेहतर शासन में संसाधनों के अभाव से जुड़ी समस्याओं की चुनौती तो रहती ही है. लेकिन अभाव से बड़ी समस्या है, उपलब्ध संसाधनों के इस्तेमाल और वितरण में राजनीतिक और वित्तीय ईमानदारी का अभाव. इसके साथ ही दलीय दुर्भावनाओं का फैलाव मतदाताओं तक हो जाना भी एक खतरनाक स्थिति है.किसी क्षेत्र का जन-प्रतिनिधि उसके पक्ष में वोट न देनेवाले मतदाताओं का भी अधिकृत प्रतिनिधि होता है.लोकतंत्र की स्वाभाविक स्थिति तो यह है कि किसी जाति-समाज से जुड़े मतदाता की प्रतिबद्धता के किसी एक दल, नेता या जाति नेता के साथ होने की बात ही न की जाये, मगर की जाती है. यह परिपक्व प्रगतिशील लोकतंत्र का लक्षण नहीं हो सकता है.उदारता की जगह कट्टरता पढ़ने से बाकी बातें स्वयं-स्पष्ट हो जाती हैं. भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाटक 'वैदिकी हिंसा, हिंसा न भवति' की याद है न! 'बहु बकरा बलि हित कटैं, जाके बिना प्रमान, सो हरि की माया करै, सब जग को कल्यान'. मतलब बिल्कुल साफ है, कहीं भी हो, किसी की भी हो, किसी भी रूप में हो : राजकीय हिंसा, हिंसा न भवति.जीवन की अनुकूल परिस्थितियां लोकतंत्र के लिए जरूरी है. यह एक ऐसी स्थिति है, जो पहले लक्ष्य के हासिल हाथ होने की शर्त पर अपने होने की प्रक्रिया शुरू करने की जिद पर कभी-कभी अड़ जाती है.

लक्ष्य हासिल है यानी भविष्य को वर्तमान में घटित हुआ देखने-दिखाने की जिद पूरी किये जाने पर ही महाभारत में उतरता है! यहीं लोकतांत्रिक नेता में बहुआयामी विश्वसनीयता की जरूरत होती है.

'लोक-लुभावन' नेता पर जनता बार-बार भरोसा करती है और अंत में नेता की विश्वसनीयता और अपनी विश्वास क्षमता दोनों ही से हाथ धो लेता है. जनता की विश्वास क्षमता और नये नेता की विश्वास योग्यता के बहाल होने में समय लग जाता है.गरीब और वंचित जीवन-स्थिति में लोकतंत्र के प्रति अखंड विश्वास को टिकाये रखना कोई आसान बात नहीं है.

भारत के संदर्भ में राज-व्यवस्था के तीन प्रासंगिक स्वरूप को देखा जाये तो पूंजीवाद के रूप में राजतंत्र को उच्च वर्ण-वर्ग का समर्थन होता है. समाजवाद के रूप में साम्यवाद को निम्न वर्ण-वर्ग का समर्थन होना चाहिए, मगर नहीं होता है. मानववाद के रूप में समवायी लोकतंत्र को मध्य वर्ण-वर्ग का समर्थन रहता है. मानव प्रवृत्ति और मानवाधिकार के हवाले से पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों को लोकतंत्र के किसी-न-किसी रुप का आश्रय लेना पड़ जाता है.यहीं मध्य वर्ण-वर्ग अनुकूल भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है. इस मध्य वर्ण-वर्ग के आयतन को पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों ही अपने-अपने तौर-तरीके से नियंत्रित और नियमित करता रहता है.

पूंजीवाद 'उदार लोकतंत्र' का रास्ता पकड़ता है तो साम्यवाद कठोर लोकतंत्र का रास्ता पकड़ता है. कहना न होगा कि पूंजीवाद और साम्यवाद में छत्तीस की तरह का विमुखी और विरोधी संबंध होता है.विभिन्न मानवतावादी वैश्विक आंदोलन के बाद यह बात सभी की समझ में अंट गई है कि मानवाधिकारों का खुले आम उल्लंघन, आज-न-कल, सभ्यता का सबसे बड़ा विस्फोटक बन जाता है. समवायी लोकतंत्र के किसी भी रूप को दिल से न तो पूंजीवाद पसंद करता है और न साम्यवाद ही पसंद करता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## अस्तित्व का अर्द्धनारीश्वर स्वरूप

अस्तित्व का अर्द्धनारीश्वर एक परम अवस्था है, जहां सारे अंतद्र्वद्व खत्म हो जाते हैं. इसका समभाव अंतःकरण का जागरण, समाधि की अंतर्यात्रा और परमसत्ता की अनुभूति कराते है. यह अद्वैत भाव है. अर्द्धनारीश्वर का स्वरूप अपने द्वैत रूप में प्रकृति और पुरुष बन सृष्टि रचते हैं. इस कारण सृष्टि दोनों है. हम भी द्विगुणी है. प्रकृति भी है और पुरुष भी. हमारे अस्तित्व की आधी ऊर्जा पुरुष और आधी ऊर्जा प्रकृति प्रधान है. यह ब्रह्मांड में परिव्याप्त गुण और कर्म है. विराट में हरेक तत्व में प्रकृति और पुरुष का मिलन चल रहा है. प्राणवान में मेरा पुरुष मेरी प्रकृति के साथ लीन होता है. मेरी प्रकृति पुरुष के साथ एकात्म के लिए कर्मरत है. इसलिए हम ध्यान, प्रार्थना, साधना करते हैं. प्रकृति का संग अच्छा लगता है. पुरुष और प्रकृति का आलिंगन सदैव जारी है. यह ब्रह्म का पूर्ण विभाजित सृजनकर्म है, जिस कारण हमारी चेतना में स्त्रैण और पुरुषत्व दोनों का गुण रहता है. महादेव का अर्धनारीश्वर स्वरूप इस अस्तित्व के नियामक सूक्ष्म और निराकार परम ब्रह्म का साकार और स्थूल प्रकटीकरण है. शिवलिंग उस परमतत्व का स्थूल रूप है, जो सदैव सृजनरत है. इसलिए शिव अपने पुरुष रूप में सर्वश्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार पार्वती का शक्ति रूप भी पूर्णता का द्योतक है. माता पार्वती अपनी प्रकृति के साथ महादेव से एकात्म होती है, तो विराट के सृजन कर्म को अभिव्यक्त करती है. महादेव का अर्धनारीश्वर स्वरूप निराकार विराट की स्थूल अभिव्यक्ति के साथ ही स्त्री पुरुष समानता का अमिट संदेश देता है. हर प्राणवान व्यक्ति के भीतर आधा पुरुषभाव है. यह सूर्य के गुण का प्रतीक है, जिससे कर्म, संकल्प, शक्ति और चिंतन को आधारभूमि मिलती है. उसी प्रकार हरेक व्यक्ति के अंदर आधा प्रकृति का भाव है. यह चंद्र के गुण का द्योतक है, जिससे कला, करुणा, प्रेम, लालित्य और सृजन को प्रेरित करता है. भारतीय चिंतन में सदैव इस पुरुष और प्रकृति की अखंड सत्ता की स्तुति की गयी है. श्रीकृष्ण एक पूर्ण पुरुष है. माता राधा पूर्ण प्रकृति है. श्रीकृष्ण और राधा का मिलन संपूर्णता है, तो उनका एकाकीपन भी अपूर्ण नहीं है. इसी प्रकार जगतजननी माता सीता देवी है, तो श्रीराम परम देव है. अध्यात्म रामायण में वर्णन है कि जब सीता के वन गमन से लक्ष्मण दुखी हो जाते है, तब माता कहती है- आपको लगता है कि राम ने अपनी सीता को त्याग दिया है?

# 'न्यूनतम सरकार' नारे का भविष्य

• सुशासन

एल. अशोक

कहने को 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' – एक बढ़िया और उपयुक्त नारा है. अन्य लोकप्रिय मुहावरा यह है कि भारत की शासकीय संरचना केवल तीन शक्तिशाली स्तंभों पर टिकी है : प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और जिलाधीश; जिसको लेकर आमतौर पर कहा जाता है कि पीएम-सीएम-डीएम नामक त्रिमूर्ति भारत का राजकाज चलाती है. विभाजन के समय भारत में ज़िलों की संख्या सटीक रूप से ज्ञात नहीं है, लेकिन 1951 में स्वतंत्रता के बाद पहली जनगणना के समय कुल 402 जिले थे. ये जिले 27 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों (यूटी) में फैले हुए थे. नवीनतम आंकड़े के अनुसार, देश में 28 राज्य, 8 केंद्रशासित प्रदेश और 806 जिले हैं. इनमें 5 जिले हाल ही में लद्दाख में जोड़े गए हैं–जो कि सबसे नया केंद्रशासित प्रदेश है और जिसकी स्थापना 2019 में हुई है. अब इसके जिलों की संख्या 2 से बढ़कर 7 हो गई है.

देशभर के जिलों की संख्या साल 1951 में 402 थी व साल 1991 तक उसमें 74 नए जिले बनकर जुड़े. अगले दशक (1991-2001) में 117 नए जिले जोड़े गए, 2001 से 2011 के बीच इनकी संख्या 47 रही. पिछले 13 वर्षों में 166 नवीन जिलों का निर्माण हुआ है. साल 1951 में, आंध्र प्रदेश में 19 जिले थे और हैदराबाद सूबे में 17 जिले थे, आज आंध्र प्रदेश में 26 तो आंध्र प्रदेश से अलग होकर बने तेलंगाना में ही 33 जिले हैं. इसी तरह, असम में यह संख्या 13 से बढ़कर 35 हो गई, बिहार में 18 से 38, दिल्ली में 1 से 11, हिमाचल प्रदेश में 6 से 12, जम्मू-कश्मीर में 6 से 20, पंजाब में 12 से 23, ओडिशा में 13 से 30, राजस्थान में 21 से 50, उत्तर प्रदेश में 40 से 75 और पश्चिम बंगाल में संख्या 15 से 30 हो गई है.

राज्य पुनर्गठन अधिनियम-1956 लागू होने के बाद बनाए गए कुछ नए राज्यों का रिकॉर्ड चौंकाने वाला है. हरियाणा में 22 जिले हैं, जबकि 1966 में इसके निर्माण के समय 7 जिले थे. तेलंगाना की गिनती 10 से बढ़कर 33 हो गई है, उत्तराखंड में 9 से 13, झारखंड 18 से 24 और छत्तीसगढ़ में 16 से बढ़कर 33 जिले हो गए.

एक नए जिले का निर्माण, जो कि अनिवार्य रूप से एक प्रशासनिक इकाई होता है, लगता नहीं यह करते वक्त किसी भी तर्कसंगत सिद्धांत का पालन किया जाता है. जिला बनाने के लिए कोई परिभाषित भौगोलिक या जनसांख्यिकीय मानदंड नहीं हैं. भारत का सबसे बड़ा जिला कच्छ है, जिसका क्षेत्रफल 45,674 वर्ग किमी और जनसंख्या 20,92,371 है. सबसे छोटा जिला माहे है, जिसका क्षेत्रफल महज 8.69 वर्ग किमी. और जनसंख्या 41,816 है. आबादी के हिसाब से उत्तर 24 परगना सबसे बड़ा जिला है, जहां पर 1,00,09,781 लोग बसे हैं और कुल क्षेत्रफल 4,094 वर्ग किमी है, जबकि सबसे कम आबादी दिबांग घाटी की है जहां पर 8,004 निवासी हैं और 9,129 वर्ग किमी क्षेत्र है. अविभाजित लेह जिले की जनसंख्या 1,33,487 और क्षेत्रफल 45,110 वर्ग किमी था वहीं कारगिल की जनसंख्या 1,40,802 और क्षेत्रफल 14,086 वर्ग किमी था. अब कारगिल से काटकर द्रास और झांस्कार को जिला बनाया गया है और लेह को विभाजित कर चांगथांग, नुब्रा और शाम घाटी नामक जिले बनाए गए हैं.

यह सच है कि मूल लद्दाख जिला प्रशासन चलाने के लिहाज से अत्यंत विशाल था. कारगिल और लेह सांस्कृतिक रूप से अलहदा हैं. इस कारण 1979 में कारगिल को एक अलग जिले के रूप में रखा गया. छोटा किए जाने के बावजूद लेह जिला भौगोलिक दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा जिला बना रहा. भारत में नए जिले का निर्माण आम तौर पर किसी वस्तुनिष्ठ मानदंड की बजाय राजनीतिक मांगों का परिणाम होते हैं. मसलन, लद्दाख के मामले में, कारगिल से अलग करके एक नया मुस्लिम बहुल जिला 'सन्कू' बनाने के लिए विरोध प्रदर्शन हुए, शायद इसलिए भी कि सर्दियों के दौरान यह इलाका अक्सर कारगिल से कटा रहता है. कारगिल से अलग करके एक नया जिला बनाने की इस किस्म की मांग झांस्कार के लोगों द्वारा भी की गई थी. यही बात लेह के सभी हिस्सों जैसे द्रास, चांगथांग, खालत्सी और तुरतुक के बारे में भी कही जा सकती है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> राज्य पुनर्गठन अधिनियम-1956 लागू होने के बाद बनाए गए कुछ नए राज्यों का रिकॉर्ड चौंकाने वाला है. हरियाणा में 22 जिले हैं, जबकि 1966 में इसके निर्माण के समय 7 जिले थे. तेलंगाना की गिनती 10 से बढ़कर 33 हो गई है, उत्तराखंड में 9 से 13, झारखंड 18 से 24 और छत्तीसगढ़ में 16 से बढ़कर 33 जिले हो गए.

# अदूरदर्शी नीतियों का वैश्विक संकट

• विमर्श

रविंद्र पटवाल

पिछले वर्ष ग्लोबल हंगर इंडेक्स (वैश्विक भूख सूचकांक-जीएचआई) के आंकड़ों पर देश, विपक्ष और मीडिया ने संज्ञान लिया था, जिसके चलते सरकार की ओर से खंडन और अपनी ओर से जवाबी आंकड़े देकर वैश्विक संस्था का मुंह बंद करते दिखने की नाकाम कोशिश की गई थी. इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ, क्योंकि देश हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणामों में इस कदर घिरा रहा, इसलिए इस बार सरकार की एजेंसियों को भी इस रिपोर्ट पर भारत की बदनामी से लगता है कोई फर्क नहीं पड़ा है.

शायद सरकार ने अपनी समझ से यही मानकर इस बार चुप्पी साध ली थी कि जो चीज भारत के मध्य वर्ग और आम लोगों तक पहुंचे ही नहीं, भला उसके बारे में टिप्पणी कर क्यों ओखली में सिर दिया जाये. आखिर वैसे भी दुनिया को तो पहले से ही पता है कि हमारी पोजीशन गरीबी, भुखमरी और रोजगार में क्या है. लेकिन देश के भीतर तो अभी भी एक तबके के बीच में जो प्रचार माध्यमों से जो डंका बज रहा है, उसे छेड़ने से क्या फायदा.

2024 ग्लोबल हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार, 127 देशों की सूची में भारत को 105वें स्थान पर दिखाया गया है. जर्मनी के 'वेल्थ हंगर लाइफ' नामक एक प्रमुख निजी सहायता संगठन और कंसर्न वर्ल्डवाइड के सहयोग से हर साल अक्टूबर माह में यह सूची तैयार की जाती है, जिसमें विकसित देशों को छोड़कर विकासशील और मिडिल इनकम ग्रुप के देशों से बच्चों के पोषण, बाल मृत्यु दर के आंकड़े के आधार पर इसे तैयार किया जाता है, और लगातार ट्रैक करने की कोशिश की जाती है कि दुनिया में किन देशों को अपने यहां किसी विशेष क्षेत्र में सुधार लाने की आवश्यकता है.

भारत का हाल इस मामले में काफी शोचनीय बना हुआ है, जबकि पड़ोसी देशों में श्रीलंका 56वें और नेपाल 68वें और म्यांमार 74वें पायदान पर छलांग लगाकर भारत से काफी आगे निकल चुके हैं. हालांकि इनमें चीन शेष विश्व में शीर्ष स्थान पर होने के कारण हमारी पहुंच से बाहर है, लेकिन इन आंकड़ों को यदि देश का बुद्धिजीवी वर्ग विचार करे तो उसे शायद गोदी मीडिया की विश्वगुरु की झूठी खबरों का कुछ अंदाजा हो, और देश को सही ट्रैक पर लाने की कोशिश हो सके.

> रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 27.3 स्कोर के साथ भूख के मामले में गंभीर स्तर पर, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ 'सीरियस' श्रेणी में बना हुआ है. कुपोषण के मामले में भारत का स्कोर 13.7% है, अर्थात इतनी संख्या में भारत की आबादी कुपोषण का शिकार है.

मजे की बात तो यह है कि 84वें स्थान पर बांग्लादेश काबिज है, और हमारे देश में अभी भी यही नैरेटिव सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है कि वहां से घुसपैठिये देश में आकर बस रहे हैं. ये बेहद शर्म की बात होनी चाहिए कि पिछले एक दशक से देश को ऐसे ही झूठे जुमलों के बल पर चलाया जा रहा है, और विपक्ष भी हाथ पर हाथ धरे सिर्फ अपनी बारी के इंतजार में है.

भारत में अंधराष्ट्रवादियों के लिए संतोष करने के लिए एक खबर बस यह है कि पाकिस्तान अभी भी भारत से इस मामले में पीछे है, और उसे 109वीं रैंकिंग दी गई है, जबकि अफगानिस्तान 116वें स्थान पर है. ये दोनों देश अपने बिगड़ते राजनीतिक-आर्थिक हालात के कारण बर्बादी की कगार पर हैं, इसलिए यदि इनके साथ तुलना कर संतोष हासिल करने का आनंद लेना है तो फिर कोई बात नहीं. लेकिन हालात तो नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार या बांग्लादेश के भी ठीक नहीं हैं. लेकिन उनकी रैंकिंग में उत्तरोत्तर तेज सुधार हुआ है, जबकि भारत में बेहद धीमी गति से जो प्रयास चल रहे थे, उनमें कोविड-19 महामारी के बाद स्थिति बद से बदतर हुई है, और हमारे पास सटीक आंकड़ों की भारी कमी है.

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 27.3 स्कोर के साथ भूख के मामले में गंभीर स्तर पर, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ 'सीरियस' श्रेणी में बना हुआ है. कुपोषण के मामले में भारत का स्कोर 13.7% है, अर्थात इतनी संख्या में भारत की आबादी कुपोषण का शिकार है. 5 वर्ष के कम उम्र के बच्चों में, अविकसित बच्चों का औसत 35.5% के उच्च स्तर पर बना हुआ है, जबकि 18.7% बच्चे दुर्बलता का शिकार हैं. शिशु मृत्यु दर के मामले में भारत का आंकड़ा 2.9% आंका गया है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मीडिया में अन्यत्र

# जम्मू और कश्मीर में चहकता लोकतंत्र

**आखिरकार** तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है. जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है. घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया. बुधवार को उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. उनकी सार्थक पहल यह रही कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर की राजनीति के दो ध्रुव बने कश्मीर घाटी व जम्मू क्षेत्र के जनमानस को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराया है. इस कड़ी में उमर अब्दुल्ला ने सुरिंदर चौधरी को राज्य का उप मुख्यमंत्री नियुक्त किया है. उमर ने कहा भी कि 'चौधरी को मैंने इसलिए उप मुख्यमंत्री बनाया, ताकि जम्मू के लोगों को महसूस हो सके कि उनकी भी राज्य की सत्ता में घाटी जितनी भागीदारी है. आगे भी ऐसे ही प्रयास होते रहेंगे.' निस्संदेह, यह सकारात्मक राजनीति का उज्ज्वल पक्ष है, सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का. उल्लेखनीय है कि सुरिंदर चौधरी जम्मू से चुनकर आए हैं. नौशेरा से विधायक बने सुरिंदर चौधरी ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रांत अध्यक्ष रवींद्र रैना को हराया था. बहरहाल, भले ही अब अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा का स्वरूप पहले जैसा नहीं रह गया, लेकिन इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों ने स्पष्ट जनादेश देकर एक स्थिर सरकार की बुनियाद जरूर रखी है. केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह नजर आया. कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं.



जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी. यह दायित्व सरकार को इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं. बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें. एक समय राज्य में मतदाता डर के मारे मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे. मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था. इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले. जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक प्रतिसाद दिया है. **(द ट्रिब्यून)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

# सेर/सैर/सेल/सैल

**किसी** शायर ने क्या खूब कहा है- सैर कर दुनियां की गालिब, जिंदगानी फिर कहां, जिंदगी गर रही तो नौजवानी फिर कहां. यह बात सही है कि जवानी में सैर का मजा कुछ और ही होता है, लेकिन बुढ़ापे में सैर नहीं करना चाहिए, ऐसा कहना किसी बड़ी बेवकूफी से कम नहीं है. सच तो यह है कि किसी भी उम्र में सैर-सपाटा मजेदार ही होता है. यदि पास में पैसे हों और अवसर हो तो उम्र की सोच कर बैठ जाना बेकार है. इतनी बात से सैर शब्द का मायने-मतलब तो स्पष्ट हो ही जाता है. सैर अरबी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसका प्रयोग हिंदी में धड़ल्ले से होता है. जो लोग गरीबी में धनवान सा ठाट रखते हैं, उनके लिए व्यंग्य से कहा जाता है गिरह में कौड़ी नहीं और बाजार की सैर. सैर का मतलब है मन बहलाने के लिए किया जानेवाला आवागमन, भ्रमण, किसी रमणीय स्थल पर आमोद-प्रमोद करना, घूमना-फिरना. सैर से मिलता जुलता शब्द है सेर. यह वह शेर नहीं है, जिसकी दहाड़ सुनकर बड़े बड़े पहलवानों की भी घिग्घी बंध जाती है, बल्कि इसका मतलब है माप-तौल की मीट्रिक प्रणाली लागू होने से पहले एक प्रकार की तौल, जो सोलह छटांक या अस्सी तोले की होती थी, मन का चालीसवां भाग, एक प्रकार का धान. सेर से थोड़ा-सा अंतर लिए शब्द है सेल. यह संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है भाला, बरछा, एक प्रकार का सन का रस्सा, हल में लगी हुई नली, जिससे होकर बीज जमीन पर गिरते हैं. संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में सैल गले में पहनने की माला होती है. सेल अंग्रेजी भाषा का भी शब्द है, जिसका मतलब है कोशिका, एक विद्युत उत्पादक यंत्र, विक्रय, बिक्री. अरबी भाषा में सैल शब्द का प्रयोग संज्ञा पुल्लिंग के रूप में होता है. सैल को हम बाढ़, सैलाब, पानी के बहाव, जलधारा आदि के पर्याय के रूप में करते हैं.

# हर आदमी चिंतक टाइप हो रहा है

• तीर-तुक्का

जवाहर चौधरी



यों तो हर आदमी चिंतक टाइप हो रहा है आजकल. घटते रोजगार, बढ़ती छंटनी और डबल पुलिस व्यवस्था के कारण लोग बैठे आसमान ऐसे ताकते रहते हैं जैसे आदमी नहीं छत पर लगी टीवी डिस्क हों. ज्योतिषियों को नहीं मालूम कि कल कौन से शत्रु-ग्रह मित्र-ग्रह हो जाएंगे . राजनीति सिर्फ जमीन की ठेकेदारी में नहीं है . जहाँ भी बलवान और कमजोर ग्रह हों उठापटक शुरू हो ही जाती है . कल धूप खिलेगी या बरसात होगी ये मौसम विभाग वाले भी पूरी दमदारी से बोल नहीं सकते हैं . इस माहौल में दसपुत्रे जी सबसे अलग और बड़े वाले चिंतक हैं. उनकी चिंता खासतौर पर यह है कि किसी दिन सरकार 'टप्प' से गिर ना जाए. जैसे ही टीवी पर ब्रेकिंग न्यूज आती है उनकी जान 'धुक्क' हो जाती है . टीवी वालियों पर उनको बहुत गुस्सा है . सियारों की तरह इतना 'हुक्का हुआ' चीखतीं हैं कि लगता है देश जंगल में तबदील हो रहा है . इधर दसपुत्रे सरकार को ऐसे दिल पर लिए बैठे हैं मानो हुकूमत के सबसे ज्यादा शेयर उनके पास हैं . वे मानते हैं कि सरकार उनकी निजी है और हो क्यों नहीं आखिर कड़क वोट देकर खुद उन्होंने बनाई है. अपनी के साथ कुछ हो जाए तो इज्जत का सवाल होता ही है. दूसरों की गिराई जाती है तो उनकी गठिया वाली टांगे भी ब्रेक डांस करने लगती हैं. पिछले वर्षों में जब भी दूसरों की गिरी, उनके घर पर ढोल अवश्य बजे. फिसलन की तमाम आशंकाओं के बीच आज उनका एक ही एजेंडा है की सरकार को मजबूती से चलाने के लिए वे अपनी पूरी ताकत लगा देंगे. पिछली बार जीत के लिए दसपुत्रे जी ने सप्तकुंडी हवन करवाया था. चमत्कार देखिए कि सरकार नहीं बनते बनते आखिर में बन ही गई. जब दसपुत्रे जी ने गारंटी पर उंगली रखते हुए पूछा यदि नहीं चली तो? कर्मी बोले हमारी गारंटी पिछली सभी गारंटियों से पक्की है. फिर भी सरकार नहीं चली तो उसका कारण हवन सामग्री में अशुद्धि और घी में मिलावट को समझा जाए. फिलहाल दसपुत्रे शुद्ध हवन सामग्री और बिना मिलावट का घी ढूंढने में पूरी ताकत लगा रहे हैं.

इस बीच अलग किस्म के कुछ लोगों ने समझाया कि "दसपुत्रे जी हवन अवन से कुछ होने वाला नहीं है. आप तो फेक न्यूज़, फेक फोटो, फेक वीडियो और फेक मैसेज बनाने की फैक्ट्री डाल लो. स्टार्ट-अप चालू है . हर दिन हजारों फेक सूचनाएं जनता के बीच पहुंचेंगी तो सारे रोबोट की तरह काम करने लगेंगे. किसी को कुछ समझ में नहीं आएगा कि सच क्या है. सच को नहीं जानने देना बड़ी और कुशल राजनीति है आज की डेट में . और झूठ को विश्वास में बदल देना दीर्घकालीन सफलता है. नेताजियों को देखते ही लोग घंटा बजाने लगें, आरती गाने लगें तो भला उस सरकार को गिराने के लिए मंगल ग्रह वाले आएंगे क्या !

# धर्म अध्यात्म



संगीता कुजारा टाक

हम सभी जानते हैं, भारत त्यौहारों का देश है. भारत वर्ष में बारह महीने में, बारह चौथ के व्रत विधान है. सभी चौथ के व्रतों की अलग-अलग कहानियां और विधियां हैं. सभी चौथ व्रतो में, कार्तिक की करवा चौथ का बहुत महत्व है. शाम होते ही सभी सुहागिन ख़ूब सज-धज कर एक नियत समय पर, एक नियत स्थान पर इकट्ठी होती हैं. बीच में करवा देवी की स्थापना कर, उसके चारों ओर गोल घेरे में बैठकर अपनी पूजा की थाली एक-दूसरे के साथ घुमाती हुई सुहागिनें, पूरे मनोयोग से करवा के गीत गाती हैं. आह! क्या दृश्य होता है! सुहागिनें लाल साड़ियों में, माथे पर लाल बिंदी लगाकर, लाल-हरी चूड़ियों वाली कलाइयां की खन-खन के साथ, मेहंदी लगे हाथों में करवा और पूजा की थाली और पूजा की थाली में सासू के लिए मिठाई, मेवे ,आटे के दीपक की नारंगी लौ और मन में पति के लिए प्रार्थनाएं करते हुए, होंठों पर करवा के गीत और सूर्यास्त की लालिमा से ओतप्रोत सांझ की बेला! इस नज़ारे से भला कौन आकर्षित नहीं होगा?

# ले सर्व सुहागन करवड़ा



करवाचौथ का यह व्रत विशेष तौर पर सदा सुहागन रहने की कामना से, उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान की महिलाओं के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया जाता है.

चौथ माता जी का सबसे प्राचीन एवं ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिला, बरवाड़ा गांव में स्थित है. इस मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने की थी. चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया है.

## करवा है क्या

करवा शब्द का अर्थ है मिट्टी का कलशनुमा बर्तन और चौथ का शाब्दिक अर्थ चतुर्थी होता है. यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थ यानि पूर्णिमा के बाद के चौथे दिन को मनाया जाता है. व्रत वाले दिन इसमें जल भरकर, थोड़ा-सा कच्चा दूध मिलाया जाता है. जिससे रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है. तत्पश्चात सुहागिनें छलनी से चंद्रमा और अपने पति का चेहरा दिखती हैं. फिर इसी करवे से जल पिलाकर, पतियों द्वारा पत्नियों का व्रत खोला जाता है.

## सरगी-सास का बहु के प्रति प्यार

करवा चौथ का व्रत सूर्योदय से लेकर चन्द्रोदय तक निर्जला व्रत है. इस व्रत में सुहागिनें सुबह चार बजे से पहले सरगी करती है. पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा प्रान्तों में करवाचौथ के व्रत में सरगी का विशेष महत्व है. सरगी, सास द्वारा बहू को दी जाती है. सरगी में फल, फेनियां, मिठाइयां, श्रृंगार के समान, वस्त्र और ज़ेवर आदि होते हैं. सुहागिनें स्नान करके सरगी ग्रहण करती हैं. सरगी के नियम को बहुत शुभ माना गया है, क्योंकि यह सास का बहू के प्रति प्यार जताता हैं, जो उनके पुत्र की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. सूर्योदय के बाद निर्जला व्रत रखकर रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद अपने सभी बड़ों का ख़ासकर सास- ससुर और पति के चरण-स्पर्श कर अन्न ग्रहण किया जाता है. विशेष रूप से सासू मां को थाली की पूरी सामग्री के साथ-साथ मठ्ठी, मिठाई, वस्त्र, जेवर या नक़द देने की प्रथा है. विवाह के पहले वर्ष का करवाचौथ बहुत ही धूमधाम से मनाने का रिवाज है.

**करवाचौथ : 20 अक्टूबर**
**चन्द्रोदय का समय : 7.55 रात**

## करवा चौथ व्रत की कथाएं और पूजन

बहुत-सी प्राचीन कथाओं के अनुसार करवाचौथ की परंपरा देवताओं के समय से चली आ रही है. धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक सबसे पहले माता गौरी ने भगवान शंकर के लिए करवा चौथ का व्रत किया था. दूसरी प्रचलित कहानी के अनुसार एक बार देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हो गया और उस युद्ध में देवताओं की हार हो रही थी. ऐसे में देवता ब्रह्मदेव के पास गए और रक्षा की प्रार्थना की. ब्रह्मदेव ने कहा कि इस संकट से बचने के लिए सभी देवताओं की पत्नियों को अपने-अपने पतियों के लिए व्रत रखने के लिए कहा. ब्रह्मदेव ने यह वचन दिया कि ऐसा करने पर निश्चित ही इस युद्ध में देवताओं की जीत होगी. ब्रह्मदेव के इस सुझाव को सभी देवताओं और उनकी पत्नियों ने खुशी-खुशी स्वीकार किया. ब्रह्मदेव के कहे अनुसार कार्तिक माह की चतुर्थी के दिन सभी देवताओं की पत्नियों ने व्रत रखा और अपने पतियों यानी देवताओं की विजय के लिए प्रार्थना की. उनकी यह प्रार्थना स्वीकार हुई और युद्ध में देवताओं की जीत हुई. इस खुशखबरी को सुन कर सभी देव पत्नियों ने अपना व्रत खोला और खाना खाया. उस समय आकाश में चांद भी निकल आया था. माना जाता है कि इसी दिन से करवाचौथ के व्रत के परंपरा शुरू हुई.

तीसरी कथा सत्यवान और सावित्री की है जो हम सब जानते हैं कि कैसे सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान की रक्षा की थी.

चौथी कथा जो हमारी परंपराओं में सबसे ज्यादा प्रचलित है. वो है वीरावती की कथा - एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की वीरावती थी. जिसे प्यार से उसके भाई वीरां कहते थे. वीरों अपने भाइयों की लाड़ली बहन थी. एक बार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सेठानी सहित उसकी सातों बहुएं और उसकी बेटी ने भी करवा चौथ का व्रत रखा. रात्रि के समय जब साहूकार के सभी लड़के भोजन करने बैठे तो उन्होंने अपनी बहन से भी भोजन कर लेने को कहा. इस पर बहन ने कहा- भाई, अभी चांद नहीं निकला है. चांद के निकलने पर उसे अर्घ्य देकर ही मैं आज भोजन करूंगी. साहूकार के बेटे अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे, उन्हें अपनी बहन का भूख से व्याकुल चेहरा देख बेहद दुख हुआ. साहूकार के बेटे नगर के बाहर चले गए और वहां एक पेड़ पर चढ़ कर अग्नि जला दी. घर वापस आकर उन्होंने अपनी बहन से कहा- देखो बहन, चांद निकल आया है. अब तुम उन्हें अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करो. साहूकार की बेटी ने अपनी भाभियों से कहा- देखो, चांद निकल आया है, तुम लोग भी अर्घ्य देकर भोजन कर लो. ननद की बात सुनकर भाभियों ने कहा- बहन अभी चांद नहीं निकला है, तुम्हारे भाई धोखे से अग्नि जलाकर उसके प्रकाश को चांद के रूप में तुम्हें दिखा रहे हैं.

साहूकार की बेटी अपनी भाभियों की बात को अनसुनी करते हुए भाइयों द्वारा दिखाए गए चांद को अर्घ्य देकर भोजन कर लिया. इस प्रकार करवा चौथ का व्रत भंग करने के कारण विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश साहूकार की लड़की पर अप्रसन्न हो गए. गणेश जी की अप्रसन्नता के कारण उस लड़की का पति बीमार पड़ गया और घर में बचा हुआ सारा धन उसकी बीमारी में लग गया.

साहूकार की बेटी को जब अपने किए हुए दोषों का पता लगा तो उसे बहुत पश्चाताप हुआ. उसने गणेश जी से क्षमा प्रार्थना की और फिर से विधि-विधान पूर्वक चतुर्थी का व्रत शुरू कर दिया. उसने उपस्थित सभी लोगों का श्रद्धानुसार आदर किया और तदुपरांत उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया. इस प्रकार उस लड़की के श्रद्धा-भक्ति को देखकर एकदंत भगवान गणेश जी उसपर प्रसन्न हो गए और उसके पति को जीवनदान प्रदान किया. उसे सभी प्रकार के रोगों से मुक्त करके धन, संपत्ति और वैभव से युक्त कर दिया.

कुछ प्रान्तों में इस व्रत में भगवान शिव शंकर, माता पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और चंद्र देवता की पूजा-अर्चना करने का विधान है पर ज़्यादातर करवा माता की स्थापना कर, उनके चारों ओर गोल घेरा बना कर पूजन की थाली को गीत गाते हुए, सात बार घुमा कर पूजा करने का परंपरा है.

## राजस्थान की अलग है परंपरा




राजस्थान की बहू होने के नाते मैं भी राजस्थानी पद्धति से करवाचौथ का त्योहार मनाती हूं. राजस्थान में सुहागिन महिलाएं करवाचौथ बहुत ही धूमधाम से मनाती हैं. यहां करवाचौथ मनाने की परंपरा उत्तर भारत और पंजाब से अलग है. व्रत के एक दिन पहले ही तरह-तरह के डिज़ाइन वाली मेहंदी लगाई जाती है. यहां निराहार, निर्जला व्रत नहीं रखा जाता है. सुबह स्नान के बाद चाय या दूध के साथ फलाहार की प्रथा है. सूर्यास्त के समय नई साड़ी और चुनरी पहन कर करवा माता की पूजा की जाती है. सबसे पहले घर के मंदिर में करवा का पन्ना या पाना को स्थापित किया जाता है. फिर मौली रूपी वस्त्र पहनाकर सिंदूर की आठ बिन्दियां लगाई जाती हैं. उसके नीचे काजल की और फिर उसके नीचे मेहंदी की आठ-आठ बिन्दियां लगाई जाती हैं. ये बिन्दियां साल में आनेवाली चार बड़ी चौथ के नाम, भगवान गणेश, सूर्य देव और चन्द्रमा देवता, और कुलदेवी के रूप में लगाई जाती हैं. फिर मिट्टी का दीया जलाकर, साथ में मिट्टी का कलश रखकर हाथ में अक्षत लेकर सबसे पहले भगवान गणेश की कथा कही जाती है. उसके पश्चात करवा माता की कथा, पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना के साथ कही जाती है. कथा पूरी होने के बाद अक्षत वहीं दीये के पास रख दिया जाता है और उसी कलश के जल से चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है. और फिर जल पीकर व्रत का पारण किया जाता है. सासू मां से आशीर्वाद लेकर अन्न ग्रहण किया जाता है. प्रसाद में चुरमा का विशेष महत्व है. राजस्थान में सरगी का रिवाज नहीं है.

### करवा का गीत

वीरा कुड़िए करवड़ा, सर्व सुहागन करवड़ा, ए कटी न अटेरीं न, खुंब चरखड़ा फेरीं ना, ग्वांड पैर पाईं ना, सुई च धागा फेरीं ना, रुठड़ा मनाईं ना, सुतड़ा जगाईं ना, बहन प्यारी वीरां, चंद चढ़े ते पानी पीना,लै वीरां कुड़िए करवड़ा, लै सर्व सुहागिन करवड़ा.

# दीवारों को जब सजाना हो...



स्वामी विमलेश
वास्तु शास्त्री

दीवाली की आहट है. सजावट के समान खरीदे जा रहे हैं. बेशक इसमें सौन्दर्यबोध का अपना स्थान है, लेकिन वास्तु शास्त्र कुछ और बातों की भी सलाह देता है. ऐसी मान्यता है कि इन सलाह के अनुसार सजावट के सामान, पेंटिग आदि लेने पर

## शुभ प्रभाव के लिए बैठक में किस प्रकार के चित्र लगाना उचित होता है?



आप उत्तर अथवा पूर्व की दीवारों पर आंखों को लुभावना लगने वाली प्राकृतिक दृष्य की तस्वीरें/पेंटिंग लगा सकते हैं. बच्चों का संग साथ, उनकी मुस्कुराहट भला किसे अच्छी नहीं गलती. सारा तनाव, सारे परेशानियां बच्चों की मुस्कान को देखकर एक पल को हम भूल जाते हैं. इस कारण मुस्कुराते हुए किसी बच्चे की तस्वीर बैठक में लगाने की सलाह दी जाती है. शक्ति व स्थिरता के लिए हमें दक्षिण-पश्चिम की दीवार पर जल रहित ऊंचे पर्वतों जैसे एल्प्स, एवरेस्ट अथवा कैलाश पर्वत के चित्र अथवा पोस्टर लगाने चाहिए. झरने, पर्वत अथवा कछुए का चित्र या मूर्ति उत्तरी दीवार पर लगा देने से आर्थिक संपन्नता आती है. बैठक की दक्षिणी दीवार पर घर-परिवार के ऐसे बुजुर्गों की तस्वीर लगाई जा सकती है जो अब इस दुनिया में नहीं रहे.

## जब लगाएं दर्पण रखें ध्यान



हमेशा वर्गाकार या आयताकार दर्पण का प्रयोग करना चाहिए. गोलाकर, अंडाकार या बिना फ्रेम वाला दर्पण, टूटा हुआ दर्पण घर में सदैव नकारात्मक प्रभाव छोड़ता है. इन्हें पूर्व या उत्तरी दीवार की ओर टांगा जा सकता है. वस्तुत: दर्पण घर के दक्षिणी दीवार पर बिल्कुल नहीं लगावें.

# ग्रहों के अनुसार दें उपहार व सूखे मेवे



आचार्य अजय मिश्रा

दीवाली की तैयारी जोरों पर है. घर की साफ-सफाई के साथ उपहारों के आदान-प्रदान के लिए क्या खरीदें, इस पर घर परिवार में चर्चा हो रही है. आइए जानें कि ग्रहों के अनुसार क्या उपहार दें जिससे देने वाले व लेने वाले दोनों पर शुभ प्रभाव हो-

**सूर्य ग्रह :** तांबे की बने शो पीस जैसे हाथी, मछली, सूर्य की आकृति, कलश आदि बतौर उपहार दें. साथ में बादाम भी दे सकते हैं. इससे कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होगी. मान-सम्मान बढ़ेगा. पिता से संबंध बेहतर होंगे.



**मंगल ग्रह :** तांबे की बनी भगवान शिव-पार्वती की मूर्ति, कलश या सजावटी सामान आदि उपहार के रूप में दें. इलेक्ट्रॉनिक रंग बिरंगी बल्ब की लड़ी भी दी जा सकती है. साथ में छुहारे दीजिए. इससे निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी. ऊर्जावान बनेंगे.



**चंद्रमा ग्रह :** चांदी का बना श्रीयंत्र, अस्फटिक श्रीयंत्र, शंख, गोमती चक्र, कौड़ी आदि उपहार दिए जा सकते हैं. दोस्तों व रिश्तेदारों को मखाना और पानी वाला नारियल भी साथ में दे सकते हैं. इससे कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होगी और मन शांत होगा.

**शुक्र ग्रह :** सफेद वस्त्र, घर के सजावटी सामान, लकड़ी के फर्नीचर, पेंटिंग आदि जिसमें उगते सूरज, झरना, सात घोड़े की तस्वीर आदि में से कोई एक हो, बतौर उपहार दिए जा सकते हैं. साथ में काजू दीजिए. स्वास्थ्य बेहतर हो, सुख समृद्धि बढेगी.





**बुध ग्रह :** कुंडली में बुध की स्थिति मजबूत करने के लिए उपहार में पन्ने की बनीं गणेश प्रतिमा, एकाक्षी नारियल, हरा वस्त्र, हरी चूड़ियां आदि दें. साथ में किशमिश, इलायची, पिस्ता आदि देना शुभ प्रभाव देगा. लेने वाले और देने वाले, दोनों की समझदारी बढ़ेगी.



**गुरु ग्रह :** पीतल से बने बर्तन, लक्ष्मी नाराण की प्रतिमा, कुबेर देवता की मूर्ति, स्वर्ण की बनी प्रतिमा, पीले कपड़े आदि बतौर उपहार दिए जा सकते हैं. साथ में केसर भी दे सकते हैं. भाग्य साथ देगर, वैवाहिक जीवन बेहतर होगा, सुख-समृद्धि बढ़ेगी.



**शनि ग्रह :** उपहार में नीला वस्त्र, नीलम या ब्लू क्रिस्टल से बने आभूषण, लोहे का बना शोपीस, वाहन आदि दे सकते हैं. साथ में छुहारा और मुनक्का जैसे ड्राई फ्रूट्स दे सकते हैं. इससे शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या के अशुभ प्रभाव में ही कमी आती है.



**राहु ग्रह :** कुंडली में राहु की स्थिति मजबूत करने के लिए दुर्गा या लक्ष्मी की चांदी से बनी प्रतिमा, अष्टधातु के श्रीयंत्र, अष्टधातु के कुबेर यंत्र आदि बतौर उपहार दे सकते हैं. साथ में बिना पानी वाला नारियल दें. शत्रुओं द्वारा किए जा रहे छल कपट से मुक्ति भी मिलेगी.



**केतु ग्रह :** सफेद व नीला वस्त्र, सफेद मिठाई, शीशा की सामग्री, शीशा का सामान आदि बतौर उपहार दें. साथ में लौंग दें. ध्यान रखें कि अगर आपके पास गिफ्ट में लौंग आती हैं तो उनको खाएं ना. केतु आध्यात्मिक विकास और मोक्ष का कारक ग्रह माना गया है.

कबीर उवाच

# इसलिए जरूरी है सत्संग



एक बार एक युवक कबीर साहिब के पास अपने माता-पिता की शिकायत लेक आया. कहने लगा, 'गुरुजी, मैंने खूब पढ़ाई की है, पर्याप्त ज्ञान ग्रहण किया. मुझे पता है कि क्या सही है और क्या गलत. फिर भी मेरे माता-पिता मुझे हमेशा सत्संग सुनने की सलाह देते रहते हैं. जब मैं इतना ज्ञानी हूं, फिर क्यों सुनूं सत्संग है? कबीर ने युवक की बात सुनीं और बिना कुछ बोले एक हथौड़ी उठा कर पास ही जमीन पर गड़े एक खूंटे पर जोर से मार दी. कबीर का यह व्यवहार देख कर युवक ने सोचा, जानें कौन मनःस्थिति में हैं, आज जवाब नहीं देंगे और अनमने भाव से वह चला गया.

दूसरे दिन फिर वह कबीर के पास आया. अभिवादन के बाद कहा, 'मैंने आपसे कल एक प्रश्न पूछा था, पर आपने कोई उत्तर नहीं दिया. क्या आज आप उत्तर देंगे?' कबीर ने फिर से खूंटे के ऊपर हथौड़ी मार दी, पर वह कुछ बोले नहीं. युवक ने सोचा कि संत पुरुष हैं, शायद आज भी मौन में हैं. वह तीसरे दिन फिर आया और अपना प्रश्न दोहराया. कबीर ने फिर से कोई जवाब नहीं दिया, बस खूंटे पर एक बार फिर हथौड़ी चला दी. कबीर का यह व्यवहार युवक के लिए समझ से परे था. वह झुंझला सा गया. झल्लाते हुए पूछा, क्या आपको मेरे सवाल का जवाब नहीं देना है, इतने दिनों से लगातार आ रहा, एक सवाल बार-बार पूछ रहा, पर आप हैं कि जवाब दे ही नहीं रहे हैं.

इस पर कबीर ने अपना मौन तोड़ा. कहा, 'मैं तो तुम्हें रोज उस प्रश्न का जवाब दे रहा हूं, तुम्हें अब तक समझ जाना चाहिए था. अरे मैं इस खूंटे पर हर दिन हथौड़ी मारकर जमीन में इसकी पकड़ को मजबूत कर रहा हूं. यदि मैं ऐसा नहीं करूंगा तो इससे बंधे पशुओं की खींचतान से या किसी की ठोकर लगने से या जमीन में थोड़ी सी हलचल होने से यह खूंटा निकल जाएगा. यही काम तो सत्संग भी हमारी जिंदगी में करते हैं. वह हमारे मनरूपी खूंटे पर निरंतर प्रहार करते हैं, ताकि हमारी पवित्र भावनाएं अंदर गहरी पैठ बना सकें. भीतर का अंधकार दूर कर उजाला का प्रसार करें. फिर तुम्हारे माता-पिता कहां गलत कहते हैं कि नियमित सत्संग में शामिल हो. कबीर की बात सुनकर युवा के चेहरे पर मुस्कान और शांति दोनों पसर गई. उन्हें प्रणाम करते हुए धन्यवाद बोला और कहा कि आपने मेरे भीतर के द्वन्द का बहुत बेहतर तरीके से दूर किया.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### आईपीएल 2025 के लिए रणनीति बननी शुरू : क्लासेन को पहले रिटेन खिलाड़ी के रूप में 23 करोड़ रुपये मिलेंगे

# आईपीएल 2025 : क्लासेन, कमिंस, अभिषेक को रिटेन करने को तैयार सनराइजर्स हैदराबाद

एजेंसी। नयी दिल्ली



दक्षिण अफ्रीका के पावर-हिटर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शीर्ष रिटेंशन खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं. ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, क्लासेन को पहले रिटेन किए गए खिलाड़ी के रूप में 23 करोड़ रुपये मिलेंगे.

फ्रैंचाइज़ी ने दो अन्य रिटेंशन डील को भी अंतिम रूप दिया है, जो ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर पैट कमिंस (18 करोड़ रुपये), जो 2024 में सनराइजर्स के कप्तान थे, और भारत के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा (14 करोड़ रुपये) हैं. समझा जाता है कि सनराइजर्स के जल्द ही ट्रैविस हेड और नितीश कुमार रेड्डी को भी रिटेन करने की संभावना है. आईपीएल ने इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी से पहले रिटेंशन के लिए 31 अक्टूबर की समय सीमा तय की है. कमिंस, जिन्होंने पिछले सीजन में सनराइजर्स को फाइनल तक पहुंचाया था, 2025 में भी कप्तान बने रहेंगे.

कमिंस-वेटोरी नेतृत्व समूह ने अभिषेक और रेड्डी जैसे युवाओं को जो स्वतंत्रता दी, उससे उन्हें हेड और क्लासेन की संगति में फलने-फूलने में मदद मिली. हेड और अभिषेक ने यकीनन आईपीएल में अब तक देखी गई सबसे खतरनाक ओपनिंग जोड़ी बनाई, दोनों ने लगातार 200 से ज़्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाए. हेड ने 15 पारियों में 191.55 की स्ट्राइक रेट से 567 रन बनाकर ओवरऑल रन बनाने वालों की सूची में चौथा स्थान हासिल किया. क्लासेन ने भी उतनी ही मज़बूत फिनिशिंग की, स्ट्राइक रेट के मामले में वह सिर्फ अभिषेक से पीछे रहे. अभिषेक ने 204.21 की स्ट्राइक रेट से 484 रन बनाए, जबकि क्लासेन ने 171.07 की स्ट्राइक रेट से 479 रन बनाए. क्लासेन की सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाजों में से एक के रूप में बढ़ती प्रतिष्ठा आईपीएल 2023 से पहले मिनी-नीलामी में सनराइजर्स द्वारा उनके लिए भुगतान किए गए 5.25 करोड़ रुपये से 338% की वृद्धि में परिलक्षित होती है. उन्होंने अब तक सनराइजर्स में अपने दो सत्रों में 26 पारियों में 174 की स्ट्राइक रेट से 927 रन बनाए हैं. अभिषेक के टी20 क्रिकेट में सफल वर्ष ने उन्हें 115% की मूल्य वृद्धि के साथ पुरस्कृत किया है. उन्होंने अपने आईपीएल 2024 के कारनामों के दम पर भारत के टी20आई कॉल-अप को अर्जित किया, और अब वह 2022 सीज़न से पहले मेगा नीलामी में सनराइजर्स द्वारा उनके लिए भुगतान की गई राशि (6.5 करोड़ रुपये) से दोगुने से अधिक की कमाई करेंगे.

अभिषेक का 2024 में अब तक टी20 स्ट्राइक रेट 194.84 है, जो इस साल प्रारूप में 200 से अधिक गेंदों का सामना करने वाले किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे अधिक है. आईपीएल 2024 में भी, टूर्नामेंट के शीर्ष दस रन बनाने वालों में उनका स्कोरिंग रेट सबसे अधिक था. 21 वर्षीय तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर रेड्डी - जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ़ हाल ही में समाप्त हुई टी20 सीरीज़ में भारत के लिए पदार्पण किया था, और अपने दूसरे मैच में 34 गेंदों पर 74 रन बनाए थे - 2024 में सनराइजर्स के लिए एक भरोसेमंद सहायक साबित हुए थे, उन्होंने 142.92 की स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए और तीन विकेट लिए. अगर सनराइजर्स इन सभी पाँच रिटेंशन को पक्का कर लेता है, और डेडलाइन से पहले अपनी सूची में छठा खिलाड़ी नहीं जोड़ता है, तो उनके पास नीलामी में एक आरटीएम कार्ड होगा, जिसका इस्तेमाल केवल अनकैप्ड भारतीय के लिए किया जा सकता है.

#### आईपीएल का फैसला : छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है

हाल ही में आईपीएल ने फैसला किया है कि एक फ्रैंचाइज़ 2024 की अपनी टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है – जिसमें अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय या विदेशी) और दो अनकैप्ड भारतीय शामिल हैं. फ्रैंचाइज़ नीलामी में रिटेंशन डील और राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड के किसी भी संयोजन के माध्यम से अपने खिलाड़ियों को बनाए रख सकती हैं. 2025 की नीलामी के लिए पर्स 120 करोड़ रुपये है. आईपीएल ने विभिन्न रिटेंशन स्लैब भी निर्धारित किए हैं, जो पहले तीन कैप्ड रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये, और अगले दो के लिए 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपये, जिसमें अनकैप्ड भारतीयों को अधिकतम 4 करोड़ रुपये मिलेंगे, हैं, लेकिन फ्रैंचाइज़ को 75 करोड़ रुपये के कैप्ड रिटेंशन पॉट को पाँच कैप्ड खिलाड़ियों के बीच अपनी इच्छानुसार विभाजित करने की अनुमति है.

### बेंगलुरु टेस्ट : टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला आत्मघाती साबित

# भारत 46 रन पर आउट,134 की लीड

एजेंसी। बेंगलुरु



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला आत्मघाती साबित हुआ. पूरी भारतीय टीम 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई. न्यूजीलैंड ने इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने तक 50 ओवर में 3 विकेट पर 180 रन बनाकर 134 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है. न्यूजीलैंड की पारी में डेवोन कॉन्वे ने 105 गेंदों पर 11 चौकों और 3 छक्के की मदद से 91 रन की जबरदस्त पारी खेली. हालांकि, उनका दुर्भाग्य रहा कि वह रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर बोल्ड होकर 9 रन से शतक से चूक गए. लेकिन, उन्होंने इससे पहले कप्तान टॉम लैथम (15) के साथ ओपनिंग साझेदारी में 67 रन और विल यंग (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की. लैथम को कुलदीप यादव ने और यंग को रवींद्र जडेजा ने आउट किया.दूसरे दिन का खेल खराब रोशनी के कारण 11 ओवर पहले समाप्त किए जाने तक रचिन रवींद्र 22 और डेरिल मिचेल 14 रन बनाकर क्रीज पर थे. दोनों ने तीसरे विकेट की अविजित साझेदारी में 38 रन जोड़ दिए. दोनों ही बल्लेबाजों की कोशिश कल तीसरे दिन अपनी टीम की बढ़त को और मजबूत करने पर होगी. जबकि, पहले दिन भूलने वाला प्रदर्शन करने के बाद भारत मेहमान टीम को जल्दी समेटना चाहेगा. इससे पहले, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुबह बारिश के कारण खेल थोड़ा देर से शुरू हुआ. पहले दिन का खेल बारिश के कारण बिना टॉस हुए रद्द हो गया था. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन इसका नतीजा टीम इंडिया के पक्ष में नहीं रहा. भारत की शुरुआत खराब रही और मात्र 10 रन पर उसके तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. लंच तक भारत का स्कोर 34 रन पर 6 विकेट था. लंच के बाद टीम इंडिया की पहली पारी 31.2 ओवर में मात्र 46 रन पर सिमट गई.

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने मैट हैनरी और विलियम ओ''रूर्के ने भारत के 9 विकेट निकालते हुए मेजबान टीम को समर्पण करने के लिए मजबूर किया. भारत का 46 रन का स्कोर घरेलू जमीन पर उसका सबसे कम टेस्ट स्कोर और ओवरऑल तीसरा सबसे कम स्कोर है. भारत के पांच बल्लेबाज खाता खोले बिना पवेलियन लौटे, जिसमें विराट कोहली भी शामिल थे. भारत की तरफ से विकेटकीपर ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि यशस्वी जायसवाल ने 13 रन का योगदान दिया. दहाई की संख्या में पहुंचने वाले यही दो बल्लेबाज थे. अनुकूल परिस्थितियों में, न्यूजीलैंड के तीन तेज गेंदबाजों ने स्विंग और सीम से भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने का बेहतरीन प्रयास किया. 35 मिनट तक बारिश के कारण खेल बाधित रहने के बाद, मेहमान टीम के गेंदबाजों ने बैक ऑफ लेंथ गेंदों का अच्छा इस्तेमाल किया और दबाव बनाए रखा तथा भारत को मुश्किल में डाल दिया.

पहले सेशन में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा. इस सेशन में भारतीय टीम ने 34 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए. भारतीय टीम के 4 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए. विलियम ओ''रूर्के ने 3 विकेट झटके, जबकि मैट हेनरी को एक विकेट मिला. टिम साउदी ने भी एक विकेट लिया.

#### पंत हुए चोटिल, मैदान से बाहर जाना पड़ा



बेंगलुरु। टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में चोटिल हो गए. जडेजा की एक गेंद उनके पैर पर जा लगी और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर लेकर जाना पड़ा. ऋषभ पंत को ये चोट गेंद पकड़ने की कोशिश में लगी. जडेजा की गेंद पंत के पैर के उस हिस्से में लगी जहां लेग गार्ड ने उन्हें कवर नहीं किया हुआ था. गेंद के बाद पंत दर्द से कराह उठे और फिर फीजियो को मैदान पर बुलाना पड़ा. दर्द इतना ज्यादा था कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया और इस दौरान वो अपने पैरों पर नहीं चल पा रहे थे. पंत की जगह ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग करने मैदान पर आए.

#### भारत का घरेलू मैदान पर सबसे कम टेस्ट स्कोर

**बेंगलुरु ।** मैट हेनरी और विलियम ओ''रुर्के ने गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को सामूहिक रूप से नौ विकेट चटकाए और भारत को सिर्फ 46 रन पर आउट कर दिया. इसके साथ ही भारत ने घरेलू मैदान पर अपना सबसे कम स्कोर और कुल मिलाकर तीसरा सबसे कम टेस्ट स्कोर दर्ज किया है. इससे पहले भारत का घरेलू मैदान पर सबसे कम टेस्ट स्कोर दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 75 रन था. भारत का घरेलू टेस्ट में सबसे कम स्कोर 46 है, वहीं विदेशी टेस्ट में भारत का सबसे कम स्कोर और भी कम है. 2020 में एडिलेड में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत 36 रन पर ढेर हो गया था, जो न केवल विदेशी टेस्ट में उनका सबसे कम स्कोर है, बल्कि ओवरऑल टेस्ट क्रिकेट में भी उनका सबसे कम स्कोर है. इससे पहले 1974 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 42 रन का स्कोर था. यह भारत में टेस्ट मैच में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर भी था.

### विराट कोहली ने बेंगलुरु में अपना 536वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला

# मैच खेलने के मामले में एमएस धौनी से आगे निकले विराट कोहली

एजेंसी। बेंगलुरु



टीम इंडिया के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में गुरुवार को पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बावजूद पूर्व कप्तान एमएस धौनी को पछाड़कर सभी प्रारूपों में भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले क्रिकेटर बन गए. विराट कोहली ने गुरुवार को यहां मैदान पर उतरते ही अपना 536वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला. दूसरी ओर, धौनी ने 2004 से 2019 के बीच भारत के लिए 535 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया था. 2008 में श्रीलंका में वनडे में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने के बाद विराट कोहली 115 टेस्ट, 295 वनडे और 125 टी20 का हिस्सा रहे हैं, जिसमें उन्होंने 27,041 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए हैं.

उन्होंने 213 मैचों में भारत की कप्तानी भी की है, जिसमें 68 टेस्ट, 95 वनडे और 50 टी20 शामिल हैं. विराट कोहली अब केवल महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, जिन्होंने 1989 से 2013 तक भारत के लिए खेलते हुए 664 कैप हासिल किए हैं. दुनिया में सबसे ज्यादा कैप्ड इंटरनेशनल क्रिकेटर होने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है. सक्रिय क्रिकेटरों में कोहली के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (486 कैप) और रवींद्र जडेजा (346 कैप) का नंबर आता है. भारत के लिए टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा उपस्थिति के मामले में 35 वर्षीय खिलाड़ी 116 मैचों के साथ आठवें स्थान पर हैं. उन्होंने लंबे प्रारूप में 8, 947 रन भी बनाए, जो तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बनने से सिर्फ 53 रन पीछे हैं. हालांकि वह भारत की पहली पारी में खाता खोले बिना आउट हो गए. इसके अलावा, विराट कोहली पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बने थे. उन्होंने तेंदुलकर के 623 पारियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया क्योंकि उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 594 पारियों में हासिल की. वे 600 से कम पारियों में 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं.

**भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले क्रिकेटर बने**

### सेल्टा विगो ने कोच गिराल्डेज का करार दो साल बढ़ाया

**मैड्रिड।** ला लीगा क्लब सेल्टा विगो ने अपने कोच क्लाउडियो गिराल्डेज का अनुबंध जून 2027 के अंत तक बढ़ा दिया है. क्लब ने इसकी पुष्टि कर दी है. 36 वर्षीय पूर्व बी-टीम कोच, जिन्होंने पिछले सीजन के अंत में राफेल बेनिटेज़ की जगह ली थी, का पिछला अनुबंध जून 2025 में समाप्त होने वाला था. दो साल का विस्तार पिछले सीजन में सेल्टा को निर्वासन से बचाने और वर्तमान अभियान की शानदार शुरुआत के लिए उनके काम का इनाम है, जिसमें टीम ने नए अभियान के अपने पहले नौ मैचों में 13 अंक हासिल किए हैं, जबकि गिराल्डेज की आक्रामक फुटबॉल शैली की बदौलत क्लब ने इस प्रक्रिया में 16 गोल किए हैं. उनके नेतृत्व में क्लब ने 19 खेलों में 30 अंक हासिल किए हैं, जिसे पूरे सीजन तक बनाए रखा जाए.

# सीबीए राउंड 2 : किंगदाओ ने शंघाई को हराया झिंजियांग ने शेनझेन पर दबदबा बनाया

एजेंसी। बीजिंग



किंगदाओ ईगल्स ने 2024-25 चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) सीजन के दूसरे दौर में शंघाई शार्क्स पर 101-97 से कड़ी जीत दर्ज की. शंघाई ने पहले क्वार्टर में किंगदाओ की गति से बराबरी की, लेकिन बाद में बराबरी करने में संघर्ष किया. चौथे क्वार्टर तक स्टार सेंटर वांग जेलिन ने शंघाई को वापसी कराने की कोशिश की. लियू झेंग ने अंतिम क्षणों में एक महत्वपूर्ण थ्री-पॉइंटर मारा, लेकिन उनके साथी ट्रेमोंट वाटर्स ने आर्क से परे से गेम-टाईइंग शॉट मिस कर दिया, जिससे शार्क्स अंततः पीछे रह गए. किंगदाओ के आक्रमण ने शानदार संतुलन दिखाया, जिसमें छह खिलाड़ियों ने दोहरे अंकों में स्कोर किया. होनहार सेंटर यांग हैनसेन ने ईगल्स की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 17 अंक और 11 रिबाउंड का योगदान दिया. इससे पहले मंगलवार को झिंजियांग फ्लाइंग टाइगर्स ने शेनझेन लेपर्ड्स पर 130-117 से शानदार जीत दर्ज की थी. डेड्रिक लॉसन, जो प्रीसीजन और सीजन ओपनर दोनों में संघर्ष कर रहे थे, ने पहले क्वार्टर में 18 अंक बनाए, उन्होंने मैदान से 8 में से 7 शॉट लगाकर झिंजियांग को शुरुआती 23 अंकों की बढ़त दिलाई. उनके साथी क्वेंटिन पीटरसन बेंच से भी उतने ही प्रभावशाली थे, उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और झिंजियांग ने पहले हाफ में 81 अंक बनाए. हालांकि शेनझेन ने दूसरे हाफ में वापसी की, लेकिन शुरुआती गैप को दूर करना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा. झिंजियांग के पांच खिलाड़ियों ने दोहरे अंकों में स्कोर किया, जिसमें लॉसन ने 31 अंक और 10 रिबाउंड के साथ खेल समाप्त किया, जबकि पीटरसन ने 32 अंक और आठ रिबाउंड किये.

# बदानी, पटेल, वेणु बन सकते हैं कोचिंग स्टाफ

एजेंसी। नयी दिल्ली



पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी, मुनाफ पटेल और वेणुगोपाल राव आईपीएल के 2025 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ में शामिल हो सकते हैं. 2018 से इस पद पर बने रहने के बाद इस साल जुलाई में फ्रेंचाइजी ने रिकी पोंटिंग से नाता तोड़ लिया था. उनके नेतृत्व में, दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2020 में उपविजेता स्थान हासिल किया, जबकि 2019 और 2021 सीजन में प्लेऑफ में पहुंची. पोंटिंग अब पंजाब किंग्स के मुख्य कोच बन गए हैं. सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल के लिए भारतीय कोचिंग स्टाफ नियुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है. बदानी के टीम के नए मुख्य कोच बनने की संभावना है, जबकि वेणुगोपाल को टीम का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया जा सकता है और मुनाफ गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं. वहीं, सौरव गांगुली समेत अन्य सहयोगी स्टाफ सदस्यों के भविष्य पर अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है, जो 2022 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक हैं. वेणुगोपाल ने भारत के लिए 16 वनडे खेले और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स सहित तीन टीमों का प्रतिनिधित्व किया.

दूसरी ओर, बदानी ने भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे मैच खेले. बदानी का कोचिंग अनुभव प्रभावशाली है. उन्होंने चेपक सुपर गिलिज को कोचिंग दी, तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) को चार बार जिताया, लंका प्रीमियर लीग में जाफना स्थित फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ सदस्य के रूप में सफलता हासिल की और बल्लेबाजी कोच के रूप में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ पहला दक्षिण अफ्रीका टी 20 खिताब जीता. खिलाड़ी रिटेंशन रणनीति के संबंध में दिल्ली कैपिटल्स के ऋषभ पंत, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को रिटेन करने की संभावना है.

#### सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच पद से हटेंगे



**नयी दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने घोषणा की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच के रूप में वापसी नहीं करेंगे. हालांकि, स्टेन ने कहा कि वह एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ कोचिंग में बने रहेंगे. स्टेन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आईपीएल में गेंदबाजी कोच के रूप में मेरे साथ कुछ साल बिताने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद को बहुत-बहुत धन्यवाद, दुर्भाग्य से, मैं आईपीएल 2025 के लिए वापस नहीं आऊंगा हालांकि, मैं यहां दक्षिण अफ्रीका में एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के साथ काम करना जारी रखूंगा.

### फैसला फीफा विश्व कप 2026 से पहले टीम में बड़ा बदलाव

# इंग्लैंड के मुख्य कोच नियुक्त हुए थॉमस ट्यूशेल

एजेंसी। लंदन



फीफा विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए थॉमस ट्यूशेल को इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है. जर्मनी के ट्यूशेल, जिन्होंने पहले पेरिस सेंट-जर्मेन, चेल्सी और बायर्न म्यूनिख का प्रबंधन किया था, 2026 विश्व कप से पहले जनवरी 2025 में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे. इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा कि जुलाई में यूरोपीय चैम्पियनशिप के बाद पद छोड़ने वाले गैरेथ साउथगेट की जगह लेने के लिए व्यापक तलाश के बाद ट्यूशेल को चुना गया. ट्यूशेल ने जर्मनी, फ्रांस और इंग्लैंड में प्रमुख ट्रॉफी जीतीं और दिवंगत स्वेन-गोरान एरिक्सन और फैबियो कैपेलो के बाद इंग्लैंड के तीसरे विदेशी कोच हैं. वह इंग्लैंड के सबसे सफल कोचों में से एक साउथगेट का स्थान लेंगे, जिन्होंने देश को बैक-टू-बैक यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचाया. यूरो 2024 के फाइनल में स्पेन से हार के बाद साउथगेट ने आठ साल बाद पद छोड़ दिया. एफए ने कहा कि उसने ट्यूशेल पर फैसला करने से पहले कई उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था. ट्यूशेल ने 2021 में चेल्सी को चैंपियंस लीग खिताब दिलाने के दौरान यूरोपीय क्लब फुटबॉल का सबसे बड़ा पुरस्कार जीता. उन्होंने फ्रांस में पीएसजी और जर्मनी में बायर्न के साथ लीग खिताब जीते हैं. पिछले सीजन के अंत में बायर्न छोड़ने के बाद उन्होंने इंग्लैंड की नौकरी संभाली. 51 वर्षीय ट्यूशेल एफए के उस कोच को नियुक्त करने के दायरे में फिट बैठते हैं, जिसने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है और चेल्सी के साथ अपने समय के बाद अंग्रेजी खेल को भी जानता है.एफए ने जुलाई में कहा था कि उसे इंग्लिश फुटबॉल का अच्छा अनुभव रखने वाला और प्रीमियर लीग और/ या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला कोई व्यक्ति चाहिए. उसने यह भी कहा कि नया कोच टीम को एक बड़ा टूर्नामेंट जीतने और लगातार दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक के रूप में रैंक करने के लिए विकसित करेगा. चेल्सी के मैनेजर के रूप में, ट्यूशेल ने पद संभालने के कुछ ही महीनों के भीतर क्लब को चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था. उन्होंने प्रीमियर लीग क्लब के साथ यूईएफए सुपर कप और क्लब विश्व कप भी जीता. इंग्लैंड की एकमात्र बड़ी ट्रॉफी 1966 में विश्व कप थी.

### राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024 के ड्रॉफ्ट पर की बैठक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024 के ड्राफ्ट पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठनों (एनएसपीओ) के साथ अंशधारकों के साथ बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और मिशन ओलंपिक सेल तथा केंद्रीय मंत्रालयों के खेल नियंत्रण बोर्डों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे. एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि युवा मामले और खेल मंत्रालय ड्रॉफ्ट विधेयक के अंतिम रूप लेने की दिशा में आगे बढ़ने तक विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत जारी रखेगा.

# स्टीवन स्मिथ, मिचेल स्टार्क न्यू साउथ वेल्स टीम में शामिल

एजेंसी। सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट स्टार स्टीवन स्मिथ और मिचेल स्टार्क तीन साल से अधिक समय में अपना पहला शेफील्ड शील्ड मैच खेलेंगे. दोनों को रविवार को एमसीजी में विक्टोरिया के खिलाफ 2024/25 शेफील्ड शील्ड के दूसरे दौर के लिए 13 खिलाड़ियों वाली न्यू साउथ वेल्स टीम में शामिल किया गया है. स्टीव स्मिथ और स्टार्क, नाथन लियोन के साथ टीम में शामिल होंगे, जिसमें विश्व कप विजेता सीन एबॉट और पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज जैक्सन बर्ड भी शामिल हैं. मोइसेस हेनरिक्स टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें जोश फिलिप, ओली डेविस और सैम कोंस्टास भी शामिल हैं. स्टार्क ने आखिरी बार 20/21 सीज़न के फाइनल में एनएसडब्लू के लिए शील्ड खेला था, जहां टीम क्वींसलैंड से हार गई थी, जबकि स्मिथ ने आखिरी बार 19/20 गर्मियों में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था. एनएसडब्ल्यू के चयनकर्ताओं ने यह भी कहा कि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को शील्ड मैच के लिए नहीं चुना गया था.

**न्यू साउथ वेल्स टीम:** सीन एबॉट, जैक्सन बर्ड, ओली डेविस, जैक एडवर्ड्स, मोइसेस हेनरिक्स, सैम कोंस्टस, नाथन लियोन, निक मैडिनसन, जैक निस्बेट, जोश फिलिप, तनवीर संघा, स्टीवन स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

## ब्रीफ खबरें

### पिटाई मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के बंजरिया अंचल स्थित उत्क्रमित उवि सिसवा ऊर्दू के एक बीपीएससी शिक्षिका के साथ किये गये मारपीट व अभद्र व्यवहार के आरोप में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार को निलंबित किया गया है. इस मामले में महिला थाना में दर्ज प्राथमिकी के मुख्य आरोपी नियोजित सहायक शिक्षक आसिफ रजा को निलंबित करने को लेकर प्रखंड नियोजन इकाई को पत्र भेजा गया है. इस आशय की जानकारी डीपीओ स्थापना साहेब आलम ने दी है.

### दो शिक्षिका का एक दिन का वेतन कटा

**वैशाली ।** सरकार स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक एवं शिक्षिका की बहाली करती है. लेकिन, पढ़ाने वाले मोबाइल चलाते हुए नजर दिखते हैं. पूरा मामला वैशाली जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुलजारबाग उर्दू गोरौल का है. यहां पढ़ाने वाले दो शिक्षिका का एक दिन का वेतन विभाग ने काट लिया गया है. बताया गया है बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुलजारबाग उर्दू का निरीक्षण करने अधिकारी स्कूल में पहुंचे थे. निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने क्लास में बैठी दो शिक्षिका को मोबाइल चलाते हुए देखा. इसके बाद अधिकारी ने बड़ी कार्रवाई कर दी.

### एसएचओ का पार्थिव शरीर पहुंचा सदर थाना

**सीतामढ़ी ।** सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाने के एसएचओ कुंदन कुमार का पार्थिव शव गुरुवार को पटना जाने के दौरान में सदर थाना में पहुंचा. बता दें कि बुधवार देर रात को बैरगनिया थाना प्रभारी कुंदन कुमार का शव थाना परिसर के आवास में फंदे से लटका मिला था. उसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराए जाने के बाद सीतामढ़ी से उनके घर पटना जिले के विक्रम थाना क्षेत्र के लिए रवाना किया गया. इस दौरान उनका शव मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना पर भी लाया गया और करीब 20 मिनट तक अंतिम दर्शन के लिए रखा गया. कुंदन 2009 बैच के पुलिस अधिकारी थे.




## बिहार के डीजीपी आलोक राज ने घटना की पुष्टि की

# सरकार ने माना शराब से हुई 25 मौतें, अब तक 12 गिरफ्तार


डीजीपी आलोक राज

**संवाददाता । पटना**

सीवान और छपरा में जहरीली शराब से 25 मौतें हुई हैं. सरकार ने यह मान लिया है. आधिकारिक रूप से यह आंकड़ा बताया गया है. गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए डीजीपी आलोक राज ने इस घटना को लेकर कहा कि निश्चित तौर पर चूक हुई है. जिन लोगों की संलिप्तता है उन पर कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही डीजीपी ने पुष्टि कर दी है कि सीवान में 20 और छपरा में पांच लोगों की जान गई है.

डीजीपी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है. उन्होंने यह भी कहा कि इन माफिया पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी. निर्माण, भंडारण, सप्लाई करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी. पटना से मद्य निषेध विभाग के सचिव और मद्य निषेध विभाग के पुलिस अधीक्षक को भी क्षेत्र में भेजा गया है. इन लोगों को निर्देश दिया गया है कि समस्याओं को देखें और एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें ताकि सब पर कार्रवाई हो सके.

**जांच के लिए एसआईटी का हुआ गठन :** डीजीपी आलोक राज ने कहा कि जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. इस सवाल पर कि पर्व-त्योहार के दौरान इस तरीके की घटना हो रही है तो उन्होंने चूक होने की बात को स्वीकार कर लिया. कहा कि जिन लोगों के कारण यह चूक हो रही है उन्हें चिह्नित कर उचित कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ विभागीय अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश दिया गया है कि कार्रवाई की जाए. जो दोषी हैं उनको बक्सा नहीं जाएगा. बता दें कि जहरीली शराब से छपरा और सीवान में हुई मौतों को लेकर सरकार पर विपक्ष हमलावर है. तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि जेडीयू के लोग ही शराब की होम डिलीवरी करवा रहे हैं.

## जहरीली शराब कांड पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले-

## जांच कर कड़ी कार्रवाई करें एडीजी

**पटना ।** सारण और सीवान में जहरीली शराब कांड को सीएम नीतीश कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. सीएम ने पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की. इसके मुख्यमंत्री ने मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के सचिव को निर्देश दिया कि वह घटनास्थल पर जाकर पूरी स्थिति की जानकारी लेकर सभी बिन्दुओं पर सघन जांच करें. मुख्यमंत्री ने एडीजी (प्रोहिबिशन) की पूरी टीम को घटनास्थल पर जाकर उसकी सघन जांच कर इस कांड में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि पूरे घटनाक्रम की अपने स्तर से लगातार मॉनिटरिंग करते रहें और इस घटना के लिये जो भी दोषी हों उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शराब पीना बुरी बात है, यह लोगों को समझना चाहिये. शराब पीने से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है बल्कि परिवार और समाज में अशांति का माहौल भी उत्पन्न होता है. राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू है. इसका सभी लोग पालन कर रहे हैं. कुछ असामाजिक तत्व समाज में अशांति पैदा करना चाहते हैं. उनसे लोग सतर्क रहें.



## जमुई में शराब कांड पर खूब बोले राजद नेता तेजस्वी यादव, कहा-

# जदयू के लोग ही शराब की होम डिलीवरी कराते हैं

**संवाददाता । जमुई**

'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम'' के तहत जमुई पहुंचे तेजस्वी यादव गुरुवार को एनडीए सरकार पर जमकर बरसे. तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 27 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई. नीतीश कुमार चुप हैं. कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई. 27 लोगों की हत्या की गई. किसी बड़े अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने सवाल उठाया कि बिहार में किस तरह की शराबबंदी है? कहा कि जेडीयू के लोग शराब की होम डिलीवरी कराते हैं. शराब माफिया को सत्ता का संरक्षण है. बिहार में हर जगह शराब उपलब्ध है.



पुलिस को सब पता रहता है. भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है. मीडिया से सीएम बात नहीं करते. जहरीली शराब से जितने लोग मरे सीएम नीतीश को इसको लेकर कम से कम संवेदना तो प्रकट करनी चाहिए? वह भी नहीं कर रहे हैं. समीक्षा बैठक के नाम पर ढोंग करते हैं. नीतीश की चिंता भी मुझे है. हम सम्मान उनका करते हैं. उनको कुछ खिलाया-पिलाया जा रहा है. डबल इंजन की सरकार फेल हो चुकी है : आगे नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीतीश के हाथ में बिहार सुरक्षित नहीं है. डबल इंजन सरकार फेल हो चुकी है. दो-दो डिप्टी सीएम हैं. 10 महीने में दोनों की कोई उपलब्धि नहीं है. सत्ता की मलाई बीजेपी जेडीयू बस खाना चाहती है. 10 महीने बिहार में इस एनडीए सरकार को हो गए, एक भी रोजगार नहीं दिया गया. यह बीजेपी सिर्फ अपनी चिंता करती है. जोड़-तोड़कर सरकार बनाती है.

**हम लोग चाहते हैं बिहार नशा मुक्त हो :** तेजस्वी ने कहा कि हम लोग चाहते हैं बिहार नशा मुक्त हो. शराबबंदी है लेकिन शराब मिल रही है. ऑल पार्टी मीटिंग हो कि कैसे शराबबंदी को जमीन पर मजबूत किया जाए.

## गोपालगंज में भी शराब से एक की मौत, एक की हालत नाजुक

**संवाददाता । गोपालगंज**

सीवान और सारण जिले के बाद गोपालगंज में भी शराब पीने से पिता-पुत्र बीमार हो गए हैं. जिसमें पिता की इलाज के दौरान गोरखपुर में मौत हो गई है वहीं पुत्र की हालत भी नाजुक बताई जा रही है. घटना गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंधौली गांव की है. लालदेव मांझी और उनका पुत्र प्रदीप मांझी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया. वहीं इलाज के दौरान ही लालदेव मांझी की मौत की खबर आ रही है. बताया जाता है कि दोनों पिता पुत्र पशु का कारोबार करते हैं. बुधवार की देर शाम सारण से लौटते समय सीमावर्ती बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंधौली गांव के पास शराब का सेवन किया था, जिसके बाद से बेचैनी बढ़ी और आंखों की रोशनी जाने लगी. हालांकि प्रशासन ने शराब से बीमार होने की पुष्टि नहीं की है.



### 21 बोतल विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार को झारखंड से आनेवाली हर छोटी और बड़ी वाहनों की जांच की जा रही थी. इसी दौरान यात्री बस में विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में उत्पाद अवर निरीक्षक संगम कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान यात्री बस से ब्लेंडर स्प्राइट कंपनी के 21 बोतल विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार कारोबारी की पहचान वैशाली जिले के भगवानपुर निवासी पप्पू कुमार के रूप में की गई है. गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

## अनियंत्रित बस पानी भरे गड्ढे में गिरी

**संवाददाता । खगड़िया**

खगड़िया जिले के अलौली थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिर गई. बस दुर्घटना के बाद वहां लोगों की चीख-पुकार मच गई. हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. घटना की सूचना मिलते ही अलौली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और गड्ढे में फंसे यात्रियों को निकालने में जुट गई, जो 6 यात्रियों को सुरक्षित निकालने में कामयाब हुई. पुलिस ने पानी में घुसकर बस के अंदर जाकर अन्य यात्रियों को ढूंढने की कोशिश की मगर बस में कोई भी यात्री नहीं मिला. बताया जाता है कि गुरुवार सुबह एक यात्री बस खगड़िया से बस स्टैंड से यात्री को लेकर अलौली के लिए निकली थी. इसी दरम्यान बस अलौली थाना क्षेत्र में प्रवेश की. बस तेज गति से जा रही थी, इसी बीच वो बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई. हालांकि गड्ढे में पानी कम था जिसके कारण बस पर सवार सभी यात्री सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे. इस घटना के बाद किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन हादसे के बाद ड्राइवर और खलासी दोनों फरार हो गए. वहीं अलौली थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि खगड़िया बस स्टैंड से एक यात्री बस अलौली के लिए आ रही थी. इसी बीच अनियंत्रित हो गई, जिसके करण सड़क किनारे एक गड्ढे में गिर गई.



## कारोबार

### सेंसेक्स 494 अंक की गिरावट के साथ हुआ बंद

**नयी दिल्ली ।** सेंसेक्स गुरुवार को 494 अंक की गिरावट के साथ 81,006 के स्तर पर बंद हुआ. निफ्टी भी 221 अंक गिरा, ये 24,749 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं, बीएसई स्मॉल कैप 814 अंक गिरकर 56,589 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में तेजी रही. निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में गिरावट और 9 में तेजी रही. वहीं एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल व आईसीआईसीआई बैंक ने बाजार को सबसे ज्यादा नीचे गिराया. जबकि, इंफोसिस, लार्सन एंड टुब्रो और टेक महिंद्रा ने बाजार को ऊपर खींचा.

### 76,713 के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

**नयी दिल्ली ।** सोना गुरुवार को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 160 रुपए बढ़कर 76,713 रुपए पर पहुंच गया. इससे एक दिन पहले इसके दाम 76,553 रुपए प्रति दस ग्राम थे. हालांकि, चांदी की कीमत में गिरावट है. ये 944 रुपए गिरकर 90,568 रुपए प्रति किलो हो गई. इससे एक दिन पहले चांदी 91,512 रुपए पर थी. इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है.

### बंधन लाइफ व बंधन बैंक ने की साझेदारी

**रांची/जमशेदपुर ।** बंधन लाइफ और बंधन बैंक ने जीवन बीमा योजनाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है. इस साझेदारी का शुभारंभ दो नए प्लान्स : आई-गारंटी विश्वास, गारंटीड लाभ वाली एक बचत बीमा प्लान, और आई-इन्वेस्ट2, अक्टूबर 2024 से ये प्लान्स बिहार और झारखंड में बंधन बैंक की 181 शाखाओं पर उपलब्ध होंगे. आने वाले सप्ताहों में कई नए प्लान्स जैसे 'शुभ समृद्धि' और अन्य बचत प्लान्स को शामिल किए जाने के साथ प्लान्स के पोर्टफोलियो का और भी विस्तार किया जायेगा. सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा, यह साझेदारी हमारे बीमा प्लान्स को और अधिक सुलभ बनाने में हमारी मदद करेगी.

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी बढ़ी

# 2018 से अब तक 209% का इजाफा

- शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था. उनके कार्यकाल में विदेशी मुद्रा में भी 78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है, वहीं फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में सोने की हिस्सेदारी में भी बड़ा इजाफा हुआ है. सोने की हिस्सेदारी 2018 से अब तक 209 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, भारत का स्वर्ण भंडार 4 अक्टूबर तक 65.76 बिलियन डॉलर है, जबकि 7 दिसंबर 2018 को यह 21.15 बिलियन डॉलर था. शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था. उनके कार्यकाल में विदेशी मुद्रा में भी 78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है.

भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7 दिसंबर, 2018 को 393.735 बिलियन डॉलर की तुलना में इस वर्ष 4 अक्टूबर को 701.176 बिलियन डॉलर हो गया है. केंद्रीय बैंक की विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में रिजर्व बैंक की सोने की होल्डिंग 27.46 मीट्रिक टन बढ़कर 822.10 मीट्रिक टन हो गई. आरबीआई ने इस वर्ष ब्रिटेन से 100 टन से अधिक सोना भी देश में मंगवाया है. मूल्य के संदर्भ में देखें तो टोटल फॉरेन एक्सचेंज में सोने की हिस्सेदारी मार्च 2023 के अंत तक लगभग 7.81 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 के अंत तक लगभग 8.15 प्रतिशत हो गई. कुल स्वर्ण भंडार में से 408.31 मीट्रिक टन घरेलू स्तर पर रखा गया, जबकि 387.26 मीट्रिक टन बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास सुरक्षित रखा गया.

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, बुधवार को एमसीएक्स में सोने की कीमत 350 रुपये की बढ़त के साथ ऊंची रही, जबकि कॉमेक्स सोना 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 2,675 डॉलर से ऊपर कारोबार कर रहा था. ट्रेडर्स को उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती को लेकर कायम रहेगा. इससे येलो मेटल के प्रति तेजी का माहौल बना हुआ है, जो सितंबर में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था. तब से सोना 2,600 डॉलर प्रति औंस के निम्न से मध्यम स्तर पर स्थिर हो रहा है, क्योंकि व्यापारियों को फेड की ओर से ब्याज दरों में कम कटौती की आशंका बनी हुई है. मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक स्थिति ने सोने की सुरक्षित मांग को और बढ़ा दिया है, जिससे इसकी गति में तेजी आई है.




# मेटा ने वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम में की कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने अपनी अलग-अलग यूनिट्स में कर्मचारियों की छंटनी की है. मेटा ने वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और कई दूसरी टीम में कर्मचारियों की छंटनी की है. गुरुवार को आई एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. मेटा की ओर से फिलहाल कर्मचारियों की छंटनी को लेकर किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है. कंपनी की ओर से कितने कर्मचारियों को छंटनी प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है, इसकी जानकारी भी अभी साफ नहीं हो पाई है. टेकक्रंच को दिए गए एक बयान में कंपनी ने पुष्टि की कि कई टीमों में छंटनी की गई है. मेटा के प्रवक्ता ने बयान में मेटा ने बताया कि कंपनी अपने लॉन्ग टाइम स्ट्रैटेजिक टारगेट और लोकेशन स्ट्रैटेजी संग तालमेल बिठाने के लिए कुछ टीमों में बदलाव कर रही है.




प्रवक्ता ने कहा, इसमें कुछ टीमों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाना और कुछ कर्मचारियों को अलग-अलग भूमिकाएं सौंपना शामिल है. ऐसी स्थितियों में जब कोई भूमिका समाप्त हो जाती है, तो हम प्रभावित कर्मचारियों के लिए अन्य अवसर खोजने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं. कई रिपोर्ट के अनुसार, रियलिटी लैब्स, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप पर काम करने वाले कई कर्मचारी इस छंटनी का शिकार हुए हैं. मेटा के कई कर्मचारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह घोषणा की कि उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है. थ्रेड्स टीम का हिस्सा रहीं जेन मंचुन वोंग ने पोस्ट किया: "मैं अभी भी इस पर विचार कर रही हूं, लेकिन मुझे बताया गया है कि मेटा में मेरी भूमिका प्रभावित हुई है. मेटा में मेरी शानदार यात्रा के लिए सभी का खास तौर पर थ्रेड्स और इंस्टाग्राम टीम के साथियों का धन्यवाद. उन्होंने थ्रेड्स पर लिखा, "यदि कोई भी व्यक्ति हमारे साथ मिलकर काम करने में रुचि रखता है, खासकर सॉफ्टवेयर/सुरक्षा इंजीनियरिंग पर, तो कृपया मेरे ईमेल, लिंक्डइन आदि के माध्यम से मुझसे संपर्क करें, जैसा कि मेरी व्यक्तिगत वेबसाइट पर बताया गया है. इस वर्ष की शुरुआत में, मेटा ने अपने रियलिटी लैब्स डिवीजन से कर्मचारियों को निकाल दिया था. मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित सोशल मीडिया कंपनी ने सबसे पहले 2022 में 11,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला था.

## भारत में एक्टिव जनरेटिव एआई स्टार्टअप की संख्या 260 % बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** भारत में जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेन एआई) स्टार्टअप की संख्या कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में 260 प्रतिशत बढ़कर 240 हो गई है. एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. टेक उद्योग निकाय नैसकॉम की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की पहली छमाही की तुलना में 2024 की पहली छमाही में जनरेटिव एआई स्टार्टअप की संख्या 260 प्रतिशत बढ़ी है. पिछले साल समान अवधि में केवल 66 जनरेटिव एआई स्टार्टअप थे. स्टार्टअप की संख्या तेजी से बढ़ने के कारण भारत का जनरेटिव एआई स्टार्टअप इकोसिस्टम दुनिया में छठवें स्थान पर पहुंच गया है.


## मनीव्यू ने एक सर्वे रिपोर्ट में बताया

# 10 में से सात भारतीय गोल्ड को मानते हैं सुरक्षित निवेश

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

हर 10 में सात भारतीय सोने (गोल्ड) को सुरक्षित निवेश मानते हैं. साथ ही उनका कहना है कि सोने में निवेश से उनकी बचत करने की आदत पर सकारात्मक असर हुआ है. यह जानकारी एक सर्वे रिपोर्ट में दी गई. मनीव्यू के मुताबिक, सर्वे में भाग लेने वाले 3,000 में से 85 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वेल्थ क्रिएट करने के लिए सोना एक जरूरी एसेट है. इसकी वजह सोना का लगातार रिटर्न देना और उसकी वैल्यू हमेशा बने रहना है. सर्वे में आगे बताया गया कि 25 से 40 वर्ष के निवेशक फिजिकल के साथ डिजिटल तरीके से भी सोने में निवेश कर रहे हैं. यह उनकी रिटायरमेंट और लंबी-अवधि की बचत की रणनीति का हिस्सा है.

आज के डिजिटल युग में निवेश के लिए सोने की तरफ अधिक रुझान होने की वजह टेक प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से सोने में निवेश के अवसर मिलना है. सर्वे में आगे बताया गया कि शुद्धता की गारंटी, बीमाकृत भंडारण, एसआईपी विकल्पों की उपलब्धता और आसानी से निवेश के कारण भी डिजिटल तरीके से लोग सोने में निवेश कर रहे हैं. सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, 35 वर्ष से कम के 75 प्रतिशत लोग सोने में निवेश के लिए फिजिकल की अपेक्षा डिजिटल को अधिक महत्व दे रहे हैं. इसकी वजह तरलता और निवेश की आसान सुविधा होना है. सर्वे में भाग लेने वालों में 50 प्रतिशत से अधिक का मानना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आंशिक मात्रा में सोना खरीदने की क्षमता सबसे आकर्षक सुविधाओं में से एक है, जो उन्हें अपनी निवेश आदतों को बदलने के लिए प्रेरित करती है. सर्वे में शामिल लगभग 65 प्रतिशत मिलेनियल्स ने इसकी पहुंच और सुविधा में आसानी के कारण डिजिटल सोने को प्राथमिकता दी.



**मिली सफलता** प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को कहा

# मानेसर प्लांट ने 1 करोड़ यूनिट का रिकॉर्ड उत्पादन किया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि कंपनी ने हरियाणा के मानेसर प्लांट में एक करोड़ उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है. कंपनी ने एक बयान में कहा कि मात्र 18 वर्षों में ही सुजुकी का वैश्विक ऑटोमोबाइल विनिर्माण प्लांट सबसे तेज गति से आगे बढ़ा है.

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा, इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल कर, मैं अपने ग्राहकों को शुक्रिया कहना चाहता हूं, जिन्होंने हम पर भरोसा जताया. मैं अपने सभी कर्मचारियों, व्यापारिक सहयोगियों और भारत सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं. 600 एकड़ में फैले मानेसर प्लांट ने अक्टूबर 2006 में परिचालन शुरू किया था. कंपनी इस प्लांट में ब्रेजा, अर्टिगा, एक्सएल6, सियाज, डिजायर, वैगन आर, एस-प्रेसो और सेलेरियो बनाती है. मारुति सुजुकी इंडिया के अनुसार, इन मॉडल्स को घरेलू बाजार में बेचा जाता है और लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया के पड़ोसी देशों जैसे क्षेत्रों में निर्यात किया जाता है. जापान को निर्यात की जाने वाली मारुति सुजुकी की पहली यात्री कार, बलेनो, भी इसी कारखाने में निर्मित की गई थी. ताकेउची ने कहा कि मानेसर प्लांट की यह उपलब्धि भारत की विनिर्माण क्षमता और 'मेक इन इंडिया' के बड़े राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है. ऑटोमेकर के सीईओ ने कहा, कंपोनेंट्स के स्थानीय विनिर्माण पर जोर देने के साथ ही, कंपनी ने शुरुआत से ही भारत में एक विशाल सप्लाई चेन स्थापित करने में सफलता पाई है.

अपनी बड़े पैमाने की विनिर्माण सुविधाओं के जरिए, हम लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करने में सक्षम रहे हैं. मारुति सुजुकी की कुल उत्पादन क्षमता लगभग 2.35 मिलियन यूनिट प्रति वर्ष है. स्थापना के बाद से, कंपनी ने इस वर्ष 6 अक्टूबर तक 3.11 करोड़ से अधिक वाहनों का उत्पादन किया है. अगस्त में मारुति सुजुकी इंडिया ने 184,727 वाहन बेचे, जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेची गई 181,343 इकाइयों से ज्यादा है. इस आंकड़े में 148,061 इकाइयों की घरेलू बिक्री, 8,938 इकाइयों की ओईएम को बिक्री और 27,728 इकाइयों का निर्यात शामिल है.



## न्यूज अपडेट

### सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत

**लखनऊ।** यूपी के मथुरा में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ. हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए. प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. मृतकों में दो महिला और दो बच्चे भी शामिल हैं. सभी मृतक और घायल बिहार के गया जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं.

### लेबनान में अब तक 2,367 की मौत

**बेरूत।** लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण उनके देश में 2,367 लोग मारे गए हैं. वहीं 11,088 घायल हो गए हैं. ये आंकड़ा 8 अक्टूबर 2023 से अब तक का है. 15 अक्टूबर को लेबनान में हुए इजरायली हवाई हमलों में मृतकों की संख्या 17 और घायलों की संख्या 182 हो गई. दक्षिण में तीन लोग मारे गए और 92 लोग घायल हो गए. नबातियेह प्रांत में नौ लोग मारे गए और 49 घायल हो गए. वहीं, बेका घाटी में पांच लोग मारे गए और 26 लोग घायल हो गए.

### मिस्र ने लेबनान को मानवीय मदद भेजी

**काहिरा।** मिस्र ने इजराइली आक्रमण के बीच लेबनान को सहायता प्रदान करने के लिए 22 टन मानवीय सहायता से भरा एक विमान भेजा है. बुधवार को बेरूत हवाई अड्डे पर पहुंची सहायता में भोजन और अन्य राहत सामग्री शामिल थी. इस सहायता को विस्थापितों तक पहुंचाया गया ताकि उन्हें थोड़ी राहत मिल सके. इजराइली सेना 23 सितंबर से लेबनान पर हमले कर रही है, जिसमें हिजबुल्लाह को भारी क्षति हुई है तथा बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हुए हैं.

### किश्तवाड़ में 68 घर खाक, मदद मांगी

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मुलवाड़वान गांव में मंगलवार दोपहर लगी आग में 68 घर जलकर खाक हो गए. इस हादसे के बाद पीड़ितों ने मदद की गुहार लगाई है. उनका कहना है कि उनका अधिकांश सामान जलकर राख हो गया है. यह बहुत कठिन समय है. सरकार को हमारी मदद करनी चाहिए. स्थानीय लोग राहत सामग्री और सरकार से सहायता की उम्मीद कर रहे हैं. उनक गुजारिश है कि प्रभावित परिवारों को आर्थिक लाभ दिया जाए, उनके लिए आवास की व्यवस्था की जाए.

### पेरू की जेल में आग से पांच की मौत

**लीमा।** पेरू के शहर हुआंकायो की एक जेल में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 से ज्यादा घायल हो गए. नेशनल पेनिटेंटरी इंस्टीट्यूट ने बुधवार को बताया कि आग मंगलवार को स्थानीय समयानुसार रात 9:30 बजे हुआंकायो जेल के पवेलियन दो के शू वर्कशॉप में लगी. इसके कारण पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई. स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, पवेलियन दो के कैदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है. आग के कारणों की जांच की जा रही है.

### चिली में खदान दुर्घटना, दो की मौत

**सैंटियागो।** उत्तरी चिली में एक खदान में हुई दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं दो अन्य के घायल होने की खबर है. चिली की राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को सैंटियागो की राजधानी से 800 किलोमीटर उत्तर के काल्डेरा कम्यून स्थित ला कोंडेसा खदान में हुई. दोनों घायलों को उपचार के लिए कोपियापो के एक चिकित्सा केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया है. इससे पहले 30 जून 2023 को चिली में कोडेल्को की एल टेनिएंटे खदान में दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी.

### 30 लाख सूडान से कर चुके पलायन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के अनुसार 18 महीने के युद्ध के बाद लगभग 30 लाख शरणार्थी और वापस लौटे सूडान के लोग देश छोड़कर सुरक्षा की तलाश में पड़ोसी देशों और अन्य स्थानों पर पलायन कर चुके हैं. ये लोग मुख्य रूप से मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया, लीबिया, दक्षिण सूडान और युगांडा की शरण ले रहे हैं. मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वह सूडान के कई हिस्सों में संघर्ष के कारण लोगों के लगातार विस्थापित होने को लेकर बहुत चिंतित है.

### रक्षा मंत्रालय को 6 करोड़ का राजस्व

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने 6 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया. खास बात यह है कि यह राजस्व अनावश्यक वस्तुओं के निपटान से अर्जित किया गया है. रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले रक्षा उत्पादन विभाग (डीडीपी) द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इस स्वच्छता अभियान के कारण जहां करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, वहीं लाखों स्क्वायर फीट स्थान भी बेकार पड़े सामान से मुक्त हुआ है. रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों और संबद्ध कार्यालयों में स्वच्छता नियम लागू किये गये है.

### हरियाणा का महाराष्ट्र पर असर नहीं

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि हरियाणा के चुनावों के नतीजों का असर अगले महीने होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों पर नहीं पड़ेगा. हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद इंडिया गठबंधन की महाराष्ट्र चुनाव को लेकर रणनीति पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए पवार ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार थी, जिसकी वजह से वह सत्ता में दोबारा आने में कामयाब रही. देश के लिए जम्मू-कश्मीर चुनाव के नतीजे ज्यादा मायने रखते हैं.

20 अक्टूबर के बाद भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी पर भी इस तूफान का असर दिखेगा

# बंगाल की खाड़ी में तूफान, ओडिशा सहित तीन राज्यों की तरफ बढ़ा खतरा

लगातार न्यूज नेटवर्क

मॉनसून की विदाई के साथ-साथ कई राज्यों में बारिश का दौर भी जारी है. तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में पिछले तीन दिन लगातार बारिश हुई. अब भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी ने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में अगले तीन दिनों के लिए भारी बारिश और चक्रवात का अनुमान जताया है. आईएमडी भुवनेश्वर की डायरेक्टर मनोरमा मोहंती ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में एक तूफान उठा है. ये तूफान तेजी से ओडिशा की तरफ बढ़ रहा है. 18 अक्टूबर से राज्य में हल्की बारिश हो सकती है, लेकिन 20 अक्टूबर के बाद भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है. आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी पर भी इस तूफान का असर दिखेगा. बंगाल की खाड़ी आमतौर पर अक्टूबर के महीने में चक्रवातों का निर्माण करती है, जो ज्यादातर समय ओडिशा को प्रभावित करते हैं. मोहंती ने न्यूज एजेंसी एनएनआई से कहा कि 20 अक्टूबर के आसपास उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर एक चक्रवात बनने की संभावना है. इसके प्रभाव से 22 अक्टूबर के आसपास मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र भी बन सकता है.

**ओडिशा में 23 से 25 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान का अनुमान :** मनोरमा मोहंती कहती हैं कि ये साइक्लोनिक सर्कुलेशन उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़कर तेज हो सकता है. इसलिए ओडिशा में 23, 24 और 25 अक्टूबर के दौरान भारी बारिश की गतिविधि और चक्रवाती तूफान का अनुमान है. आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और उत्तरी पुदुचेरी में भी इस चक्रवात का असर दिख सकते है. आईएमडी की मानें, तो बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान करीब 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है. इससे चेन्नई समेत तमिलनाडु के कई इलाकों में बारिश हो सकती है. मोहंती ने कहा कि अभी चक्रवात की पोजिशन को लेकर पूर्वानुमान करना जल्दबाजी होगी. आईएमडी लगातार इस सिस्टम की निगरानी कर रहा है.

**10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा तूफान**



### 22 तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा, बांग्लादेश तट से 23 को टकराएगा

मौसम विभाग के पूर्वानुमान में कहा गया है कि 22 अक्टूबर को इस तूफान के बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य में विकसित होने की उम्मीद है, जो आगे और तीव्र होकर 22 अक्टूबर तक लगभग उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा. फिर उत्तर की ओर बढ़ते हुए 23 अक्टूबर तक एक तीव्र चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश तट पर पहुंचेगा. आईएमडी ने अभी तक अपने बुलेटिन में संभावित सिस्टम के बारे में कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया है.

### कर्नाटक के हावेरी जिले में भारी बारिश के बीच नाले में बह गया मासूम

**हावेरी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हावेरी जिले में गुरुवार को एक 12 वर्षीय लड़का उफनते खुले नाले में बह गया. उसकी पहचान हावेरी निवासी निवेदित बसवराज के रूप में हुई है. लड़का सड़क पर बहते पानी को देखने के लिए बाहर गया था और यह नहीं जान पाया कि वहां एक खुला नाला है. उसका पैर फिसला और नाले में बह गया. यह घटना एसपी कार्यालय के सामने हुई. तलाशी अभियान शुरू कर दिया है. घटना की खबर सुनकर पीड़ित की मां की तबीयत बिगड़ गई. महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है.

भाजपा ने सैनी मंत्रिमंडल से की सभी 36 बिरादरी को साधने की कोशिश

# हरियाणा से झारखंड और महाराष्ट्र को दिया 'संदेश'

लगातार न्यूज नेटवर्क

हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार का गठन हो चुका है. गुरुवार को नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सैनी के साथ 13 विधायकों ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली है. इनमें से 6 सैनी की पिछली सरकार में मंत्री रह चुके हैं. सैनी कैबिनेट में भाजपा ने जातीय समीकरण का खासा ख्याल रखा है. हर जाति से 1 या 2 चेहरे को कैबिनेट में जगह देकर अच्छा बैलेंस किया गया है. पार्टी ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता दिलाने वाले सभी अहम जातीय समुदायों के नेताओं को मंत्री बनाया है. ऐसे करके उसने 36 बिरादरी को साधने की कोशिश की है. पार्टी ने हरियाणा में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा की तरह डिप्टी सीएम बनाने का फॉर्मूला नहीं अपनाया है. लेकिन झारखंड और महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर एक जातीय समीकरण को लेकर एक मैसेज जरूर दे दिया है. हरियाणा में 57 साल बाद किसी पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है. 1966 में हरियाणा के गठन के बाद ऐसा पहली बार हुआ है.

**हरियाणा में किस जाति की कितनी आबादी? :** सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज के आंकड़ों के मुताबिक, हरियाणा में जाट समुदाय की आबादी 25 प्रतिशत है. दलित की आबादी 21 प्रतिशत है. पंजाबी यहां 8 प्रतिशत हैं. ब्राह्मण समुदाय की आबादी 7.5 प्रतिशत है. अहीर यहां 5.14 प्रतिशत है. वैश्य की आबादी 5 प्रतिशत है. राजपूत की आबादी 3.4 प्रतिशत है. सैनी की आबादी 2.9 प्रतिशत है. मुस्लिमों की आबादी 3.8 प्रतिशत हैं. हरियाणा की सियासत हमेशा से ही जाट बनाम नॉन जाट पर चलती है. आबादी में जातियों की भागीदारी के हिसाब से देखें तो यहां सबसे ज्यादा जाट बिरादरी के वोटर्स हैं.




**विधानसभा चुनाव में किस जाति ने किस पार्टी को दिए कितने प्रतिशत वोट?**

सीएसडीएस के आंकड़ों के मुताबिक, ब्राह्मण समुदाय ने कांग्रेस को 31 प्रतिशत वोट दिया है. बीजेपी को इस समुदाय के 51 प्रतिशत वोट मिले हैं. इनेलो-बीएसपी गठबंधन को सिर्फ 2 प्रतिशत ब्राह्मण समुदाय का वोट मिला है. जाट समुदाय की बात करें, तो यहां से कांग्रेस को 53 प्रतिशत वोट मिले हैं. बीजेपी को जाट समुदाय से 28 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं. इनेलो-बीएसपी को 6 प्रतिशत वोट मिले हैं. जाटव समुदाय के 50 प्रतिशत वोट कांग्रेस को मिले हैं, जबकि बीजेपी को इस समुदाय से 35 प्रतिशत वोट मिले हैं. मुस्लिम वोट की बात करें, तो 59 प्रतिशत वोट कांग्रेस के खाते में गए हैं. सिर्फ 7 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने भाजपा के लिए वोट किया है. गुर्जर समुदाय में 44 प्रतिशत वोट कांग्रेस के नाम गए हैं. 37 प्रतिशत वोट भाजपा को मिले हैं. अन्य सवर्ण जातियों के 22 प्रतिशत वोट कांग्रेस को और 59 प्रतिशत वोट बीजेपी को हासिल हुए हैं.

### जातीय समीकरण साध कर दिया 'खास संदेश'

हरियाणा में नायब सिंह सैनी के कैबिनेट में जातीय समीकरण का बैलेंस दिखाते हुए बीजेपी ने झारखंड और महाराष्ट्र में भी एक मैसेज दिया है. दोनों राज्यों में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होने हैं. महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग है. झारखंड में दो फेज में 13 और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे.

# पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के आरोपी को जमानत

एजेंसी। भोपाल

- लेकिन हाईकोर्ट ने रखी अनोखी शर्त, केस समाप्त होने तक पहले व चौथे मंगलवार को थाने में हाजिरी लगानी होगी
- तिरंगे के सामने खड़े होकर 21 बार सलामी देनी होगी और साथ ही 'भारत माता की जय' का नारा भी लगाना होगा




मध्य प्रदेश में मई महीने में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें फैसल खान उर्फ फैजान नामक एक युवक को 'पाकिस्तान जिंदाबाद' और 'भारत मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए देखा गया था. इस मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिसे बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी.

एडवोकेट हाशिम खान ने बताया कि जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल ने फैसल को निर्देश दिया है कि उसे केस समाप्त होने तक हर महीने के पहले और चौथे मंगलवार को मिसरोद थाना भोपाल में हाजिरी लगानी होगी. कोर्ट के आदेश के अनुसार, फैसल को वहां लगे तिरंगे के सामने खड़े होकर 21 बार सलामी देनी होगी और साथ ही 'भारत माता की जय' का नारा भी लगाना होगा. उन्होंने बताया कि युवक को हर महीने की पहली और चौथी मंगलवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच थाने पहुंचकर यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी. उसे 50 हजार रुपये के बांड पर जमानत दी गई है. कोर्ट ने भोपाल कमिश्नर को इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया है. मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि फैसल के खिलाफ देश विरोधी नारे लगाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था.

# दिल्ली में बढ़ गया वायु प्रदूषण एक्यूआई 'खतरनाक' स्तर पर

एजेंसी। नयी दिल्ली

- लोगों ने कहा, सांस लेने में हो रही तकलीफ, मास्क लगाकर घूमना पड़ रहा



राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान पर काम कर रही है. इस बीच दिल्ली में लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी है. गुरुवार को कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में पहुंच गया. अलीपुर में एक्यूआई 261 दर्ज किया गया है. अशोक विहार में 261, द्वारका सेक्टर-8 में 339, मुंडका में 370, पटपड़गंज में 322 दर्ज किया गया है.

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच तमिलनाडु से दिल्ली आए महावीर ने बताया कि प्रदूषण से बचाव के लिए चेहरे पर मास्क लगाया है. मैंने सुना है कि दिल्ली में अक्टूबर माह में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है. यह अब महसूस भी हो रहा है. मुझे सांस लेने में तकलीफ हो रही है. इसलिए मास्क लगाकर घूमना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि सरकार जो गाइडलाइंस प्रदूषण की रोकथाम के लिए बना रही है, उसे आम लोगों को भी फॉलो करना चाहिए, जिससे प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सके. बता दें कि हाल ही में दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा था करीब तीन माह के बाद वायु की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंची है. इसे देखते हुए ग्रैप-1 लागू कर दिया गया है. वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और गोपाल राय ने दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की थी. इस बैठक के बाद बताया गया था कि धूल प्रदूषण रोकने के लिए 99 टीमें निर्माण स्थलों का निरीक्षण करेंगी.

# बाबा को उनके घर के आसपास शूट करना असंभव लगा तो बदला लोकेशन

लगातार न्यूज नेटवर्क

- **बाबा सिद्दीकी हत्याकांड :** शूटर्स ने जीशान का दफ्तर क्यों चुना, सामने आई बड़ी वजह

बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गुरुवार को एक बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि शूटर्स ने अपनी योजना के तहत लोकेशन में बदलाव किया था.

शूटर्स ने वारदात को अंजाम देने से पहले बाइक से रेकी की थी. रेकी के दौरान शूटर्स ने महसूस किया कि बाबा सिद्दीकी को उनके घर के आसपास शूट करना असंभव है, क्योंकि बाबा हमेशा लोगों से घिरे रहते हैं. इसके अलावा, बांद्रा वेस्ट से उनके लिए निकल भागने का रास्ता भी बहुत मुश्किल था. इस वजह से, बाबा के घर और दफ्तर के आसपास की रेकी करने के बाद शूट आउट का लोकेशन बदलने की योजना बनाई गई. अंत में शूटर्स ने तय किया कि बाबा सिद्दीकी को शूट करने के लिए उनके बेटे जीशान का दफ्तर सही स्थान है. जीशान के दफ्तर से हाईवे भी नजदीक है, जिससे मुंबई अहमदाबाद, मुंबई नासिक और मुंबई पुणे हाईवे पर भागने के लिए तीन रास्ते उपलब्ध थे. इसके बाद, बाबा को जीशान के दफ्तर के बाहर शूट करने की योजना बनाई गई. शूट आउट से पहले ही बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके बाद बाइक को छोड़ सभी आरोपी एक ऑटो के जरिए उस स्थान पर पहुंचे, जहां उन्हें वारदात को अंजाम देना था. शूटर्स ने सेकंड हैंड बाइक 32 हजार रुपये में खरीदी थी. इसी बाइक के जरिए उन्होंने रेकी भी की थी. इस बीच पुलिस की टीम ने गुरुवार तड़के लॉरेंस बिश्नोई व हाशिम बाबा गैंग के शार्प शूटर को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया. पुलिस की कार्रवाई में पैर में गोली लगने से शार्प शूटर घायल हो गया. वहींमुंबई पुलिस ने बुधवार देर रात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े एक शूटर को पानीपत से गिरफ्तार किया.

### 'पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा बुद्ध की महान विरासत का सम्मान'

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विज्ञान भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में कहा कि भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएं जिस पाली भाषा में विरासत के तौर पर विश्व को मिली हैं, उसी पाली भाषा को इसी महीने भारत सरकार ने शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है. पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का ये दर्जा, पाली भाषा का ये सम्मान भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है. हम नए निर्माण के साथ-साथ अपने अतीत को भी सुरक्षित कर रहे हैं. पिछले 10 वर्षों में हम 600 से ज्यादा प्राचीन धरोहरों, कलाकृतियों और अवशेषों को दुनिया के अलग-अलग देशों से वापस भारत लाए हैं.

भारतवंशी कमला को युवा मतदाताओं के बीच भी खासा समर्थन प्राप्त


# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : सर्वे में कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप से आगे

- जनरेशन एक्स के मतदाताओं में, ट्रंप के 48 प्रतिशत की तुलना में हैरिस 51 प्रतिशत के साथ आगे

लगातार न्यूज नेटवर्क

अमेरिका में अगले राष्ट्रपति के लिए चुनावी प्रक्रिया जारी है. डेमोक्रेटिक उम्मीदवार व रिपब्लिकन उम्मीदवार को कांटे की टक्कर बताई जा रही है. अमेरिका में भी पोल सर्वे भी हो रहे हैं. अमेरिका में तीन नए प्रमुख चुनाव सर्वेक्षण हुए हैं. इन चुनाव पूर्व सर्वे में कौन बनेगा अमेरिका का राष्ट्रपति इसके संकेत मिल रहे हैं. संकेत मिलता है कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर मामूली बढ़त बनाए हुई हैं. बता दें कि अमेरिका में आगामी 5 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए जोरों से तैयारी चल रही है.

**क्या कहता है मैरिस्ट कॉलेज पोल :** मैरिस्ट कॉलेज के सर्वेक्षण से पता चलता है कि हैरिस संभावित मतदाताओं के बीच ट्रंप से पांच अंकों से आगे हैं. ट्रंप के 47 प्रतिशत की तुलना में 52 प्रतिशत समर्थन हैरिस को मिलता दिखाई दे रहा है. इस महीने के आरंभ में यह अंतर केवल दो अंकों का बताया जा रहा था. हालांकि, इस सर्वे में रजिस्टर्ड मतदाताओं को देखें तो मुकाबला कांटे का दिखता है. यहां हैरिस के पास 48 प्रतिशत के मुकाबले 51 प्रतिशत की मामूली बढ़त है. उधर, सर्वे का कहना है कि ट्रंप ने इंडिपेंडेंट मतदाताओं के बीच अपनी ताकत दिखाई है. यहां पर ट्रंप हैरिस के 44 प्रतिशत की तुलना में 54 प्रतिशत पर आगे हैं. सर्वे के अनुसार अगर वोटों का और गहन अध्ययन किया जाए तो हैरिस को महिलाओं (57 प्रतिशत से 42 प्रतिशत) और युवा मतदाताओं के बीच महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है, जबकि ट्रंप पुरुषों (53 प्रतिशत से 47 प्रतिशत) के बीच आगे हैं. सर्वे के अनुसार जनरेशन एक्स के मतदाताओं में, ट्रंप के 48 प्रतिशत की तुलना में हैरिस 51 प्रतिशत के साथ आगे हैं. हैरिस को युवा मतदाताओं के बीच भी खासा समर्थन प्राप्त है, जिसमें 53 प्रतिशत जेन ज़ी और मिलेनियल्स उनके पक्ष में हैं.



### मार्क्वेट लॉ स्कूल पोल

मार्क्वेट लॉ स्कूल के एक अलग सर्वेक्षण से पता चलता है कि हैरिस और ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है. ये पोल 1-10 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित किए गए थे. इस सर्वे के अनुसार 48 प्रतिशत संभावित मतदाताओं ने हैरिस को पसंद किया है, जबकि ट्रंप 47 प्रतिशत के साथ मामूली पीछे हैं. जब रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर और जिल स्टीन जैसे अन्य संभावित उम्मीदवारों को भी शामिल करें है, तो हैरिस की बढ़त और कम हो जाती है. ऐसे में, हैरिस को 44 प्रतिशत वोट मिलते हैं, जबकि ट्रंप 41 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर हैं.

### रॉयटर्स/इप्सोस सर्वे

रॉयटर्स/इप्सोस के सर्वे में राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई गई है. इसमें हैरिस ट्रंप पर मामूली 3 प्रतिशत अंक की बढ़त बनाए हुए हैं. संभावित मतदाताओं के बीच हैरिस ट्रंप से 45 प्रतिशत से 42 प्रतिशत के मामूली अंतर से आगे हैं. राजनीतिक चरमपंथ और लोकतंत्र के लिए खतरों से निपटने के मामले में हैरिस ट्रंप से 5 अंक (43 प्रतिशत से 38 प्रतिशत) से आगे हैं. हेल्थ सर्विस पॉलिसी पर भी वह 14 अंकों से आगे हैं. आर्थिक मुद्दों पर ट्रंप हैरिस से 5 अंक (45 फीसदी से 40 फीसदी) से आगे हैं. 46 फीसदी मतदाता हैरिस के बारे में अनुकूल राय रखते हैं, जबकि 42 फीसदी ट्रंप के बारे में भी ऐसा ही सोचते हैं.


**रिपोर्ट** स्वास्थ्य व कल्याण मंत्रालय के बीते साल के आंकड़े में अधिकांश मध्यम आयु वर्ग व वृद्ध पुरुष थे

# दक्षिण कोरिया में 3,600 लोगों की अकेलेपन से मौत

एजेंसी। सोल

एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दक्षिण कोरिया में पिछले साल 3,600 से अधिक लोगों की मौत अकेलेपन के कारण हुई. इनमें से अधिकांश मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध पुरुष थे. रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य और कल्याण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 2023 में अकेलेपन से होने वाली मौतों की संख्या 3,661 हो गई, जो पिछले वर्ष 3,559 थी. यह आंकड़ा दर्शाता है कि पिछले वर्ष दक्षिण कोरिया में हर 100 मौतों में से 1.04 मौतें अकेलेपन के कारण हुई. कोरियाई भाषा में कोडोस्का (अकेलेपन से मौत) वो स्थिति होती है जब कोई इंसान अकेलेपन की वजह से मौत को गले लगा लेता है. वह शख्स सामाजिक तौर पर लोगों से कट जाता है या फिर उम्र संबंधी बीमारी का शिकार हो आत्महत्या कर लेता है. स्वास्थ्य मंत्रालय के कल्याण अधिकारी नोह जंग-हून ने कहा कि ऐसा लगता है कि 20 और 30 की उम्र के लोगों में अकेलेपन से होने वाली मौत, नौकरी पाने में विफलता या नौकरी से निकाल दिए जाने के कारण होती हैं. उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों के लिए उन संगठनों तक पहुंच बनाने की योजना बना रहे हैं जो लोगों को नौकरी दिलाने में मदद करते हैं. साथ ही उनके स्वास्थ्य की स्थिति को सुधारने में मदद करने के उपाय भी करते हैं. मौतों के आंकड़ों की बात करें तो 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में 1,146 मामले सामने आए, 50 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में 1,097 और 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों में 502 मामले सामने आए.

**2023 में अकेलेपन से होने वाली मौतों की संख्या 3,661 हो गई, जो पिछले वर्ष 3,559 थी**



### पुरुषों की संख्या अकेलेपन से होने वाली कुल मौतों में 84.1 प्रतिशत, यह महिलाओं की संख्या से अधिक

रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि पुरुषों की संख्या अकेलेपन के कारण होने वाली कुल मौतों में 84.1 प्रतिशत है, जो महिलाओं की संख्या से काफी अधिक है. इस बीच, 2023 में अकेलेपन के कारण होने वाली कुल मौतों में आत्महत्या करने वालों की संख्या 14.1 प्रतिशत थी, जो 2021 में 17.3 प्रतिशत से थोड़ी कम है. हालांकि 2022 में आत्महत्या करने वालों की दर 59.5 फीसदी था और 2023 में ये दर 71.7 प्रतिशत था. इनकी उम्र 20 वर्ष से ऊपर थी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)